हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## इधर... अयोध्या में उमड़ पड़ा आस्था का 'सैलाब', उधर... राहुल ने दिया ये 'बयान'



स्थानीय प्रशासन के आला अधिकारी मंदिर परिसर में मौजूद हैं। भक्तों को सुचारू दर्शन सुनिश्चित करने के लिए 8000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात हैं।

# शाम तक 5 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के 'दर्शन' किए

एजेंसी ⏭ अयोध्या

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर पहली बार मंगलवार को रामभक्तों के दर्शन के लिए खोला गया।

पहले दिन श्रद्धालुओं की अटूट भीड़ देखने को मिली। देश के दूर-दराज कोने से आए रामभक्तों ने भगवान श्रीराम के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम, जय सियाराम के जयकारों से गूंजता रहा। यूपी सरकार के बयान के मुताबिक पहले दिन अभी तक करीब 5 लाख रामभक्तों ने रामलला के दर्शन किए। वहीं सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने तीन स्तरीय सुरक्षा कवच बनाया है। अयोध्या मंदिर के इर्द-गिर्द आठ हजार के करीब सुरक्षा कर्मियों को तैनात ▶▶ शेष पेज 4 पर

आने वाले वर्षों में प्रतिदिन तीन लाख से अधिक लोग अयोध्या आ सकते हैं



### सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से किया सर्वे

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कल राम लला का विराजमान होना मतलब राम राज्य की शुरुआत होना है। ये हमारे लिए गर्व की बात है। जिस प्रकार से राम भक्तों का जनसैलाब अयोध्या धाम की ओर उमड़ रहा है इतनी भीड़ हो गई है मैं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### श्रीरामलला का नाम 'बालक राम' हुआ

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा की गई। रामलला की मूर्ति को 'बालक राम' के नाम से जाना जाएगा। इस विग्रह का नाम 'बालक राम' इसलिए रखा गया है क्योंकि भगवान पांच वर्ष ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अयोध्या में 22 जनवरी को हमने जो देखा वह हमारी यादों में अंकित रहेगा: प्रधानमंत्री

राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में हमने जो देखा वह आने वाले कई वर्षों तक हमारी यादों में अंकित रहेगा। उन्होंने समारोह का एक वीडियो साझा किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर मोदी ने सोमवार को भव्य मंदिर के निर्माण से आगे बढ़कर अगले 1,000 वर्षों के मजबूत, सक्षम और दिव्य भारत की नींव बनाने का आह्वान किया था। उन्होंने इस अवसर को एक नए युग का आगमन भी बताया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लाखों लोगों ने टेलीविजन पर अपने घरों और पड़ोस के मंदिरों में देखा। इस ऐतिहासिक क्षण का आनंद लिया। करोड़ों लोग इस क्षण के साक्षी बने।

राहुल गांधी ने कहा कि अयोध्या 'प्राण प्रतिष्ठा' भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'शो' किया

# राहुल ने कहा: देश में कोई भी रामलहर नहीं

एजेंसी ⏭ असम

कोई राम लहर नहीं है। अयोध्या 'प्राण प्रतिष्ठा' भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम । सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'शो' किया । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ये बातें असम में कहीं हैं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि असम में उनकी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में रुकावट पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है, ▶▶ शेष पेज 4 पर

- राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार समेत अन्य के खिलाफ असम में एफआरआर



### इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार

राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यात्रा के पीछे न्याय का विचार है। इसमें न्याय के पांच स्तंभ हैं- युवा न्याय, भागीदारी, नारी न्याय, किसान न्याय और श्रमिकों के लिए न्याय। ये पांच स्तंभ देश को शक्ति देंगे। कांग्रेस अगले एक-डेढ़ महीने में इन्हें जनता के सामने रखेगी। पीएम की उम्मीदवारी के सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' चुनाव ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मिलेगा 'भारत रत्न'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलेगा। उन्हें मरणोपरांत 'भारत रत्न' दिया जाएगा। सरकार ने यह घोषणा ऐसे समय की है जब बुधवार को कर्पूरी ठाकुर की जयंती है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही थी।

मोदी सरकार की बड़ी घोषणा

मरणोपरांत मिलेगा ये सम्मान





मंगलवार को जेडीयू नेता केसी त्यागी ने ठाकुर को भारत रत्न देने के साथ-साथ उनके नाम पर विश्वविद्यालय खोलने की मांग की थी। कर्पूरी ठाकुर बिहार से ही थे और उन्हें 'जननायक' के तौर पर जाना जाता ▶▶ शेष पेज 4 पर




पीएम मोदी ने लाल किले पर 'पराक्रम दिवस' समारोह में भाग लिया



### 'नेताजी' के सपनों का भारत बनाने को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम राष्ट्रीय राजधानी स्थित लाल किले पर 'पराक्रम दिवस' समारोह में भाग लिया। स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सेनानियों को समुचित सम्मान देने के उनके दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए 2021 से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जन्मदिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मोदी ने कहा कि पराक्रम दिवस पर हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों और उनके सपनों का भारत बनाने को प्रतिबद्ध हैं।

इस अवसर पर लाल किले में एक प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें आगंतुकों को नेताजी और आजाद हिंद फौज के संबंध में दुर्लभ तस्वीरों और दस्तावेजों को देखने का मौका मिलेगा। यह समारोह 31 जनवरी को समाप्त होगा। प्रधानमंत्री ने यहां पहुंचने के बाद प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 'भारत-पर्व' की भी शुरुआत की। 31 जनवरी तक चलने वाला यह कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान और लाल किला के सामने माधवदास ▶▶ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### गोरखपुर-पुरातची थलैवर डॉ. एमजीआर के मध्य सिंगल ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गोरखपुर-पुरातची थलैवर डॉ. एमजीआर के मध्य सिंगल ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के बीना, भोपाल एवं इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। 05013 गोरखपुर-पुरातची थलैवर डॉ. एमजीआर स्पेशल ट्रेन 24 जनवरी को गोरखपुर स्टेशन से 11.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 02.55 बजे भोपाल पहुंचकर, तीसरे दिन 06.30 बजे पुरातची थलैवर डॉ.एमजीआर स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 20 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाहनगर, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, भोपाल, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुरकागज नगर, रामागुंडम, वारंगल, विजयवाड़ा जंक्शन पर रुकेगी।

### आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर का प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त



**भोपाल।** एनआईटीटीटीआर में विदेशी शिक्षकों के लिए आयोजित आईटेक कार्यक्रम एवं आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर के प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त हुए। निटर निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने प्रतिभागियों से फीडबैक लेते हुए कहा कि निटर के संसाधन आप लोगों के लिए हमेशा खुले हैं। निटर ट्रेनिंग के साथ साथ विभिन्न देशों की शैक्षणिक,सामाजिक एवं सांस्कृतिक परम्परा को जोड़ने का भी कार्य करता है। आईटेक कार्यक्रम में विश्व के 6 देशों के 30 प्रतिभागी ने भाग लिया। प्रो सीसी त्रिपाठी ने भूटान का उदाहरण देते हुए कहा की आज जब कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

### अठारह हजार नाम जोड़े 16 हजार लोगों के कटेंगे वोटर लिस्ट से नाम

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के लिए वोटर लिस्ट का काम जारी है। जिसके तहत 22 जनवरी को नाम जोड़ने के आखिरी दिन तक 50 हजार 883 लोगों ने आवेदन किए। जिसमें नाम जुड़वाने के लिए 18 हजार 669 और नाम कटवाने के 16 हजार 83 आवेदन मिले। वोटर कार्ड में पता और अन्य संशोधन कराने के लिए 16 हजार 109 आवेदन मिले हैं। आठ फरवरी के पहले इनका निराकरण किया जाएगा, जिसके बाद वोटर लिस्ट में मतदाताओं की तादाद बढ़ जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन आठ फरवरी को किया जाना है, जिसको लेकर जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में सबसे अधिक आवेदन गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में 12 हजार 487 मिले हैं। इनमें से चार हजार 706 आवेदन स्वीकृत कर लिए गए हैं। जबकि 509 आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। इनके अलावा सात हजार 272 आवेदन लंबित हैं।

### इंदौर-अयोध्या वीकली स्पेशल ट्रेन 10 फरवरी से चलेगी

**भोपाल।** इंदौर-अयोध्या-इंदौर आस्था स्पेशल ट्रेन का शेड्यूल जारी हो गया है। ट्रेन सप्ताह में एक दिन चलेगी। यह 23 घंटे 10 मिनट में इंदौर से अयोध्या पहुंचाएगी। यह ट्रेन भोपाल रेल मंडल के संत हिरदाराम स्टेशन पर हाल्ट लेगी। इसके चलते भोपाल के यात्रियों को इसका लाभ मिल सकेगा। नई ट्रेन के लिए सिर्फ एक ही रैक मिला है। यानी यहीं ट्रेन आना-जाना दोनों करेगी। जानकारी के अनुसार यह ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दोपहर एक बजे से इंदौर से रवाना होगी। जोकि रतलाम, उज्जैन, भोपाल के बैरागढ़ 21:20 पर पहुंचेगी। जहां पांच मिनट के हाल्ट के बाद आगे रवाना होगी। इसी तरह अयोध्या से प्रत्येक सोमवार को 21:50 पर रवाना होकर 12:50 पर बैरागढ़ स्टेशन पहुंचेगी। जहां पर निर्धारित हाल्ट के बाद आगे रवाना होगी।

---

शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था पर नहीं हो रहा अमल

# अधर में एप हाजिरी व्यवस्थाः प्रदेश में 99,145 सरकारी स्कूल, मात्र 8,077 ही दर्ज कर रहे ऑनलाइन उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई स्कूल शिक्षा विभाग की ऑनलाइन हाजिरी व्यवस्था पर अमल नहीं हो पा रहा है। प्रदेश के मात्र 8,077 स्कूल ही इस हाजिरी एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जबकि प्रदेश में 99,145 सरकारी स्कूल है।

यानि 91,068 स्कूल इस व्यवस्था का पालन ही नहीं कर रहे हैं। इस व्यवस्था को लागू करने के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर इसकी दैनिक मॉनिटरिंग की बात कही थी, लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते मॉनिटरिंग नहीं हो रही है।

91,068 स्कूल इस व्यवस्था का नहीं कर रहे पालन

अधिकारियों की अनदेखी के चलते नहीं हो रही रोजाना निगरानी

एप पर उपस्थित दर्ज कराने कलेक्टर ने दिए थे निर्देश




#### अक्टूबर 2022 को जारी हुए थे आदेश

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 7 अक्टूबर 2022 को ऑनलाइन एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने व्यवस्था लागू करने के संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर को आदेश जारी किए गए थे। जारी आदेश में कहा गया था कि शैक्षणिक गुणवत्ता में उपलब्धि के लिए यह आवश्यक है कि बच्चे शाला में नियमित रूप से उपस्थित हो। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस व्यवस्था को ऑनलाइन अटेंडेंस सिस्टम नाम दिया गया था।

#### ऑफलाइन भी उपयोग किया जा सकता है एप

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में सामान्यतः मोबाइल नेटवर्क की समस्या होती है। ऐसे में इस एप को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह ऑफलाइन भी उपयोग होगा। यूजर नेटवर्क एरिया में आने पर डेटा स्वतः अपलोड हो जाएगा। खास बात यह भी है कि शिक्षक और बच्चों की उपस्थिति शाला प्रारंभ होने के एक घंटे में दर्ज की जा सकेगी।

---

तीन थानों की पुलिस एक-दूसरे पर टालती है जिम्मेदारियां, कार्रवाई नहीं होने से लोग हो रहे परेशान

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर ऑटो चालक कर रहे यात्रियों से गुंडागर्दी, 7 को जीआरपी ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर रोजाना हजारों की संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। कई बार स्टेशन पर पुलिस मौजूद नहीं रहती, जिसका फायदा उठाते हुए ऑटो चालक प्लेटफॉर्म और सीढ़ियों पर से ही सवारी बिठाने के लिए पहुंच जाते हैं और यात्रियों से अपनी मनमर्जी का किराया वसूलने के लिए उन्हें परेशान करते हैं।

कई बार तो वह यात्रियों के बैग या लगेज को उठाकर अपनी मर्जी से ऑटो में रख देते है। वहीं जब कोई यात्री ओला ऑटो या किसी प्राइवेट कंपनी से संपर्क करता है। तो ऑटो चालक इकट्ठे होकर यात्रियों से गुंडागर्दी या मारपीट करने लगते हैं। तीनों थानों की पुलिस एक दूसरे पर अपनी जिम्मेदारियां टालती रहती है। इस तरह के मामले को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करती है। जब यात्री स्वयं ही शिकायत करने पहुंचे, तब जाकर कुछ समय के लिए अभियान चलाया जाता है फिर उसको बंद कर दिया जाता है। इसी तरह के मामले विगत दिनों कुछ यात्रियों ने शिकायत की, जिसके बाद रेल सुरक्षा बल भोपाल द्वारा भोपाल रेलवे स्टेशन परिसर में प्लेटफॉर्म नम्बर-6 की ओर से अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर फुट ओवर ब्रिज पर ऑटो की आवाज लगाते हुए रेल यात्रियों से न्यूसेंस करते पाए तो ऑटो चालकों पर आरपीएफ पोस्ट भोपाल में कार्रवाई की है। 7 ऑटो चालकों पर रेल अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया गया।

#### खास बातें

- रेलवे स्टेशन पर कई बार मौजूद नहीं रहती पुलिस
- ऑटो चालक प्लेटफॉर्म और सीढ़ियों पर सवारी लेने पहुंच जाते हैं
- मना करने पर करते हैं बदतमीजी



#### कार्रवाई की गई

दरअसल स्टेशन पर आने और जाने वाले यात्रियों को अक्सर यहाँ खड़े आटो चालक गंतव्य तक ले जाने के लिए परेशान करते है, कई बार यात्रियों की शिकायत के बाद फढऋ और ऋृफढ ने सख्ती दिखाते हुए आटो चालकों को समझाइश भी दी लेकिन उसके बावजूद भी लगातार आटो चालकों की शिकायतें सामने आती रहती है, जिसके बाद यह कार्रवाई की

#### यात्रिओं से ले रहे दोगुना किराया

भोपाल में उतरने वाले यात्रियों से प्राइवेट कंपनी के ऑटो जहां का किराया 40 से 50 रुपए लेते हैं वहीं स्टेशन पर खड़े ऑटो उसी जगह का दो गुना किराया वसूलते हैं, जिस कारण रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्री प्राइवेट कंपनी जैसे ओला से संपर्क कर ऑटो बुक करते हैं। तो वहां खड़े ऑटो चालक प्राइवेट कंपनी के ऑटो को सवारी नहीं बिठाने देते और उनके साथ गुंडागर्दी करने लगते हैं, जिसके चलते प्राइवेट कंपनी के ऑटो चालकों ने स्टेशन कैंपस में सवारी लेने आना बंद कर दिया है।

#### पर्यटन पर असर, पर्यटकों का आना हुआ कम

जीआरपी और आरपीएफ पुलिस रेलवे स्टेशन पर मौजूद नहीं रहती, जिसके चलते दूसरे राज्यों और बाहर के देशों से आए टूरिस्ट को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। साथ ही कई बार यात्रिओं और टूरिस्टों को ऑटो चालकों की गुंडागर्दी का सामना भी करना पड़ता है, जिसके चलते शहर में टूरिस्टों का आना भी काम हो रहा है।

### पुलिस बल को साप्ताहिक अवकाश नहीं, आयोग ने मुख्यालय से मांगा जवाब

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पुलिस बल को साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखकर कई बिंदुओं पर जवाब मांगा है। इसमें पूछा गया है कि पुलिस बल को साप्ताहिक अवकाश क्यों नहीं दिया जा रहा है। यह भी जानकारी मांगी है कि साप्ताहिक अवकाश देने के संबंध में जारी आदेश प्रभावी है भी या नहीं। यह संज्ञान आयोग ने मानव अधिकार कार्यकर्ता द्वारा की गई एक शिकायत पर लिया है।

#### बुजुर्ग की खुदकुशी पर पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश

राजधानी के ऐशबाग थानाक्षेत्र में बहू की पिटाई से आहत बुजुर्ग द्वारा खुदकुशी करने के मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने की गई कार्रवाई के संबंध में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि शाजहांनाबाद इलाके में एक 55 वर्षीय परवेज उल्ला की जहर खाने से मौत हो गई थी।

---

11 फरवरी तक चलेगा खिचड़ी महोत्सव

## राधा वल्लभ मंदिर में श्रीकृष्ण की 42 लीलाओं के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पुराने शहर के राधा वल्लभ मंदिर इब्राहिमपुरा और हित रसिक मंडली मंदिर इतवारा में खि च ड़ी महोत्सव का आ यो ज न किया जा रहा है। यह 11 फरवरी तक मंदिर में यह उत्सव आयोजित किया जाएगा।

इस बीच भगवान श्रीकृष्ण का श्रृंगार अलग-अलग स्वरूपों में कर रहे हैं। मंदिर के पंडित भूपेश आचार्य ने बताया कि राधा वल्लभ संप्रदाय में पौष मास की अमावस्या से माघ की अमावस्या तक खिचड़ी उत्सव मनाने की परंपरा है। इस उत्सव में राधा-रानी से मिलने और उन्हें रिझाने के लिए श्रीकृष्ण ने 42 लीलाएं की हैं। उत्सव के दौरान मंदिर में कई रूपों में भगवान दर्शन देते हैं। इसी के तहत 29 दिनों तक भजनों की प्रस्तुति के साथ ही राधा-कृष्ण के भजन और पदों का संगीतमय गायन हो रहा है। उत्सव में सांवरिया सेठ, माखन चोरी, पणिहारिन लीला व नानी बाई का मायरो प्रसंग की प्रस्तुति करेंगे। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की 42 लीलाओं का वर्णन झांकी लगाकर किया जा रहा है।

जन्मे आदिकुमार, अयोध्या नगरी में छाई खुशियां अपार

## जन्म से कोई भी महान नहीं होता, कर्म से ही महान होता हैः मुनिश्री सुप्रभ सागर

◆ जन्म, अभिषेक, शोभायात्रा में भक्ति में झूमे इन्द्र-इन्द्राणी


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पाषाण से भगवान बनने के अनुष्ठान पंच कल्याणक महोत्सव में मंगलवार को बालक आदिकुमार का जन्म हुआ तो सम्पूर्ण अयोध्या नगरी खुशी से झूम उठी। इन्द्र, इन्द्राणी सहित प्रमुख पात्र झूमकर नाचे। मुनिश्री सुप्रभ सागर महाराज, मुनिश्री आराध्य सागर महाराज, मुनिश्री प्रणत सागर महाराज, मुनिश्री सुहित सागर महाराज के सानिध्य में जन्म कल्याणक की विशेष पूजा अर्चना की गई। मुनिश्री सुप्रभ सागर महाराज ने आशीषवचन में कहा जन्म सभी लेते हैं परम् सत्य है जिसका जन्म होता है उसका मरण भी निश्चित है। जन्म से कोई भी महान नहीं होता कर्म से ही महान होता है।



#### गाजे-बाजे के बीच निकली शोभायात्रा

गाजे-बाजे के साथ भव्य जन्माभिषेक शोभायात्रा आयोजन स्थल से निकली जिसमें सफेद ऐरावत हाथी पर सौधर्म इन्द्र, इन्द्राणी बालक आदिकुमार को लिये थे, दिव्यघोष टीकमगढ़ के कार्यकर्ता जय अरहंत देव की, जय जिनेन्द्र देव की, जयकारों के साथ वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन कर रहे थे। महिलाएं मंगल गीत गा रही थी और दिव्यघोष के माध्यम से प्रभु की आराधना कर रही थीं। शोभायात्रा का समापन नेहरू नगर जैन मंदिर में हुआ। यहां पाण्डुशिला पर विराजमान कर बालक आदिकुमार का जन्माभिषेक किया गया।



### ऑर्चिड ग्रीन कॉलोनी में राम-लक्ष्मण सीता व हनुमान के रूप में सजे बच्चे

**भोपाल।** जहां अयोध्या में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पूरा देशभर में जश्न का माहौल था, वही अयोध्या बाईपास स्थित, ऑर्चिड ग्रीन कॉलोनी में छोटे-छोटे बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण एवं हनुमानजी के रूप में सज कर पूरी कॉलोनी को अयोध्या बना दिया। झांकी में ये नन्हे बच्चे मानो भगवान के रूप में नजर आ रहे थे। सारे कॉलोनीवासी पूर्ण जोश के साथ, जय श्री राम, जय श्री राम, के नारे लगते हुए पुरे हर्ष-उल्लास के साथ नजर आए।



### नेहरू नगर लाल सिंह मैदान बना अयोध्या

**भोपाल।** श्री दिगंबर जैन पंचबालयति मंदिर में विराजमान होने वाले भगवान की प्रतिमाओं के पाषाण से भगवान बनाने की क्रियाएं पंचकल्याणक महोत्सव नेहरू नगर के लाल सिंह मैदान में संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम को बहुत सुंदर तरीके से नेहरू नगर की महिला परिषद द्वारा नृत्य नाटिका का मंचन कर माता के सोलह स्वप्नों के प्रत्येक स्वप्न के फल का मंचन किया। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं निर्देशन महिला परिषद की सचिव दीप्ति जैन द्वारा किया गया और परिषद की अध्यक्ष सरोज जैन कोषाध्यक्ष सारिका जैन के साथ लगभग 18 बहनों ने इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दीं।

## मराठा कलार समाज का हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम

**भोपाल।** श्री क्षत्रिय मरठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु सांस्कृतिक जनकल्याण समिति भोपाल द्वारा सोमवार को महिला मंडल द्वारा हल्दी कुमकुकू का आयोजन श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर परिसर एकता पूरी अशोका गार्डन भोपाल स्थित किया गया। समिति के मिडिया प्रभारी सुधाकर राऊत ने बताया कि सर्व प्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान श्री गणेश जी, भगवान शिव जी भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की विग्रह का पूजन अर्चन, विशेष श्रृंगार, हवन आरती अर्जुन लाल डोहरे द्वारा किया गया।



## नियत समयावधि में विद्यार्थियों के प्रवेश समय पर परीक्षा और परिणाम जारी हों

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंगलवार को राजधानी स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में सत्र 2024-25 की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग के क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालकों और अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्यों के साथ व्यापक विचार मंथन किया। मंत्री इन्दर सिंह परमार ने विद्यार्थियों की नियत समयावधि में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किए जाने, विषयवार सीटों की संख्या निर्धारण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, समय पर परीक्षा व परिणाम जारी करने पर चर्चा की।

मोबाइल रखकर सीलबंद करेंगे अलमारी

## माशिमं ने प्रवेश-पत्र पर की क्यूआर कोड की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी से शुरू हो जाएंगी। इन परीक्षाओं के प्रवेश पत्र मंडल ने जारी कर दिए हैं। खास बात यह भी है कि इस बार प्रवेश पत्र पर क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है।

माशिमं द्वारा तैयार एप से स्कैन करते हुए विद्यार्थी की पूरी जानकारी सामने आ जाएगी। इस बार परीक्षा केंद्रों में मोबाइल प्रतिबंधित है। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक एवं अन्य स्टाफ यदि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन लेकर आए हैं तो केंद्राध्यक्ष परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र के बॉक्स को खोलने के पहले ही सभी के मोबाइल फोन एकत्रित कर केंद्राध्यक्ष द्वारा अलमारी में रखकर सील कराएंगे। सील अलमारी को परीक्षा समाप्त होने के आधे घंटे बाद ही खोला जाएगा।

#### प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था

10वीं व 12वीं की परीक्षाएं पांच फरवरी से शुरू होंगी। दोनों कक्षाओं में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। ऐसे में प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की जाएगी।

मिट्टी की जांच के साथ ही जाली हटाने का काम पूरी रात चलेगा

जाली के साथ लगे हुए कब्र प्लेटफार्म भी हटने लगे

## 400 मीटर हटी बीआरटीएस कॉरिडोर की जाली ट्रैफिक आसान करने सड़क से कांक्रीट भी हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) कॉरिडोर हटाने का काम बैरागढ़ में तेजी से चल रहा है। 4 दिन में करीब 400 मीटर से ज्यादा कॉरिडोर की जाली हटाई जा चुकी है। हलालपुर बस स्टैंड के सामने जाली हटाने के साथ ही सड़क पर लगे कांक्रीट को भी साथ में ही हटाया जा रहा है, जिससे फरवरी कार्य के वाहन आने जाने में परेशानी न हो। दूसरे वाहनों को कॉरिडोर में प्रवेश करने से रोकने के लिए पीडब्ल्यूडी ने खाली हो रहे कॉरिडोर में बेरिकेड्स लगा दिए हैं।



#### एक बस स्टॉप भी हटाया

कॉरीडोर की जाली हटाने के साथ हलालपुर बस स्टैंड के सामने से एक बस स्टाप भी हटाया गया है। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों के अनुसार करीब एक किमी तक जाली और कर्ब हटाने के बाद सड़क सुधार का काम शुरू होगा। इससे कम में सड़क सुधार करना मुश्किल होता है। सड़क पर पेंचवर्क का काम रात के समय में नहीं हो सकता, क्योंकि डामर को अधिक तापमान की जरूरत होती है।

#### पीडब्ल्यूडी के अनुसार समय ज्यादा लगेगा

लालघाटी से बैरागढ़ तक का कॉरिडोर हटाने के लिए पीडब्ल्यूडी ने नई डेडलाइन तय की है, जिससे फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में पूरी जाली हटने का अनुमान है। इसके हटाने के बाद यहां फ्लाई ओवर का निर्माण किया जाएगा। इस बीच शहर के शेष इलाके से कॉरिडोर हटाने के लिए नगर निगम की टेंडर प्रक्रिया के भी पूरी हो गई है।

बैरागढ़ में हलालपुर से सीहोर नाके तक बनने वाले बायकर्ड पुल के लिए मिट्टी की भी जांच शुरू हो गई है। कॉरिडोर के साथ कब्र प्लेटफार्म हटाने का काम शुरू हुआ, लेकिन अभी यह 50 मीटर ही हट सका है। पहले कॉरिडोर हटाने का काम रात में ही होना था, लेकिन अन्य ट्रैफिक के साथ लाल बस मिक्स लाइन में चलने से कॉरिडोर में काम दिन में भी चल रहा है। बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने की शुरुआत 20 जनवरी से हुई थी। दो दिन में 200 मीटर तक काम किया गया, जबकि सोमवार व मंगलवार को 180 मीटर रैलिंग हटाई गई।

भोपाल
बुधवार, 24 जनवरी 2024
पौष मास शुक्ल पक्ष–14
वर्ष : 10, अंक : 308
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 22
न्यूून. 08

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com



### भोपाल की सौम्या तिवारी को सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर का अवॉर्ड

भोपाल। सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर (जूनियर घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्राफी-2021-22 के लिए भोपाल की सौम्या तिवारी को अवॉर्ड दिया गया है। यह पुरस्कार सौम्या को बीसीसीआई वार्षिक पुरुस्कार 2024 में सितारों से सजी सेरेमनी में मंगलवार को दिया गया। नमन अवार्ड (बीसीसीआई) 2024 पार्क हयात हैदराबाद में आयोजित की गई। यह समारोह 4 साल बाद आयोजित किया गया है।




inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जज पर जूता उछालने वाले वकील पर केस दर्ज



**आगर मालवा।** आगर मालवा में केस की सुनवाई के दौरान एक वकील ने जज की ओर जूता फेंका। जज जूते से बचने के लिए नीचे बैठ गए। इस सब में उन्हें कान में चोट लगी है। मामले में पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामला सोमवार अपराह्न चार बजे का है। केस की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता नितिन अटल जूता उछालने के बाद मौके से फरार हो गया।

### वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारत का दबदबा



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने वनडे टीम ऑफ द ईयर का ऐलान कर दिया है। आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला है। रोहित शर्मा को आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना गया है। वहीं,विराट कोहली समेत कुल 6 भारतीय खिलाड़ी आईसीसी वनडे टीम ऑफ द ईयर के लिए चुने गए हैं। रोहित और कोहली के अलावा सिराज, शमी और कुलदीप को जगह मिली है।

### वनपाल 15 हजार की घूस लेते गिरफ्तार



**रतलाम।** उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार दोपहर रतलाम के सागोद रोड स्थित वन विभाग कार्यालय परिसर में वनपाल बीबीएल पुष्कर को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। नामली के सुरेश पाटीदार की शिकायत पर ये कार्रवाई हुई। पाटीदार ने बताया कि वह लकड़ी की टाल का संचालन करते हैं। क्षेत्र के वनपाल द्वारा झूठा आरोप लगाते हुए 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों के खनिज मंत्रियों के सम्मेलन को किया संबोधित

# मप्र मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में प्रथम, 'नवाचारों' से मिलेगा लाभ

29 खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर मप्र ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि मप्र में खनन गतिविधियों से प्रभावित लोगों की आजीविका सुनिश्चित करने और उनके विकास के लिए किए गए कार्य सराहनीय।



सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने की



'माइनिंग एंड बियोंड' विषय पर लगाई गई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में खनन मंत्रियों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खनिज विभाग देश के प्रगति को आगे बढ़ाने में मददगार है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय खनन मंत्रालय की ओर से खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों और नवाचारों से मप्र सहित सभी राज्यों को लाभ मिलेगा। हमारी समृद्ध भू-गर्भ संपदा में अनेक संभावनाएं छिपी हैं, इन सुधारों के क्रियान्वयन और नवाचारों को अपनाने से प्रदेश आर्थिक रूप से सुदृढ़ होगा। खनन प्रक्रिया में लाई गई

▸▸ शेष पेज 4 पर

■ सम्मेलन में 20 से अधिक राज्यों के खनिज मंत्रियों ने भाग लिया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केंद्रीय मंत्री जोशी ने केंद्रीय खान मंत्रालय की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, जिला खनिज प्रतिष्ठान सहित देश की प्रमुख खनन कंपनियों, निजी एजेंसियों और स्टार्ट-अप्स की ओर से अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस अवसर पर कॉफी टेबल बुक 'बिल्डिंग ट्रस्ट-ट्रासंफोर्मिंग लाइव्ज' का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही एवरेज सेल प्राइज सिस्टम प्लेटफार्म तथा 'स्टार रेटिंग ऑफ माइन्स का डिजिटल' लोकार्पण किया गया। 'एक्सप्लोरेशन लाइसेंस रूल्स' का भी विमोचन हुआ।

### राज्यों को सौंपी गई क्रिटिकल मिनरल रिपोर्ट

*राज्यों के खनिज मंत्रियों के सम्मेलन में ओडिशा के इस्पात एवं खान मंत्री प्रफुल कुमार मलिक, कर्नाटक के खान मंत्री एसएस मल्लिकार्जुन, उत्तरप्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, नगालैंड के विधायक तथा खनिज सलाहकार डब्ल्यूसी कोनयक, केंद्रीय खनन मंत्रालय के सचिव वीएल कांताराव, अतिरिक्त सचिव संजय लोहिया तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन में आंध्रप्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तरप्रदेश को क्रिटिकल मिनरल रिपोर्ट भी सौंपी गई।*

### कोयले से आग लगती है पर यह ऊर्जा भी देता है

जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अब देश क्रिटिकल मिनरल्स, रेयरेस्ट मिनरल्स के खनन की ओर आगे बढ़ रहा है। डाटा रिपोजिटरी अवलेबलिटी में वृद्धि हुई है, लाइसेंस, लीज क्लीयरेंस को भी सरल और त्वरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों ने अच्छा काम नहीं किया है। वे माइनिंग का ऑक्शन ठीक से नहीं कर रहे हैं। इसे कोई राजनैतिक कारणों से नहीं बोल रहा हूं। जो कुछ भी पेंडिंग है, एक बार आप लोग दिल्ली आ

▸▸ शेष पेज 4 पर

### सस्टेनेबल माइनिंग से अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार

केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मप्र की ओर से खनन गतिविधियों से प्रभावित लोगों के विकास और उनकी आजीविका सुनिश्चित करने के लिए डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) के तहत किए गए कार्यों की सराहना की। मप्र के मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में प्रथम आने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बधाई देते हुए जोशी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में खनिज संसाधनों की महत्वपूर्ण भूमिका है,

▸▸ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट का बड़ा निर्णय

# स्वास्थ्य विभाग में 'मर्ज' हो गया चिकित्सा शिक्षा विभाग

मल्हारगढ़ उदवहन सिंचाई परियोजना के लिए 87 करोड़ 25 लाख की स्वीकृति



» रतलाम जिले में तलावड़ा बैराज के निर्माण के लिए 264 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र कैबिनेट ने मंगलवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग का विलय स्वास्थ्य विभाग में करने को मंजूरी दे दी। काफी समय से इस बारे में चर्चा चल रही थी, किंतु अब जाकर यह हो पाया है।

पिछली सरकार में इसका प्रस्ताव तैयार किया गया था, किंतु किसी कारण से इसके मर्ज करने पर सहमति नहीं बन पाई थी। डॉ. मोहन यादव की सरकार ने इसे कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दिला दी। इसके साथ ही कई अन्य मुद्दों को भी मंजूरी दी गई है। नगरीय प्रशासन व संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट में हुए निर्णय के बारे में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

▸▸ शेष पेज 4 पर

### मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 के प्रावधानों में संशोधन

*कैबिनेट ने मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2011 के प्रावधानों में संशोधन की स्वीकृति दी है। वर्तमान में आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय चिकित्सा, दंत चिकित्सा, नर्सिंग, आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, नेचुरोपैथी आदि में पाठ्यक्रम संचालित करता है। नर्सिंग और पैरामेडिकल संस्थाओं और छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि को देखते हुए आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल को छोड़कर अन्य विषयों के पाठ्यक्रम संचालित करने का दायित्व दिया जाएगा। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विषयों से संबंधित पाठ्यक्रम का संचालन उच्च शिक्षा विभाग के स्थापित अन्य विश्व विद्यालयों के माध्यम से किया जाएगा। कैबिनेट ने जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 में संशोधन के लिए संसद को भेजे जाने वाले प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। कानून में जल प्रदूषण से जुड़े छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाने और जुर्माने का प्रावधान करने जैसे संशोधन प्रस्तावित हैं।*

गृह मंत्रालय का बड़ा फैसला

# अब सीआईएसएफ के हाथों में होगी सांसदों की हिफाजत

सामान की जांच के लिए 140 कर्मियों की टीम



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 31 जनवरी से शुरू होने वाले संसद के आगामी सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए 140 कर्मियों की सीआईएसएफ टीम को मंजूरी दे दी है।

पुराने और नए दोनों संसद भवनों को सीआईएसएफ के व्यापक सुरक्षा कवरेज के तहत लाया जाएगा। इसके अलावा मौजूदा संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ का संसदीय ड्यूटी समूह भी संसद क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान करेगा। संसद के बजट सत्र के दौरान संसद के अंदर आने और जाने वाले गेट की सुरक्षा सीआईएसएफ करेगी। सीआईएसएफ गेस्ट की सुरक्षा और फ्रिस्किंग का भी काम करेगी। इससे पहले दिल्ली पुलिस और पार्लियामेंट सिक्योरिटी से जुड़े लोग गेट की सुरक्षा के लिए तैनात रहते थे। सीआईएसएफ के जवानों ने संसद सुरक्षा को लेकर अपनी गतिविधियों पर काम करना शुरू कर दिया है। सीआईएसएफ को नए और पुराने संसद भवन परिसर

▸▸ शेष पेज 4 पर

फिर खुशखबर : नए साल में कूनो पार्क से दूसरी बार मिली शावकों के जन्म की खबर

# कूनो में मादा चीता ज्वाला ने दिया तीन शावकों को जन्म

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कुनबे में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर/भोपाल

श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में तीन नन्हे मेहमानों के आने की खुशी छाई हुई है। सोमवार को कूनो नेशनल पार्क में तीन चीता शावकों का जन्म हुआ है। मादा चीता ज्वाला ने इन तीन शावकों को जन्म दिया है।

तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे पूरो कूनो पार्क का अमला गदगद है। डॉक्टरों की टीम तीनों शावकों की विशेष निगरानी कर रही है। इसके पहले मादा चीता आशा ने भी तीन शावकों को जन्म दिया है। जिन्हें मिलाकर कूनो नेशनल पार्क में कुल 20 चीते हो गए हैं। जिनमें 7 शावक और 13 बड़े चीते हैं। मादा चीता ज्वाला ने 20 जनवरी को बाड़े में तीन

▸▸ शेष पेज 4 पर



### नन्हे चीता शावकों का जन्म प्रदेश के लिए सौभाग्यः सीएम डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कूनो में शुरू किया गया अभिनव प्रकल्प चीता प्रोजेक्ट सफल हो रहा है। एशिया से गायब हुए चीता मध्यप्रदेश के पारिस्थितिक तंत्र में न सिर्फ फल फूल रहा है, बल्कि वंश वृद्धि में भी लगा है। यह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। कूनो में मादा चीता ज्वाला ने 3 नन्हे चीता शावकों को जन्म दिया है।*

▸▸ शेष पेज 4 पर

ऑस्कर 2024 के नॉमिनेशन का ऐलान

# भारत पर आधारित डॉक्यूमेंट्री ऑस्कर के लिए 'नामांकित'

'टू किल अ टाइगर' को 96वें ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर श्रेणी में नामांकित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑस्कर 2024 के नॉमिनेशन का ऐलान हो चुका है। इसमें भारत के एक छोटे गांव पर बनी फिल्म 'टू किल अ टाइगर' का नाम भी शामिल है। इस फिल्म को भारतीय मूल की डायरेक्टर निशा पाहुजा ने बनाया है, जो कि कनाडा में रहती हैं। हालांकि निशा पाहुजा का जन्म दिल्ली में हुआ था।

'टू किल अ टाइगर' फिल्म की कहानी भारत के एक छोटे से गांव पर आधारित है। यह फीचर न्याय के लिए रंजीत की लड़ाई पर केंद्रित है, जिसकी बेटी का तीन लोगों द्वारा यौन उत्पीड़न किया गया था। टू किल अ टाइगर, अपने बच्ची को न्याय दिलाने लिए रंजीत की कठिन लड़ाई को दर्शाती है। इसका निर्माण कॉर्नेलिया प्रिंसिपे और डेविड ओपेनहेम ने किया है। इस फिल्म ने ऑस्कर 2024

▸▸ शेष पेज 4 पर




राजधानी में स्ट्रीट डॉग्स का आतंक जारी

# स्ट्रीट डॉग्स के काटने से घायल पांच साल के मासूम ने दम तोड़ा

कटारा हिल्स पुलिस ने जीरो में मर्ग कायम कर प्रकरण मिसरोद थाना पुलिस को भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में श्वानों के आतंक ने एक और मासूम की जान ले ली है। करीब 17 दिन पहले मिसरोद इलाके में बच्चे को स्ट्रीट डॉग्स ने काट लिया था।

इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया था। मिसरोद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित आशिमा मॉल के पास चार वर्षीय सुलेमान अपनी मां ओमा जोजा के साथ रहता था। बीती 6 जनवरी को अहमदपुर स्थित डीमार्ट पास आवारा कुत्ते ने सुलेमान को काट लिया था। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उसे रैबीज के इंजेक्शन भी लगाए गए थे। करीब 12 दिन चले

▸▸ शेष पेज 4 पर



### अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बिगड़ी तबीयत

पुलिस ने बताया कि बच्चे की मां मजदूरी करती है। मां और मामा सुलेमान को हमीदिया अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उसे वैक्सीन लगाई। सुलेमान यहां 4 दिन एडमिट रहा। तबीयत ठीक होने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। बच्चे के मामा एरियल जोजो ने बताया कि डिस्चार्ज के 7-8 दिन बाद सुलेमान की तबीयत बिगड़ने लगी। उसका शरीर ठंडा पड़ रहा था। वह पंखे से डर रहा था। अजीब सी

▸▸ शेष पेज 4 पर

ओवरटेक करने से गुस्साए थे एसडीएम

# युवकों की पिटाई कराने वाले एसडीएम सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बांधवगढ़ एसडीएम अमित सिंह को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। सोमवार को एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें अमित सिंह दो युवकों के साथ मारपीट करते और उन्हें पिटवाते नजर आ रहे थे।

इसके साथ ही एसडीएम, तहसीलदार, एसडीएम का चालक व एक अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में सुशासन की सरकार है। प्रदेश में आमजन के साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने एसडीएम को सस्पेंड करने के निर्देश भी दिए। सीएम ने कहा कि बांधवगढ़ एसडीएम द्वारा दो युवकों से मारपीट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एसडीएम को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश में सुशासन की सरकार है। प्रदेश में आमजन से इस तरह का अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, उमरिया जिले के बांधवगढ़ के एसडीएम का यह वीडियो सामने आया था। कहा गया कि ओवरटेक

▸▸ शेष पेज 4 पर

सीएम ने कहा- सुशासन की सरकार है अमानवीय व्यवहार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं



» एसडीएम, तहसीलदार, एसडीएम का चालक व एक अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई

### युवक ने कहा- मैं बस गाड़ी तेज चला रहा था

*घायल युवक का कहना था कि मेरी गलती सिर्फ इतनी थी कि मैं अपने काम में जा रहा था। मुझे देर हो रही थी। इस वजह से मैं गाड़ी तेज चला रहा था। इसकी वजह से एसडीएम की गाड़ी को मैंने ओवरटेक किया। इसके बाद एसडीएम ने खुद मेरी पिटाई की और अपने ड्राइवर तथा अन्य लोगों से भी मुझे पिटवाया। पुलिस ने इस मामले में एसडीएम अमित सिंह, तहसीलदार*

▸▸ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

## चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से

भोपाल। कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि विभाग ने प्रदेश में रबी मौसम वर्ष 2023-24 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना मसूर एवं सरसों की उपज की उचित दर प्राप्त करने के लिए वार्षिक कैलेण्डर घोषित किया है। इससे किसानों को फसल का बेहतर दाम मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि चना मसूर एवं सरसों का उपार्जन 25 मार्च से 31 मई 2024 तक किया जाएगा।

## कल मनाया जाएगा 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

भोपाल। 25 जनवरी को प्रदेश के सभी 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्त बीपी सिंह, पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग ओपी रावत, कमिश्नर भोपाल डॉ. पवन शर्मा, स्टेट आईकॉन राजीव वर्मा और गोविंद नामदेव शामिल होंगे।

## ट्रिपल आईटी का दूसरा दीक्षांत समरोह आज

भोपाल। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान(ट्रिपल आईटी) का दूसरा दीक्षान्त समारोह 24 जनवरी को मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) कैंपस के सिविल सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस दीक्षांत समारोह में 2023 पासआउट बैच के विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की जाएगी। ट्रिपल आईटी में तीन तकनीकि शाखाओं, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले शिवराज



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री चौहान को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री से चौहान ने प्रदेश के विकास से संबंधित योजनाओं पर चर्चा की।

## चिकित्सा शिक्षा व चिकित्सा सेवा एक होना अच्छा

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग को एकीकृत करने से स्वास्थ्य विभाग की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। यह बात भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. हितेष वाजपेयी ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग को एकीकृत करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय इस ओर एक दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'बाल वीरों' से किया संवाद



## मध्यप्रदेश के मास्टर अवनीश तिवारी को मिला प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 19 असाधारण प्रतिभावान बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने पुरस्कार समारोह में मध्यप्रदेश के मास्टर अवनीश तिवारी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने मास्टर अवनीश को पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र दिया। इंदौर के 9 वर्षीय मास्टर अवनीश को सामाजिक सेवा में उत्कृष्टता के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

मास्टर अवनीश डाउन्स सिंड्रोम से प्रभावित एक विशेष बालक हैं। 7 वर्ष की आयु में उन्होंने माउंट एवरेस्ट के बेस कैंप तक सफल ट्रैकिंग की है। उन्हें 2022 में श्रेष्ठ दिव्यांग बालक पुरस्कार मिला है।



**पीएम ने की भेंट**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2024 से सम्मानित मध्यप्रदेश के मास्टर अवनीश तिवारी और विजेताओं से अपने आधिकारिक निवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर भेंट कर संवाद किया।*

केंद्रीय मंत्री गोयल ने भारत मंडपम प्रगति मैदान में प्रदान किया सम्मान

# मप्र को स्टार्टअप रैंकिंग में मिला लीडर अवॉर्ड, सीएम ने दी बधाई

केंद्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सीएम डॉ. यादव को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टार्टअप नीति के कारण सफलता | स्टार्टअप की संख्या दो वर्ष में 108 प्रतिशत से अधिक बढ़ी | जागरुकता कार्यक्रम हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से मप्र को स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर के रूप में पुरस्कृत किए जाने की जानकारी दी गई।

सूक्ष्म,लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, विभाग के सचिव पी नरहरि और निदेशक एसएमएसई रोहित सिंह ने प्राप्त अवार्ड का विस्तृत विवरण मुख्यमंत्री को दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश को यह अवार्ड प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए विभागीय टीम को बधाई दी। मप्र को यह अवार्ड हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने भारत मंडपम प्रगति मैदान, नई दिल्ली में प्रदान किया। मप्र की स्टार्टअप नीति के कारण राज्य में उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) मान्यता प्राप्त स्टार्टअप की संख्या दो वर्ष से कम अवधि में 108 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है।





### मध्यप्रदेश को लीडर अवॉर्ड इन वजहों से मिला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया गया कि भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की ओर से राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 और राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2023 के अंतर्गत मप्र को लीडर के रूप में पुरस्कृत किया है। मप्र के सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग ने ऐसा सशक्त तंत्र विकसित किया, जिसके फलस्वरूप प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में स्टार्टअप जागरूकता का कार्य हो सका। इसके साथ ही इंटरैक्टिव पोर्टल के निर्माण और स्टार्टअप एवं निवेशकों के मध्य बैठकों का आयोजन भी किया गया। मप्र की नई स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन योजना 2022 लागू की गई जिसका प्रधानमंत्री ने वर्चुअली उद्घाटन किया था।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव पीएससी में चयनित 686 अधिकारियों को कल देंगे नियुक्ति पत्र, सुशासन पर करेंगे सीधा संवाद

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 जनवरी को रवीन्द्र भवन में मध्यप्रदेश सिविल सेवा के वर्ष 2019 और वर्ष 2020 के लिए चयनित 686 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे नवागत अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। नियुक्ति पत्र प्रदान करने के अतिरिक्त मध्यप्रदेश सरकार के विजन से अवगत कराया जाएगा। सरकार के इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एवं नवागत अधिकारियों को गुड गवर्नेंस, सतत विकास का लक्ष्य एवं मध्यप्रदेश शासन के विजन से अवगत कराना है। कुल 686 चयनित अभ्यर्थियों में 187 अनारक्षित, 157 अन्य पिछड़ा वर्ग, 110 अनुसूचित जाति, 150 अनुसूचित जनजाति एवं 82 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी हैं।*

**20 वर्षों की यात्रा होगी प्रस्तुत**

*कार्यक्रम में प्रदेश की विगत 20 वर्षों की प्रगति यात्रा एवं प्रमुख सामाजिक एवं आर्थिक संकेतकों का प्रस्तुतिकरण होगा। मुख्यमंत्री द्वारा चयनित अभ्यर्थियों से सीधे संवाद के अलावा अभ्यर्थी अपनी सफलता और लक्ष्य प्राप्ति में आई कठिनाईयों की जानकारी देंगे। कार्यक्रम के तहत सुशासन के आयाम विषय पर विशेषज्ञ द्वारा अपना वक्तव्य प्रदान किया जाएगा। गुड गवर्नेंस के साथ टेक्नोलॉजी इन गवर्नेंस, सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य तकनीकी इंटरवेंशन के विषय पर भी उद्बोधन होगा, जो कि नवागत अधिकारियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।*

**इन विभागों में होगी नियुक्ति**

*नवागत अधिकारी वाणिज्यिक कर विभाग वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, राजस्व, स्कूल शिक्षा, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, गृह, नगरीय प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम, जनसंपर्क, जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग एवं जेल विभाग में पदस्थ होंगे।*

राज्यपाल पटेल करेंगे उद्घाटन

## आज से होगा वन मेले का शुभारंभ समृद्ध वनोपजों के होंगे दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र वन महकमे की ओर से आयोजित वन मेला इस बार लालपरेड ग्राउंड में नहीं होगा। इस बार वन मेला भोपाल हाट में आयोजित किया गया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल 24 जनवरी को शाम 5 बजे लघु वनोपज से समृद्धि थीम' पर आधारित वन मेले का शुभारंभ करेंगे। मेले में 120 स्टाल होंगे, जिसमें मप्र के 19 वनधन केंद्र एवं 55 जिला यूनियन के स्टाल मुख्य रूप से रहेंगे। साथ ही मप्र व छत्तीसगढ़ के हर्बल उत्पाद भी प्रदर्शित होंगे। फूड जोन में आगंतुक मप्र के पारंपरिक व्यंजनों के साथ-साथ श्रीअन्न से निर्मित विभिन्न व्यंजनों का भी स्वाद ले सकेंगे।

वन मंत्री नागर सिंह चौहान शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार एवं एसीएस जेएन कंसोटिया, प्रशासक मप्र राज्य लघु वनोपज संघ विशिष्ट अतिथि होंगे। विभिन्न शासकीय विभागों जैसे इको टूरिज्म बोर्ड, बांस मिशन व वन्यप्राणी आदि की गतिविधियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

**चिकित्सा के लिए 20 स्टॉल लगेंगे**

मेले में चिकित्सा परामर्श के लिए ओपीडी के 20 स्टाल स्थापित किए जा रहे है। इसमें 40 आयुर्वेदिक वैद्यों एवं चिकित्सकों की ओर से निशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा। 25 जनवरी को 'लघुवनोपज से समृद्धि विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। विभिन्न विषय प्रमुखों द्वारा आदिवासी संग्राहकर्ताओं और समिति प्रबंधकों को लघु वनोपज से निर्मित उत्पादों के मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग और विपणन की ओर से जनजातीय उद्यमिता के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

**प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा**

सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी के तहत विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं की ओर से चित्रकला, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक, सोलो और ग्रुप गायन, नृत्य अन्य प्रतियोगिताएं होंगी।

डीजीपी ने एसपी और टीआई को किया सम्मानित

## देश के टॉप 10 थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देश के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाना का चयन किया गया है। यह उपलब्धि प्राप्त करने पर डीजीपी सुधीर सक्सेना ने पुलिस मुख्यालय, भोपाल में देवास के एसपी संपत उपाध्याय और सिविल लाइन थाना, देवास के टीआई अजय चानना को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान किए गए सम्मान-पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीजीपी ने कहा कि सिविल लाइन थाना देवास का देश के टॉप 10 थानों में चयनित होना मध्यप्रदेश पुलिस के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे प्रेरणा लेकर प्रदेश के सभी थानों को बेहतर कार्य करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन मापदंडों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शीर्ष थानों का चयन किया जाता है, उनका विश्लेषण कर सभी थानों को उन मापदंडों पर खरा उतरने का प्रयास करना चाहिए ताकि भविष्य में अधिक से अधिक थानों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो सके।

**देश के 16,955 थानों में से दसवां स्थान**

*प्रतिवर्ष देश के सभी थानों का मूल्यांकन कर, दस सर्वश्रेष्ठ थानों का चयन किया जाता है। इसी तारतम्य में वर्ष 2023 में थाना सिविल लाइन, जिला देवास का देश के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों में चयन किया गया है। चयनित किए गए सभी थानों का मूल्यांकन उनके वार्षिक अभिलेख एवं मैदानी सर्वेक्षण के आधार पर किया जाता है। इसमें अपराधों की रोकथाम, कानून-व्यवस्था की स्थिति, पुराने मामलों के निपटारे, सामुदायिक पुलिसिंग, अपराधों की दोषसिद्धि, थाना भवन, साफ-सफाई, नागरिकों के लिए उपलब्ध सुविधा एवं गृह मंत्रालय द्वारा चयनित स्वतंत्र टीम द्वारा थाना क्षेत्र के लोगों, व्यापारियों, शिकायतकर्ताओं से पूछताछ कर मूल्यांकन किया जाता है। इन सभी मापदंडों पर मूल्यांकन के बाद थाना सिविल लाइन, देवास को देशभर के 16955 थानों में से दसवां स्थान प्राप्त हुआ।*

पटवारी ने बताया संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन

## कांग्रेस के गांधीवादी मौन धरने में उमंग की अपील, गांधी नहीं, बोस की विचारधारा पर चलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

असम में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को रोकने को लेकर मंगलवार को प्रदेश भर में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर कांग्रेस ने मौन धरना दिया। इसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत कांग्रेस पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदेशभर में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन





**दिग्विजय ने कहा-यह कैसा राम राज्य**

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने मामले में सवाल उठाते हुए कहा कि यह कैसा राम राज्य' उन्होंने कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय एक तरफ कहा जाता है कि जो जहां है, वहां मंदिर में पूजा करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी असम के मंदिर में पूजा करना चाहते हैं तो उनको रोक दिया जाता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस अन्याय के खिलाफ यात्रा निकाल रहे हैं।

**नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने महंगाई, बेरोजगारी पर भाजपा सरकार पर साधा निशाना**

कांग्रेस के गांधीवादी मौन धरने में नेता प्रतिपक्ष उमंग ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अब गांधी नहीं, सुभाषचंद्र बोस की विचारधारा पर चलना होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी पर बात नहीं करती है।

**हर नागरिक स्वेच्छा से मंदिर में दर्शन भी नहीं कर सकता क्या ?: जीतू**

*पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि देश का हर नागरिक स्वेच्छा से मंदिर में दर्शन भी नहीं कर सकता, क्यों, क्या भाजपा को यह डर था कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान राहुल गांधी की धार्मिकता सामने आने से उन्हें राजनीतिक रूप से नुकसान होगा।*

# देश के महापुरुषों के जीवन के बारे में विद्यार्थियों को दें जानकारी: स्कूल शिक्षा मंत्री

सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में मप्र शिक्षक संघ ने किया कर्तव्य बोध कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्य सरकार शिक्षकों के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने शिक्षकों के कल्याण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि मंगलवार को भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में मप्र शिक्षक संघ द्वारा आयोजित कर्त्तव्य बोध दिवस को संबोधित करते हुए कही। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण है, 23 जनवरी को सारा देश नेता सुभाषचंद्र बोस की जयंती मना रहा है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे देश के महापुरुषों के जीवन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दें। उन्होंने शिक्षकों से प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये टीम भावना के साथ कार्य करने का आग्रह किया। शिक्षकों से विद्यार्थियों को भगवान राम के आदर्शों के बारे में भी जानकारी देने की बात कही। इस मौके पर स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने मप्र शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया। कार्यक्रम को विद्या भारती के प्रांतीय संगठन मंत्री नीलेश माहेश्वरी, संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर, प्रदेश सचिव राजीव शर्मा, संघ के पदाधिकारी देवीदयाल भारती सहित अन्य उपस्थित रहे। इधर, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने मंगलवार को लोक शिक्षण संचालनालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री उदय प्रताप सिंह अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 में हुआ आयोजन

## पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी की जयंती

राजधानी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 में मंगलवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य पवन कुमार बेदुये, उप प्राचार्य अंजना धनराजू और मुख्याध्यापिका सुषमा देवी गुप्ता ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यार्थियों में से हितार्थ सिंह गौरव ने नेताजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। शिक्षिका उत्तरा सागर के मार्गदर्शन में प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों ने सुंदर गीति नाट्य प्रस्तुत किया। इसमें घर की चारदीवारी और मोबाइल की जकड़ से बाहर निकलकर पारंपरिक खेलों से जुड़ने व अपनी बौद्धिक और शारीरिक क्षमताओं को विकसित करने का संदेश दिया गया, ताकि इन क्षमताओं का समाज और राष्ट्र के हित में सही और सार्थक उपयोग हो सके।

## इंटक ने मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सौर्य और अद्भुत साहसी होने की वजह से उनकी जयंती को पूरे देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। भेल की कर्मचारी यूनियन इंटक ने मंगलवार को पिपलानी स्थित इंटक कार्यालय के बुद्ध सभागार में बोस जयंती का आयोजन किया गया। वीर सेनानी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर उनकी प्रतिमा में माल्यार्पण कर मनाई गई। मध्य प्रदेश इंटक अध्यक्ष आरडी त्रिपाठी ने इस मौके पर कहा कि सुभाषचंद्र बोस अदभुत लीडर थे। उनकी बुद्धिमानी का कोई शानी नहीं था।

## सुभाषचंद्र बोस को याद कर किया नमन



पर्यावरण संस्कृति संरक्षण एवं मानव कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुशील कुमार जैन ने मंगलवार को भोपाल जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष दीपक खरे एवं कार्यकारिणी सदस्य विभा श्रीवास्तव, पूनम मगरे, प्रियंका जोशी, सिराजुन निशा, रिचा पांडे की उपस्थिति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती ( पराक्रम दिवस ) पर सुभाष चंद्र बोस की देश के प्रति भक्ति को याद किया।

हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 जनवरी 2024



7 हाईकोर्ट स्टे के बाद फिर लगाए मकानों पर ताला...




12 श्रीलीला समारोह के समापन दिवस पर...






# राजधानी में बढ़ी सर्दी, बर्फीली हवाओं से दिन के तापमान में 1.4 डिग्री की गिरावट



## आज भी कुछ जिलों में बादल, बौछारें और कुछ में तापमान में होगी कमी

## प्रदेश में सबसे कम रात का तापमान दतिया में 3 डिग्री सेल्सियस रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित पश्चिमी मध्य प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मंगलवार को दिन में सर्दी बढ़ गई, जबकि रात का पारा मामूली बढ़ा है। प्रदेश में सबसे कम रात का तापमान दतिया में 3 डिग्री रहा, जबकि शाजापुर, शिवपुरी और राजगढ़ में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक दर्ज हुआ। इन जिलों में कोल्ड डे और दतिया में शीतलहर का असर रहा।

भोपाल में रात के तापमान में एक डिग्री की बढ़त के साथ पारा 9 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री कम है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार को भी प्रदेश के मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवाएं बदलने और बादल, बारिश से प्रदेश में कहीं तापमान में कमी हो रही है तो कुछ स्थानों पर तापमान बढ़ा है। यह सिलसिला अगले दो दिन जारी रहेगा।

- *छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, ग्वालियर और उमरिया में रात का पारा 5 से 6 डिग्री तक बढ़ा*
- *दतिया में शीतलहर का असर, कड़ाके की ठंड से कई जिलों में जनजीवन प्रभावित*

### शहर में बर्फीली हवाओं से दिन सर्द

मंगलवार को भोपाल में सुबह से धूप खिली इाके बावजूद दिन के तापमान में 1.4 डिग्री की गिरावट रही। दिन में बर्फीली हवाओं के असर के साथ ही हवाओं की रफ्तार 10 से 15 किमी प्रति घंटे तक रहने से दिन में सर्दी महसूस की गई। इधर, पश्चिमी मप्र के भोपाल, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगौन, पचमढ़ी, रायसेन सहित कई जिलों में दिन का पारा गिरने से सर्दी महसूस की गई। इन जिलों में रात का पारा बढ़ा है।

### तापमान में इसलिए हो रही घट-बढ़

शुक्ला के अनुसार हवाओं में नमी होने से पूर्वी मप्र में कहीं कहीं बादल के साथ बारिश और बौछारों का दौर जारी है। इससे रात के तापमान में बढ़त और दिन में गिरावट हो रही है। वहीं पश्चिमी मप्र के ज्यादातर हिस्सों में बादलों का असर कम होने के साथ उत्तरी हवाओं से दिन के तापमान में गिरावट हो रही है। तापमान में ऐसी घट बढ़ अभी जारी रहेगी। बुधवार को छतरपुर, टीकमगढ़ और रतलाम में कोल्ड वेब, ग्वालियर, दतिया में सीवियर कोल्ड डे, शिवपुरी और दतिया में शीतलहर का असर रह सकता है।

## श्रीधाम 22, भोपाल एक्सप्रेस 15 घंटे देरी से राजधानी आई



घने कोहरे के कारण ट्रेनों की बिगड़ी हुई चाल पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। कुछ ट्रेनें करीब एक दिन की देरी से चल रही हैं। जिसके कारण यात्री परेशान है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों, व बुजुर्गों को आ रही है।

### यह ट्रेनें आई देरी से

| ट्रेन | देरी से आई |
|---|---|
| 12191 श्रीधाम एक्सप्रेस | 21.55 घंटे |
| 12626 - केरला एक्सप्रेस | 12.28 घंटे |
| 12156 भोपाल एक्स. | 15.10 घंटे |
| 12622- तमिलनाडु एक्सप्रेस | 13.02 घंटे |
| 12716 सचखंड एक्सप्रेस | 12: 27 घंटे |
| 12722 दक्षिण एक्स. | 10 .46 घंटे |

## प्रोफेसर कॉलोनी सहित छोटे तालाब के किनारे करीब 400 पेड़ों को काटने से बिगड़ेगा पर्यावरण

# नए कलेक्ट्रेट भवन पर एनजीटी में रिपोर्ट पेश, जांच कमेटी ने कहा- गलत है एन्वायरमेंटल क्लीयरेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- छोटा तालाब भोज वेटलैंड का हिस्सा है, जिसे 2002 में रामसर साइट घोषित किया गया
- इसी क्षेत्र में बनाया जा रहा है नया कलेक्ट्रट भवन, कुल 19 हैक्टेयर में होना हैं निर्माण कार्य

मंगलवार को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में राजधानी स्थित छोटे तालाब एरिया में बनने वाले नए कलेक्ट्रेट भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों को लेकर सुनवाई हुई। नितिन सक्सेना की याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी बेंच ने इस मामले में अगली सुनवाई तक फैसला सुरक्षित रखा है।

एनजीटी के अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी के अनुसार छोटे तालाब के पास नए कलेक्ट्रेट भवन के साथ ही अन्य निर्माण के लिए करीब 19 हेक्टेयर की भूमि को चिह्नित किया गया है। इसमें 6.90 हेक्टेयर भूमि छोटे तालाब की है, जबकि अन्य 13 हेक्टेयर की भूमि प्रोफेसर कॉलोनी की चिह्नित की गई है। ऐसे में छोटा तालाब भोज वैटलेंड का हिससा होने के साथ रामसर साइट में भी है, जिससे भूमि को लेकर याचिका लगाई है।

### खास बातें

- एनजीटी बेंच ने इस मामले में अगली सुनवाई तक फैसला सुरक्षित रखा
- छोटे तालाब के फुल टैंक लेबल में निर्माण होने से भोज वेटलैंड के नियमों का होगा उल्लंघन




### गलत तरीके से दी पर्यावरण अनुमति

अधिवक्ता हर्षवर्धन तिवारी ने बताया कि जांच कमेटी ने जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें कहा गया है कि कलेक्ट्रेट भवन निर्माण के लिए दी गई पर्यावरण अनुमति गतल है। प्रोफेसर कॉलोनी और उसके आसपास के 400 के करीब पेड़ों के कटने से पर्यावरण बिगड़ेगा, जबकि छोटे तालाब के फुलटैंक लेबल में निर्माण होने से भोज वेटलेंड के नियमों का उल्लंघन होगा। कमेटी ने रिपोर्ट में कहा कि जिस एजेंसी ने इसके लिए एन्वायरमेंटल क्लीयरेंस दी है, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाना चाहिए।

### अक्टूबर 2023 में एनजीटी में लगाई थी याचिका

याचिकाकर्ता नितिन सक्सेना ने अक्टूबर 2023 में एनजीटी में लगाई याचिका में उल्लेख किया है कि नए कलेक्ट्रेट भवन सहित अन्य निर्माण होने से छोटे तालाब के किनारे और प्रोफेसर कॉलोनी के करीब 400 पेड़ों को काटा जाएगा, इससे पर्यावरण खराब होगा। बेंच ने पिछली सुनवाई में इस मामले पर एक कमेटी से जांच के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था, जिस पर मंगलवार को कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है। जांच कमेटी में एमओईएफसीसी के वैज्ञानिक डा. एचवीसी चारी गुंटुपल्ली, सीपीसीबी के क्षेत्रीय निदेशक पेंनतानी जगन, स्टेट लेबल एक्सपर्ट एप्रेजल कमेटी के रिप्रजेंटेटिव डा. अनिल प्रकाश, स्टेट वेटलेंड अथॉरिटी के सदस्य डा. मनोज विश्वकर्मा तथा भोपाल सिटीजन फोरम के अरुण गुर्तू शामिल हैं।

### ऐसे होना है निर्माण कार्य

नए कलेक्ट्रेट भवन का निर्माण 6.90 हेक्टेयर पर होना है। कलेक्टोरेट परिसर की भूमि के साथ 13.00 हेक्टेयर पुनर्चिन्हीकरण योजना के तहत प्रोफेसर कॉलोनी की भूमि का प्लान बनाया है। इसके तहत प्रोफेसर कॉलोनी में कलेक्टोरेट भवन का निर्माण, आयुक्त कार्यालय का निर्माण, यूएडीडी भवन का निर्माण, प्रोफेसर कॉलोनी परिसर-1 में कम्पोजिट बिल्डिंग आदि बनाना है।

## कर्तव्य पथ पर मप्र की झांकी...




भोपाल। गणतंत्र दिवस समारोह के लिए कर्तव्य पथ पर मंगलवार को आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान मध्य प्रदेश की आकर्षक झांकी। यह झांकी आत्मनिर्भर मातृशक्ति थीम पर आधारित है।

1600 केस में चल रही पेंडेंसी, नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के आवेदन भी पेंडिंग

# हुजूर तहसील में बिना सुनवाई केस खारिज, कमिश्नर नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंगलवार को संभाग कमिश्नर डॉ. पवन शर्मा हुजूर तहसील का जायजा लेने पहुंचे, उनके साथ कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह भी मौजूद रहे। कमिश्नर सबसे पहले हुजूर तहसीलदार दिलीप चौरसिया के कोर्ट में पहुंचे, जहां उन्हें भारी पेंडेंसी मिली। कमिश्नर ने जब खारिज केसों के पन्ने पलटे तो पता चला कि कई केसों में बिना सुनवाई के ही अनुपस्थित बताकर केस खारिज किए गए है। जिसको लेकर कमिश्नर ने नाराजगी जाहिर की। तहसीलदार को नोटिस देकर जवाब मांगा है।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने निर्देश दिए कि प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें। आवेदक को आवेदन और एक पेशी में बता दिया जाए कि उसके प्रकरण में आगामी कौन सी तिथि लगी है। जिससे वह नियत दिनांक पर उपस्थित हो और उसके प्रकरण में सुनवाई हो।

### खास बातें

- तहसीलदार को नोटिस, एसडीएम को दी नसीहत
- केसों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए



### गायब मिलीं नायब तहसीलदार

कमिश्नर के निरीक्षण करने की जानकारी होने के बावजूद नायब तहसीलदार सोनिया परिहार गायब मिलीं। कई आवेदक उनके कोर्ट के चक्कर लगाते देखे गए। कमिश्नर ने रुककर नायब तहसीलदार के बारे में जानकारी ली। बताया जाता है कि नायब तहसीलदार के कोर्ट में भी पेंडेंसी चल रही है। आवेदकों को चक्कर कटवाए जाते हैं। कमिश्नर ने एसडीएम को भी नसीहत दी।

## एमपी नगर में युवक को कुत्ते ने काटा



भोपाल। शहर में कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। पिछले एक हफ्ते में नगर निगम के कंट्रोल रूम में 666 शिकायतें कुत्तों के काटने की पहुंची हैं। मंगलवार को एमपी नगर में एक और व्यक्ति को कुत्ते ने काट लिया। पीड़ित प्रवीण शिंदे ने बताया कि उन्हें काटने से पहले भी एक शख्स को काट चुका था और कई लोगों पर हमला कर चुका है। नगर निगम में लगातार शिकायत करने के बाद भी आवारा कुत्ते को नहीं पकड़ा गया है।

# रोहित के 47, गौरव के 16 प्लॉट की रजिस्ट्री होगी रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

## गड़बड़ी सुधारने कोर्ट पहुंचा सहकारिता विभाग

सहकारिता विभाग ने राजधानी की विवादित रोहित हाउसिंग सोसाइटी के 47 और गौरव हाउसिंग सोसाइटी के 16 प्लॉटों की रजिस्ट्री शून्य कराने की तैयारी कर ली है।

विभाग ने इस मामले में सिविल कोर्ट में प्रकरण दायर किया है। दोनों ही सोसाइटी के संचालक मंडलों पर आरोप है कि उन्होंने अपात्रों को प्लॉटों की बिक्री की है। इनमें से तो कई प्लॉट तो सहकारिता विभाग के पूर्व अधिकारियों की पत्नियों के नाम पर हैं।

### रोहित के इन 47 प्लॉट पर लगाया केस

रामजी प्रसाद, मुकेश मिश्रा, टेग बहादुर, विजय लक्ष्मी, सुनील कुमार चौबे, कपिल सिंह, सुदामा सिंह, मुकेश मिश्रा, सत्यनारायण बांगड़, हिमांशु बांगड़, पदमकांत और अन्य, ओंकार नाथ, राजीव शर्मा, केपी जैन, संदीप सिंह चौहान, रंजू रामबहादुर, राम बहादुर, महेश कुमार, कविता सिंह, मंजू सिंह, विजय सिंह, आदित्य कुमार, सुभाष सिंह, सीमा सिंह, हरीश रावतानी, सोफिया कुरैशी, कनक प्रसाद, चित्रा गढ़वाल, रंजन सिंह, जी सिंह, रजनीश जैन, अजय सिंह, मंजू सिंह, सीता सिंह, मुकेश सिंह, विजय कुमार सिंह, अर्चना सिंह, भरत प्रसाद, निकहत कुरैशी, मीना दुबे, संजीव दुबे, मंजय कुमार सिंह, कुमकुम, नम्रता सिंह, शिवकुमार और जितेंद्र सिंह शामिल है।

### गौरव के 16 प्लॉट में फर्जीवाड़ा

शलभ बांठिया, सुनिता सातनकर, सरदारमल नाहर, कैलाश चंद्र पाली, विवेक चौधरी, प्रिंस निगम, राजेश सीतलानी, प्रियंका निगम, सुनील सीतलानी, हरप्रीत कौर, संगीता दुबे, अशोक कुमार नाहर, शमीमा बानो, सुशीला जैन, फातिमा बानो और अंजली कुकरेजा शामिल है।

### कोर्ट में लगाया केस

सहकारिता विभाग ने राजधानी की सहकारी गृह निर्माण संस्थाओं की जांच की थी। इसमें कई गड़बड़ियां मिली है। कई अपात्र सदस्यों को प्लॉट आवंटित किए गए थे। विभाग ने रोहित हाउसिंग कॉपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी के 47 और गौरव हाउसिंग कॉपरेटिव सोसाइटी के 16 प्लॉट की रजिस्ट्री शून्य करने के लिए सिविल कोर्ट में प्रकरण दायर किया है।

**छविकांत वाघमारे**
जिला सहकारी पंजीयक

## मरीज को एक साल से हो रही थी सीने में जलन व पेट दर्द, कई अस्पताल नहीं कर सके इलाज

# आहार नली के कैंसर का ऑपरेशन कर एम्स ने दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

## *मरीज एम्स में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी में पहुंचा*

62 वर्षीय एक मरीज एक साल से सीने में जलन और पेट के ऊपरी हिस्से में परेशानी से पीड़ित था। जांच कराने पर पता चला कि मरीज की आहार नली में वृद्धि हुई है। रोगी ने कई अस्पतालों में इलाज कराया, लेकिन स्वस्थ नहीं हुआ। इसके बाद मरीज एम्स में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी ओपीडी में पहुंचा।

एम्स में जांच हुई तो मालूम हुआ कि बीमारी ग्रास नली तक सीमित थी और ऑपरेशन हो सकता था। इसके बाद सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नीलेश श्रीवास्तव ने सर्जरी करने का निर्णय लिया। बढ़ती उम्र और छाती के बीच में बीमारी की सर्जरी चुनौतीपूर्ण थी। सर्जरी से पहले रोगी को प्रोटीन की खुराक से बेहतर किया गया। 10 दिनों के बाद सर्जरी की गई।

### खास बातें

- जांच कराने पर पता चला कि मरीज की आहार नली में वृद्धि हुई है
- बढ़ती उम्र और छाती के बीच में रोग होने से चुनौतीपूर्ण थी सर्जरी



### 9 घंटे चले ऑपरेशन

9 घंटे चले ऑपरेशन को डॉ. नीलेश श्रीवास्तव, डॉ. सोनवीर गौतम, वरिष्ठ रेजिडेंट और डॉ. हरीश कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर एनेस्थीसिया की टीम ने अंजाम दिया। यह प्रक्रिया एम्स के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. विनय कुमार के मार्गदर्शन में की गई। है।

### ग्रास नली से जोड़कर पाचन तंत्र बनाए रखा

सर्जरी के दौरान मरीज की ग्रासनली को हटाने के बाद पेट से एक पाइप बनाकर उसे शेष ग्रास नली से जोड़कर पाचन तंत्र बनाए रखा गया। इसके बाद क्रिटिकल केयर आईसीयू में अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. सौरभ सहगल ने उनका इलाज किया। मरीज के ठीक होने पर उसे छुट्टी दे दी गई। एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी है।

## अब गले पर नहीं दिखाई देगा चीरे का निशान

# हमीदिया में पहली बार दूरबीन-पद्धति से हुई थाइराइड सर्जरी

शहर के हमीदिया अस्पताल में पहली बार दूरबीन-पद्धति से हुई थाइराइड का ऑपरेशन किया गया। डॉक्टर्स की माने तो महिला की जांच से पता चला कि युवती की गर्दन में गठान है। सर्जरी विभाग ने तय किया कि महिला का ऑपरेशन दूरबीन पद्धति यानि एंडोस्कोपिक थायराइड डेक्टोमी से किया जाए। डॉक्टरों ने बताया कि 23 वर्षीय युवती पिछले 3 महीनों से थायराइड की गठान की समस्या से जूझ रही थी। गठान की वजह से उसे खाने और निगलने में तकलीफ हो रही थी। चूंकि युवती अविवाहित थी और इतनी कम उम्र में गले पर गठान का दिखना उन्हें काफी खराब लगता था।

### युवती के गले में थी गठान

मरीज का कहना था कि सर्जरी के वक्त गले में कोई चीरा या टांके का निशान ना आए, ताकि सर्जरी के बाद दिखने में अच्छा लगे और खाना निगलने की तकलीफ भी दूर हो जाए। सर्जरी के बाद महिला के गर्दन में कोई चीरे एवं टांके नहीं लगाया गया।


आयुर्वेद से आयुष्मान — रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

प्र. मैं अपने बेटे को हाईटॉप सिरप देना चाहता हूं, कृपया हाईटॉप सिरप के सेवन की विधि बताएं। –अनूप कुमार, नरसिंहपुर.
उ. आप बेटे को रतन्स 'हाईटॉप' सिरप २-२ चम्मच रोजाना सुबह-शाम नियमित रूप से सेवन करवा सकते हैं। साथ ही उन्हें ताड़ासन एवं स्ट्रेचिंग वाले व्यायाम करवाएं।

प्र. मेरी समस्या यह है कि मेरी शादी की उम्र हो गई है, मुझे शरीर में फूलापन महसूस होता है, क्या करूं? –रवीना, जबलपुर.
उ. आप रतन के 'ओबेरिड' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम पानी के साथ सेवन कर सकते हैं। योगा अथवा व्यायाम करें, स्वीट व फैट कम लें। कैप्सूल का ९० दिनों का नियमित सेवन बहुत अच्छे परिणाम देता है।

प्र. हम अपने बेटे के बिस्तर गीला करने की समस्या से परेशान हैं। उपाय सुझाएं। –अलका, रायपुर.
उ. बेडवेटिंग की समस्या के लिए आप उन्हें रतन का 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच सुबह-शाम नियमित रूप से दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ाएं।

प्र. मुझे शौच के समय मल के साथ खून जाता है। कमजोरी आती जा रही है। आयुर्वेदिक दवा या उपाय सुझाएं। –जुगल, विदिशा.
उ. मिर्च-मसालों का अधिक सेवन भी समस्या के लिए उत्तरदायी हो सकता है। समस्या के लिए आप रतन्स 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२, सुबह-शाम पानी के साथ नियमित १ माह तक सेवन कर सकते हैं।

प्र. शरीर में उचित आकर्षण की कमी है, कृपया योग्य उपाय बताएं। –एक पाठिका, छिंदवाड़ा.
उ. आप रतन के 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल व 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल्स का तीन माह का कोर्स नियमित रूप से कर सकते हैं।



# मरीन ड्राइव से ब्रीच कैंडी के बीच तैयार हो रही सुरंग




*मुंबई। मुंबई में बन रही देश की सबसे चौड़ी सिलिंड्रिकल टनल के अंदर से होकर जाने में 3 मिनट और बीस सेकंड लगेंगे। मरीन ड्राइव से ब्रीच कैंडी तक 2.07 किमी लंबी सुरंग का उद्घाटन फरवरी के दूसरे हफ्ते में होने की संभावना है। इसका कुछ हिस्सा समुद्र और कुछ पहाड़ी के नीचे है। रोड पर लगभग 6 किमी की दूरी तय करने में कम से कम 30 मिनट लगते हैं और मोटर चालकों को सात यातायात सिग्नल पार करनी पड़ती है। ये टनल गिरगांव (मरीन ड्राइव के आगे) से शुरू होती हैं, उत्तर में अरब सागर, गिरगांव चौपाटी और मालाबार हिल के नीचे से होती हुई हैं ब्रीच कैंडी के प्रियदर्शनी पार्क पर खत्म होगी।*


## कार्यालय नगर पालिका परिषद मंडीदीप जिला - रायसेन म.प्र.

दूरभाष एवं फैक्स नम्बर 07480- 407022 Email - cmomandideep@mpurban.gov.in

क्र./5512/न.पा.प./2024 — मंडीदीप, दिनांक-16.01.2024

// ई-निविदा सूचना//

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निवदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_326388_1 | CONSTRUCTION OF CC RAOD AT WARD NO. 25 SIMRAI FROM HOUSE OF LAXMAN VISHWAKRMA TO GUDDU MEENA HOUSE AND ROOPSINGH RAJPUT HOUSE TO NOOR BEE HOUSE MANDIDEEP | 6,31,618 | 6,320 | 2,000 | 31.01.2024 |
| 2 | 2024_UAD_326419_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO. 24 SQUAR COLONY FROM HOUSE OF YOGESH VISHWAKARMA TO RAMSEWAK SAHU HOUSE MANDIDEEP | 10,38,023 | 7,790 | 2000 | 15.02.2024 |
| 3 | 2024_UAD_326425_1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD AT WARD NO. 24 PIPALIYA GAJJU FORM HOUSE OF ANIL MEENA TO DAYANAND SONI HOUSE MANDIDEEP | 5,61,615 | 5,620 | 2000 | 31.01.2024 |
| 4 | 2024_UAD_326444_1 | CONSTRUCTION OF WBM ROAD AT WARD NO. 25 SIMRAI FROM HOUSE OF MANOHAR RAJPUT TO DHANSINGH RAJPUT HOUSE AND MOHAN RAJPUT TO MAHADEVSINGH NAGAR HOUSE AND APPROACH ROAD TO SAMSAN GHANT | 5,52,077 | 5,525 | 2000 | 31.01.2024 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में नही किया जावेगा।

प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
पुष्पा प्रेमशंकर साहू, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंडीदीप
सुधीर उपाध्याय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मंडीदीप


## जैकेट का शेष

### शाम तक 5 लाख...

किया गया है। आने वाले वर्षों में प्रतिदिन तीन लाख से अधिक लोग अयोध्या आ सकते हैं। अयोध्या को आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, विरासत संपत्तियों और घटनाओं पर ध्यान देने के साथ एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनने की उम्मीद है, क्योंकि आतिथ्य और संबद्ध उद्योगों में महत्वपूर्ण मांग के साथ शहर के कई गुना बढ़ने की संभावना है। शहर को पर्यटन, आर्थिक और धार्मिक गतिविधियों के लिए एक मेगा केंद्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है।

**भीड़ के चलते नड्डा का दौरा का अयोध्या दौरा रद्दः** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को अयोध्या जाने वाले थे पर उनका प्लान रीशेड्यूल किया जा रहा है। अयोध्या में भीड़ के मद्देनजर उनका अयोध्या दौरा रद्द हो गया है। भाजपा का कोई भी बड़ा नेता अगले कुछ दिनों तक अयोध्या दर्शन करने नहीं जाएगा।

**अयोध्या में दर्शन के लिए खोली गई एक लेयरः** अयोध्या में राम मंदिर के प्रांगण में भक्तों की अत्यधिक भीड़ के बीच एक लेयर (कतार) खोल दी गई है। इस बीच, अयोध्या रेंज के एडीजी पीयूष मोरडिया टीटी की ओर से बताया गया कि भारी भीड़ के बीच लोगों की भक्ति नजर आ रही है। फिलहाल दर्शन रोके नहीं गए हैं।

### सीएम ने हेलीकॉप्टर ...

सभी लोगों से अपील करता हूं कि जल्दबाजी न करें। सरकार ने सुरक्षा की व्यवस्था की हुई है और सभी प्रबंध भी किए हुए हैं। व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ एक बार फिर अयोध्या पहुंचे हैं। इस दौरान सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वे भी किया। श्रद्धालुओं को लगातार आसानी से दर्शन कराने के लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट पर है। प्रमुख सचिव-गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी, लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार राम मंदिर के गर्भगृह में मौजूद हैं।

### श्रीरामलला का...

के बच्चे के रूप में खड़ी मुद्रा में स्थापित किए गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़े एक पुजारी अरुण दीक्षित ने बताया कि भगवान राम की मूर्ति का नाम 'बालक राम' रखने का कारण यह है कि वह एक बच्चे की तरह दिखते हैं। जिनकी उम्र पांच साल है।

### राहुल ने कहा...

उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वे डरने वाले नहीं हैं। जब राहुल गांधी से सवाल किया गया कि 'राम लहर' का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है तो उन्होंने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। मोदी जी ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है लेकिन हमारे पास देश को मजबूत बनाने के लिए 'पांच न्याय' की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अयोध्या जाकर दर्शन करेंगे तो उन्होंने कहा कि फिलहाल वे यात्रा पर हैं। पार्टी की ओर से तय रूट में अयोध्या शामिल नहीं है।

**राहुल सहित अन्य नेताओं पर एफआईआरः** यात्रा के खिलाफ गुरुवार को सबसे पहले एफआईआर दर्ज की गई। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने पहले श्रीनिवास बीवी. के एक पोस्ट के जवाब में सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि मैंने असम पुलिस के महानिदेशक को भीड़ को उकसाने के लिए आपके नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। मंगलवार रात को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ असम में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। सीएम सरमा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस सदस्यों की तरफ से आज हिंसा, उकसावे, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिसकर्मियों पर हमले के संदर्भ में राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ धारा 120 (बी) 143/ 147/ 188/ 283/ 427 के तहत केस दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि यह असम की संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। इस तरह के नक्सलवादी हथकंडे हमारी संस्कृति से बिल्कुल विपरीत हैं। आपके गैर जिम्मेदाराना आचरण और दिशा-निर्देशों के उल्लंघन की वजह से अब गुवाहाटी की सड़कों पर भारी जाम लग गया। भीड़ को असम पुलिस के जवानों को मारने के लिए भड़काया। निश्चिंत रहिए, कानून के हाथ बहुत लंबे होते हैं, आप तक जरूर पहुंचेंगे।

### इस यात्रा के पीछे...

के बाद इस बारे में चर्चा कर कोई फैसला लेगा। उनका कहना था कि एक तरफ नरेंद्र मोदी और आरएसएस हैं और दूसरी तरफ 'इंडिया'। 'इंडिया' एक विचारधारा है, एक सोच है। 'इंडिया' के पास देश का 60 प्रतिशत वोट हैं। राहुल गांधी का कहना था कि वह सच्चाई और अपनी विचारधारा के साथ हैं और दुनिया चाहे एक तरफ हो जाए, लेकिन वह अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। अब देखना है कि भाजपा राहुल गांधी की इन बातों पर क्या जवाब देती है।

### बिहार के पूर्व...

है। वह दो कुछ-कुछ समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल दिसंबर 1970 से जून 1971 तक चला था और इसके बाद वह दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक सीएम पद पर रहे थे। पहली बार वह सोशलिस्ट पार्टी और भारतीय क्रांति दल की सरकार में सीएम बने थे और दूसरी बार जनता पार्टी की सरकार में मुख्यमंत्री बने थे।

### 'नेताजी' के सपनों का...

पार्क में आयोजित किया गया है। इसमें गणतंत्र दिवस की झांकियां और सांस्कृतिक सामग्रियों के जरिये देश की समृद्ध विविधता प्रदर्शित की गई हैं।

## पेज एक का शेष

### मप्र मिनरल ब्लॉक्स...

पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था से खनन क्षेत्र को लेकर समाज में विश्वसनीयता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को देश के सभी राज्यों के खनिज मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में 20 से अधिक राज्यों के खनिज मंत्रियों ने भाग लिया। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने की। मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मप्र को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जिसका भारत सरकार से जारी प्रमाण मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदान किया गया। 29 खनिल ब्लॉकों की नीलामी कर मप्र ने देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मप्र की क्रिटिकल मिनरल रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव को प्रदान की गई।

### कोयले से आग...

जाएं और स्पॉट पर ही निराकरण कर देंगे। चूंकि प्रधानमंत्री कहते हैं कि देश में यदि कोयले का इंपोर्ट होता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि, अपने देश में काफी भंडार है। उन्होंने प्रधानमंत्री का जिक्र करते हुए कहा कि कोयले से आग लगती है, पर यह ऊर्जा भी देता है, इसे देखना होगा।

### सस्टेनेबल माइनिंग...

खनिज ब्लॉक्स की नीलामी और नवाचारों से राजस्व बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों को भी खनिज ब्लॉक्स की नीलामी की दिशा में पहल करना चाहिए।

### स्वास्थ्य विभाग में ...

तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के विलय की स्वीकृति दी गई। इसे लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के रूप में पुनर्गठित किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज रूटीन चिकित्सा सेवाएं देने के बजाए अति गंभीर, विशिष्ट उपचार, चिकित्सा शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर की प्रभावी निगरानी हो सकेगी। मेडिकल कॉलेजों की बेस्ट प्रेक्टिसेस का स्वास्थ्य केंद्रों में उपयोग किया जा सकेगा। मेडिकल कॉलेजों से जिला चिकित्सालयों को संबद्ध करना आसान हो जाएगा। स्वास्थ्य नीति और विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं नियंत्रण में सुविधा मिलेगी। आत्म-निर्भर मप्र के रोडमैप में दोनों विभागों के विलय की अनुशंसा की गई थी।

### अब सीआईएसएफ के ...

का नियंत्रण दिया जाएगा जहां हवाई अड्डे जैसी सुरक्षा व्यवस्था होगी जिसमें व्यक्ति की और सामान की जांच एक्स-रे मशीन व मेटल डिटेक्टर से होगी तथा जूतों, भारी जैकेट और बेल्ट को एक ट्रे में रखकर एक्स-रे मशीने से जांच करने का भी प्रावधान है। सीआईएसएफ में करीब 1.70 लाख कर्मी हैं और यह केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आता है। इसके पास देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों के अलावा एयरोस्पेस और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा का भी जिम्मा है।

### कूनो में मादा चीता...

शावको को जन्म दिया है। जिसका पता सोमवार को तब चला,जब मॉनिटरिंग टीम मादा चीता ज्वाला के बाड़े में पहुंची। मंगलवार की सुबह खुद केंद्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया- जंगल में शावकों की आवाज गूंजी। ज्वाला दस महीने में दूसरी बार मां बनी है।

### नन्हे चीता शावकों ...

प्रदेश में चीता प्रजाति के प्राणियों की संख्या अब 21 हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चीतों के कुनबे में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

### भारत पर आधारित ...

में नॉमिनेशन हासिल कर के एक रिकार्ड बना लिया है। वहीं इस बार ऑस्कर 2024 के नॉमिनेशन में 'ओपेनहाइमर' का भी दबदबा देखने को मिला है। इसके अलावा 'बार्बी' और 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' जैसी फिल्मों ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है।

**इनसे होगा मुकाबलाः** सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फीचर में बॉबी वाइनः द पीपल्स प्रेसिडेंट, द इटरनल मेमोरी, फोर डॉटर्स और 20 डेज इन मारियुपोल को भी नामांकित किया गया है। जिमी किमेल की मेजबानी में 96वें अकादमी पुरस्कार 11 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। रॉबर्ट ओपेनहाइमर की भूमिका निभाने वाले सिलियन मर्फी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की श्रेणी में नॉमिनेशन हासिल किया है। इस साल के अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ पिक्चर के लिए 'ओपेनहाइमर' का मुकाबला 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून', 'बार्बी', 'द होल्डओवर्स' और अन्य फिल्मों से होगा।

### स्ट्रीट डॉग्स के काटने...

इलाज के बाद 18 जनवरी को करीब पौने दो बजे सुलेमान की तबीयत बिगड़ी, तो परिजन उसे एम्स अस्पताल ले गए। जहां कुछ देर चले इलाज के बाद सुलेमान को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल कटारा हिल्स थाना पुलिस ने जीरो में मर्ग कायम कर प्रकरण मिसरोद थाना पुलिस को भेज दिया है। गौरतलब है कि मीनाल इलाके में 12 जनवरी को स्ट्रीट डॉग्स ने छह माह के मासूम पर हमला कर मार डाला था। अयोध्या नगर इलाके में 6 महीने के एक बच्चे को कुत्तों ने नोंच-नोंच कर मार डाला था। इसके बाद भी प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठा पाया।

### अस्पताल से डिस्चार्ज ...

बातें कर रहा था। रोते रहता था। उसे दोबारा अस्पताल ले गए। इलाज के बाद डॉक्टर ने कहा कि सुलेमान का ट्रीटमेंट पूरा हो चुका है।

### युवकों की पिटाई...

करने से गुस्साए एसडीएम ने दो युवकों की गाड़ी का पीछा किया। उन्हें रुकवाया। फिर उन्हें अपने मातहतों से पिटवा दिया। दोनों युवकों का सिर फट गया। उनकी गाड़ी भी फोड़ दी गई। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है।

#### *युवक ने कहा...*

विनोद वर्मा के साथ ही चालक और एक अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें आईपीसी की धारा 323, 254, 341, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि एसडीएम, तहसीलदार के साथ ही दो अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।


हरिभूमि क्लासीफाइड — संपर्क सूत्र : 9407279644, 9300009644

**-:नाम परिवर्तन सूचना:-**

मैं Juyee Vishal Nandurkar W/o Mr. Vishal Nandurkar मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम Malvika Amarendra Upadhye त्रुटिवश अंकित हो गया है। मेरे पेन, आधार कार्ड एवं मैरिज सर्टिफिकेट में मेरा नाम Juyee Vishal Nandurkar W/o Mr. Vishal Nandurkar अंकित है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजों में Juyee Vishal Nandurkar W/o Mr. Vishal Nandurkar के नाम से जाना व पहचाना जावें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, सैयद साद अली (SYED SAAD ALI) पुत्र श्री शोएब अनवर हाशमी (SHOEB ANWAR HASHMI) निवासी म.न. 11, एकता बिलाल कॉलोनी, न्यू जेल रोड, करोंद, हुजूर, भोपाल म.प्र. मेरा पासपोर्ट क्रमांक K4886164 है, जिस पर मेरा नाम SAAD ALI दर्ज है। मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SYED SAAD ALI दर्ज है, उपरोक्त दोनों ही नाम अर्थात SAAD ALI एवं SYED SAAD ALI मेरे ही नाम हैं, दोनों नामों का मैं एकमात्र व्यक्ति हूँ, इसी नाम से आगे भविष्य में जाना एवं पहचाना जाउंगा। अतः सूचित हो।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम CHITRANJAN KUMAR TYAGI था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर CHITRANJAN TYAGI हो गया है। अतः भविष्य में अब मुझे मेरे इसी नए नाम CHITRANJAN TYAGI से जाना व पहचाना जाए। ADDRESS : 3, ARANYA ENCLAVE BAG MUNGALIA, BHOPAL, PIN - 462043, MADHYA PRADESH, INDIA

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म / प्लॉट — 7509861369, 7509861379
प्रीमियम फार्म हाउस
फार्म हाउस 349/- Sqft.
▸ निवेश का सुनहरा मौका
▸ डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है
▸ पूर्णतः विकसित फार्म हाउस
प्लॉट मात्र 699/- से शुरू
प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km)
फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी





Hindblaze® SMART WAY TO KITCHEN
TOLL FREE:- 1800 203 0585
HINDBLAZE APPLIANCES PVT. LTD.
Shopy:- Shop No 4/6 Aamer Complex Zone II Mp Nagar Bhopal 462010
Dealership & Trade Enquirie:- 88894 22296 Auth. Dist:-Sundram Sales And Service:- 88894 22295





Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कबिस्तान के सामने मोती मस्जिद भोपाल




## राशिफल

**मेष:** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।

**वृष:** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कर्क:** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।

**वृश्चिक:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु:** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक होंगे।

## शब्द पहेली - 5404



**बाएँ से दाएँ**
1.आरोपित, तथाकथ्य-5
4.प्रलय, वज्रपात-4
7.परिमाण, माप-2
8.प्लेट,तश्तरी-3
9.भीगा हुआ-2
10.वेश्या, गणिका-4
11.ज्वालामुखी से निकला द्रव पदार्थ-2
13.अपवित्र (उर्दू-3)
14.दान करने वाला-2
15.आंचल-3
17.पंख-2
19.चाहे जो भी हो -5
22.अनूठापन,विचित्रता-5
25.उम्मीद,आस-2
26.अनाशवान,अक्षय-3
28.सुनील शेट्टी की पहली फिल्म-2
29.बंदर, मर्कट-3
30.सम्मान, आदर-2
32.करामात,करिश्मा-4
34.नवीन,नव-2
36.नसीरुद्दीन और अर्चना पूरणसिंह की फिल्म-3
37.शारीरिक ऊंचाई-2
38.भाग्य,लक-4
39.रावण,दशानन-5

**ऊपर से नीचे**
1.तपस्या-2
2.कॉफी-3
3.तरफदारी करनेवाला-5
4.जन जाति, झुंड-3
5.वोट-2
6.बढ़ई,खाती-4
7.जो मुनासिब न हो-5
10.भाग्य (उर्दू-4)
12.प्रतिज्ञा,वचन-2
16.राजा,राजन-3
17.क्षण-2
18.संपूर्ण,देवी का एक नाम-2
20.रनिवास (उर्दू-3)
21.नुकसान,घाटा-2
22.रजनी, रात्रि-2
23.अनुपम,बेजोड़-4
24.जिसे घर में ही कैद किया गया हो-5
25.आतंक फैलानेवाला-5
26.धरोहर,थाती-4
27.लक्ष्मी-2
31.निगाह,दृष्टि-3
33.बैचेनी,परेशानी,संघर्ष-3
35.लद्दाख में पाया जानेवाला बैल जैसा एक जानवर-2
37.टैक्स, हाथ-2

### शब्द पहेली- 5403 का हल



## सुडोकू नवताल - 5414

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सुडोकू नवताल - 5413 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

## खबर संक्षेप

### सिएट ने स्टील रेड टायर के दो वेरिएंट लांच किए

**मुंबई।** टायर निर्माता सिएट अपने स्टील रेडियल टायर स्पोर्टरेड और क्रॉसरेड की एक नई रेंज के साथ



अपने दोपहिया टायर रेंज की परफॉर्मेंस को एक नए ही स्तर पर ले गई है। क्रॉसराड श्रृंखला यामाहा एफजेड श्रृंखला और सुजुकी जिक्सर श्रृंखला जैसी मोटरसाइकिलों के साथ मेच करते हैं और टायरों के सेट की कीमत 4,300 है। क्रॉसराड श्रृंखला केटीएम आरसी 390, डुके390 बजाज डोमिनार 400, टीवीएस अपाचे आरआर310 जैसी उच्च प्रदर्शन मोटरसाइकिलों के साथ मेल खाते हैं और टायरों के सेट की कीमत 12,500 रुपए है।

### कामधेनु का 1000 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य

**गुरुग्राम।** कामधेनु कलर एंड कोटिंग्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, सौरभ अग्रवाल ने कहाकि कामधेनु पेंट्स अपने चैनल पार्टरन /कर्मचारियों को उनके अटूट समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करने में विश्वास करते हैं। थाईलैंड की यह यात्रा उस सम्मान को व्यक्त करने का हमारा तरीका था। हम दिल से आभार व्यक्त करते हैं और ऐसी यादें छोड़ते हैं जो जीवन भर याद रहेंगी। हमारे चैनल भागीदारों के साथ तालमेल में हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2028 तक 1000 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करना है। इस शानदार आयोजन ने उत्साह, विलासिता और सांस्कृतिक तल्लीनता की नई ऊंचाई का वादा किया, जिससे यह जीवन भर की यादगार यात्रा बन गई।

### आईडीबीआई बैंक का लाभ 4000 करोड़ रु. के पार

**भोपाल।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ साल दर साल 57 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज करते हुए 1,458 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 2,327 करोड़ रहा। शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 4.72 फीसदी दर्ज किया गया तथा शुद्ध ब्याज आय 17 फीसदी साल दर साल वृद्धि के साथ 3,435 करोड़ रुपए रही। जमा की लागत में 83 बीपीएस वृद्धि के साथ 2023 की तीसरी तिमाही के लिए 3.51 फीसदी के मुकाबले 2024 की तीसरी तिमाही के लिए 4.34 फीसदी हो गई। सीआरएआर 18 बीपीएस की साल दर साल वृद्धि के साथ 20.32 फीसदी रहा। संपत्ति पर रिटर्न साल दर साल 48 बीपीएस की वृद्धि के साथ 1.70 फीसदी दर्ज किया गया ।

### विकास लाइफ ने किया सबसे बड़ा इंवेस्टमेंट

**नई दिल्ली।** विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने मशहूर स्काई 2.0 क्लब, दुबई में प्रमुख हिस्सेदारी के अधिग्रहण में अब तक का सबसे बड़ा इन्वेस्टमेंट किया है। यह अधिग्रहण विकास लाइफकेयर लिमिटेड और होल्डिंग कंपनी मेसर्स ब्लू स्काई इवेंट हॉल एफजेड-एलएलसी, दुबई के बीच स्काई 2.0 क्लब बिजनेस में 60 फीसदी हिस्सेदारी और संबंधित बिजनेस सेगमेंट में भविष्य के सभी बिजनेस वेंचर्स के अधिग्रहण के लिए हस्ताक्षरित एक लगभग 130 मिलियन अमरीकी डालर के इंटरप्राइज वैल्यूएशन की शेयर स्वैप डील है। अधिग्रहण की प्रक्रिया इसी वित्तीय वर्ष में पूरी कर ली जाएगी।

### गेमिंग को बढ़ावा देने किया कैंपेन लांच

**नई दिल्ली।** यूजर सेफ्टी और रेस्पॉन्सिबल गेमिंग के माहौल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत भारत के सर्वाधिक यूजर-सेंट्रिक, साइंटिफिक एवं इनोवेटिव स्किल गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्स24x7 ने अपने प्रोडक्ट प्लेटफॉर्म रमीसर्किल पर खेलो बेफिकर, जीतो रमीसर्किल पर कैंपेन लांच किया है। ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर के लिहाज से 2023 उल्लेखनीय वर्ष रहा है। घरेलू गेमिंग प्लेटफॉर्म्स की वैधता को लेकर ज्यादा स्पष्टता आई है। इससे विकास को लेकर उनकी संभावनाएं साकार हुई हैं ।

## शेयर बाजार में फिर कोहराम
## सेंसेक्स में 1053 अंकों की भारी गिरावट

# निवेशकों के डूब गए 8.38 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एचडीएफसी बैंक जैसे हैवीवेट स्टॉक की भारी गिरावट ने घरेलू इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टीको तोड़ दिया। सेंसेक्स टूटकर 70400 और निफ्टी भी 21300 के नीचे आ गया है। वहीं पिछले हफ्ते सेंसेक्स 73300 और निफ्टी 22000 के पार पहुंचकर बंद हुए थे। फार्मा शेयरों मंगलवार को मार्केट को संभालने की कोशिश तो की , लेकिन बाकी सेक्टर से इसे सपोर्ट नहीं मिल पाया। मार्केट की इस गिरावट पर आज बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 8.37 लाख करोड़ रुपए गिर गया यानी निवेशकों के 8.37 लाख करोड़ रुपए डूब गए।





**निफ्टी बैंक 2.26 फीसदी टूटा:** सेंसेक्स 1053.10 प्वाइंट यानी 1.47 फीसदी की गिरावट के साथ 70370.55 और निफ्टी 333 प्वाइंट यानी 1.54 फीसदी टूटकर 21238.80 पर बंद हुआ है। अब सेक्टरवाइज बात करें तो आज निफ्टी के सिर्फ फार्मा और हेल्थकेयर इंडेक्स ही ग्रीन जोन में बंद हुए हैं। निफ्टी बैंक 2.26 फीसदी टूटकर बंद हुआ है।

### गिरावट में रिलायंस और एचडीएफसी बैंक का योगदान

ग्लोबल बाजारों में तेजी के बावजूद घरेलू मार्केट में गिरावट रही। बैंक, ऑयल एंड गैस, एफएमसीजी और मेटल शेयरों में गिरावट रही जबकि फार्मा और आईटी शेयरों में खरीदारी देखी गई। निफ्टी में आई गिरावट में रिलायंस और एचडीएफसी बैंक का आधे से ज्यादा योगदान रहा।

### निवेशक जनवरी में कर चुके हैं 13,000 करोड़ की बिकवाली

जानकारों का कहना है कि पश्चिम एशिया और लाल सागर में तनाव से निवेशकों में चिंता है। अगर कुछ गड़बड़ होती है तो मार्केट पर इसका असर होगा। विदेशी निवेशकों ने दो महीने तक भारत में खरीदारी की थी, लेकिन इस महीने वे अब तक 13,000 करोड़ रुपए की बिकवाली कर चुके हैं।

### निवेशकों की पूंजी तेजी से घटी

बाजार की गिरावट के चलते मंगलवार को निवेशकों की पूंजी तेजी से घटी है। एक कारोबारी दिन पहले यानी 20 जनवरी 2024 को बीएसई पर लिस्टेड सभी शेयरों का कुल मार्केट कैप 374.41 लाख करोड़ रुपए था। आज यानी 23 जनवरी 2024 को यह गिरकर 366.04 लाख करोड़ रुपए रह गया। इसका मतलब हुआ कि निवेशकों की पूंजी आज 8.37 लाख करोड़ रुपए घटी है।

## ऑटोमोबाइल्स सेक्टर में कारों की बिक्री, वैवाहिकी मुहूर्तों ने बढ़ाई वाहनों की मांग

# छोटी कारों के मुकाबले कॉम्पैक्ट एसयूवी के प्रति बढ़ा खरीदारों का ज्यादा आकर्षण

वाणिज्य प्रतिनिधि ▸▸ भोपाल

शादियों के सीजन ने मध्यप्रदेश सहित देशभर के बाजारों में रौनक दिख रही है। शादियों के इस सीजन में कारों और खासतौर से कॉम्पैक्ट स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) की मांग अधिक दिख रही है। आमतौर पर शादियों के दौरान गिफ्ट देने के लिए छोटी कारों की मांग रहती है।





### कुल बिक्री में शादियों के सीजन की हिस्सेदारी 15-20 फीसदी रहती है

भोपाल आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अलावा आरएमजे ग्रुप के सीएमडी सुनील जैन 501 के अनुसार शादियों के सीजन में वाहनों की ब्रिक्री हमेशा अच्छी रहती है। इस बार भी रुझान सकारात्मक दिख रहा है। कुल बिक्री में शादियों के सीजन की हिस्सेदारी 15-20 फीसदी रहती है। उन्होंने कहाकि दोपहिया वाहनों के लिए शादियों का यह सीजन खास रहेगा, क्योंकि गर्मियों में शादी-विवाह में कारों के मुकाबले दोपहिया की मांग अधिक रहती है।



### वैवाहिकी सीजन में कारों की बिक्री के बेहतर आंकड़े आएंगे

आरएमजे मोटर्स/ रूपराज मोटर्स के सुनील जैन 501/ आशीष जैन के अनुसार शादियों के सीजन से कारों की खुदरा बिक्री को हमेशा से समर्थन मिलता रहा है खासकर मध्य और उत्तर भारत में। बेहतर मांग को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार वैवाहिकी सीजन में कारों की बिक्री के बेहतर आंकड़े आएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार शादियों का सीजन इसलिए भी खास है क्योंकि खरीदारों में छोटी कारों के मुकाबले कॉम्पैक्ट एसयूवी का आकर्षण अधिक है।



### सरकार ने सोने-चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर बढ़ाया आयात शुल्क

10 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी हुआ



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोने-चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर लगने वाले आयात शुल्क में इजाफा करने का फैसला किया है। सरकार ने इसे मौजूदा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। सरकार की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, सोने-चांदी की धातुओं और कीमती धातुओं के सिक्कों पर आयात शुल्क अब 15 प्रतिशत होगा। इसमें 10 प्रतिशत बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) और पांच प्रतिशत एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) शामिल है। अब इस पर सामाजिक कल्याण अधिभार (एसडब्ल्यूसी) से इसमें छूट मिलेगी। मंत्रालय ने कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क बढ़ा दिया है। आयात शुल्क में एसडब्ल्यूएस से छूट मिलेगी पर इसके तहत 10 फीसदी मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और 4.35 फीसदी एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) शुल्क देय होगा, जिससे यह बढ़ाकर 14.35 फीसदी हो गया है। अधिसूचना के अनुसार आयात शुल्क की नई दरें प्रभावी हो गईं।

## ग्राहकों को सशक्त बनाने

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 'सरल स्वधन सुप्रीम और स्मार्ट स्वधन सुप्रीम' लांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने दो उत्पाद एसबीआई लाइफ - सरल स्वधन सुप्रीम' और स्मार्ट स्वधन सुप्रीम लांच किए हैं, जिसके तहत न केवल लाइफ कवर मिलता है बल्कि ग्राहक के वित्तीय उद्देश्यों को पूरा करने के लिए परिपक्वता पर प्रीमियम की वापसी का लाभ भी मिलता है। नए उत्पाद बीमा और वित्तीय कल्याण के बीच आवश्यक संबंध के बारे में बढ़ती जागरूकता को पूरा करके ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं। ये योजनाएं पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु पर एकमुश्त लाभ प्रदान करती हैं और यदि बीमित व्यक्ति पॉलिसी अवधि के दौरान जीवित रहता है तो भुगतान किए गए कुल प्रीमियम भी प्रदान करती हैं।

SBI Life INSURANCE
With Us, You're Sure

### सुरक्षा प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार प्लान

दोनों प्लान को व्यक्तियों को अपने प्रियजनों को जीवन की अनिश्चितताओं से बचाने में मदद करने के साथ-साथ एक मजबूत वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। नए उत्पाद उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करते हैं, प्रीमियम भुगतान की शर्तें, पॉलिसी अवधि, प्रीमियम भुगतान आवृत्ति आदि चुनने की लचीलापन प्रदान करते हैं।

### बीमा समाधान पेश करने में गर्व: गुलानीकर

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के अध्यक्ष, बिजनेस स्ट्रैटेजी, अभिजीत गुलानीकर ने कहाकि एसबीआई लाइफ ऐसे बीमा समाधान पेश करने में गर्व महसूस करता है जो उपभोक्ताओं को उनके प्रियजनों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किफायती लाइफ कवर प्रदान करता है। ये बीमा समाधान सामर्थ्य, सरलता और लचीलापन प्रदान करते हैं, जो बीमाकृत घटना न होने की स्थिति में भी सुरक्षा और प्रीमियम की वापसी की विशिष्ट बीमा आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में निकली राम बारात

**भोपाल।** भारत के इतिहास में एक और अध्याय जुड़ गया है। रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा ने अयोध्या में इतिहास रचा दिया। इस पल का सभी सनातनियों के साथ-साथ पूरे देश को अरसों से इंतजार था। अयोध्या में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के महा उत्सव को पूरा देश जश्न की तरह मना रहा है। इस अवसर पर देश भर में जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी भोपाल में भी खासा उत्साह देखा गया। राजधानी की



कोलर रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में भी रामलला की स्थापना को लेकर भव्य आयोजन किया गया। परिसर में कलश यात्रा निकाली गई। भगवान राम और सीता के साक्षात रूप को यहां के छात्र-छात्राओं द्वारा दर्शाया गया। वहीं राम बारात का आयोजन भी यूनिवर्सिटी कैम्पस में किया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे और डायरेक्टर श्वेता चौकसे द्वारा सीता राम बने कलाकारों का हार फूल से स्वागत किया गया।

### मानसरोवर प्रांगण में हवन पूजन, भावविभोर हुए दर्शक

**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में अयोध्या में श्रीरामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान मानसरोवर प्रांगण में हवन-पूजन और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रांगण में सभी प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ ने कैम्पस में लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीन पर श्री राम लला के लाइव दर्शन किए। वहीं विद्यार्थियों ने सिया राम की मानव श्रृंखला का निर्माण कर जय श्री राम के नारे लगाए। मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की चांसलर मंजुला तिवारी और चीफ एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर गौरव तिवारी ने संपूर्ण मानसरोवर परिवार की तरफ से श्री रामचरितमानस के मासपारायण पढ़ कर श्री राम चरणों में समर्पित किए। इस दौरान मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी दर्शक श्री राम की आराधना, पूजन अर्चन कर ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इस दौरान मानसरोवर डेंटल कॉलेज कैम्पस, मानसरोवरेश्वर महावीर मंदिर से श्री राम भक्तों की एक रैली निकाली गई ।

### भाभा विवि में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में श्रीराम प्रभु की जन्म भूमि पवित्र नगरी अयोध्या में रामलला के बाल स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें संगीतमय सुंदरकांड एवं पंडित पीएन त्रिपाठी द्वारा भगवान राम का चरित्र -चित्रण एवं अयोध्या द्वारा स्क्रीन पर देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ.दिलीप कुमार डे ने आज राम भक्तों की वर्षो पहले प्रतीक्षा का अंधेरा छट गया है



और रामजन्म भूमि को उसका पुराना गौरव प्राप्त किया है। कुल सचिव डॉ.श्याम पाटकार ने आपने संबोधन में कहा की अयोध्या धाम में अलौकिक क्षण हर किसी को भाव विभोर कर ने वाला है। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

### अजीम प्रेमजी विवि में पीजी कोर्सेस में प्रवेश शुरू

**भोपाल।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अपने पूर्णकालिक दो वर्षीय पीजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें एमए एजुकेशन, एमए डेवलपमेंट स्टडीज, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ और एमए अर्थशास्त्र कोर्सेस शामिल हैं। प्रवेश प्रक्रिया से महत्त्वपूर्ण तारीख़ें निम्नलिखित हैं आवेदन की अंतिम तारीख 9 फरवरी, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 10 मार्च 2024 साक्षात्कार अप्रैल 2024, आवेदन प्रस्ताव मई 2024, कक्षाओं की शुरुआत जुलाई में होगी। यह कोर्सेस अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए विद्यार्थियों में सामाजिक प्रतिबद्धता व विशेषज्ञता निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है। इसके जरिए सार्थक करियर बनाने के मौके मिलें। विद्यार्थियों को उनके ऐच्छिक और अपेक्षित कॅरियर के अवसरों को उपलब्ध करवाने के लिए समर्पित करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सेल है। प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को काम करने की बेहतर जगह खोजने में मदद करने वाले मंच के रूप में कार्य करता है, ताकि वे समाज को बेहतर बनाने की दिशा में में योगदान दे सकें।

### व्यापारियों ने हनुमानगंज गल्ला बाजार में जलाई उमंगों की रोशनी

भोपाल। हनुमानगंज गल्ला बाजार के व्यापारियों ने रामोत्सव और प्राण प्रतिष्ठा हर्षोउत्साह पूर्वक मनाया। दीपक पसारी ने बताया कि सभी व्यापारियों ने सुंदरकांड का पाठ किया और उमंग की रोशनी स्वरूप फुलझड़ी जलाई और आतिशबाजी की। इस अवसर पर सत्यनारायण बांगड़ शैलेंद्र कुमार जैन, राजू खंडेलवाल, अनुराग माथुर, महेंद्र मोता, अनिल भाई,



शंकर बत्रा, शंकर सचदेवा, सौरभ जैन, अपूर्व पवैया , प्रहलाद दास खंडेलवाल, कृष्ण कुमार बांगड़, कपिल खंडेलवाल, दीपू वाधवानी, दीपक मालपानी, रवि वाधवानी, गिरीश राठी, संजय राठी एवं सैकड़ों व्यापारी उपस्थित थे।

### साइकिल प्योर ने किया 111 फीट की अगरबत्ती का अनावरण

**भोपाल।** अगरबत्ती निर्माता साइकिल प्योर अगरबत्ती ने स्थानीय शिल्प कौशल की समृद्ध परंपरा को श्रद्धांजलि के रूप में 111 फीट की विशाल अगरबत्ती का अनावरण करके आसमान में चमक का स्पर्श जोड़ा। यह विस्मयकारी कार्यक्रम तीन सांस्कृतिक रूप से जीवंत स्थानों मैसूरु, महाराष्ट्र और गोवा में एक साथ आयोजित हुआ, जो विविध कारीगर विरासत का समर्थन करने और जश्न





मनाने की हार्दिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज की मां सरस्वती ने सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों प्रताप सिम्हा, सांसद, मैसूर कोडागु और टीएस श्रीवत्स,विधायक, कृष्णराज की उपस्थिति में अगरबत्ती प्रज्वलित की। यह 111 फीट की अगरबत्ती उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो शिल्प कौशल की दुनिया में अपनी खुशबू के माध्यम से खुशियां फैलाती है।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने किया आईआईएम में 'रंगावती एक्सीलेंस सेंटर' का उद्घाटन

**संबलपुर।** आईआईएम संबलपुर में 9वें पैन आईआईएम वर्ल्ड मैनेजमेंट कॉन्फ्रेंस (डब्ल्यूएमसी) में एक महत्वपूर्ण शुरुआत हुई। जहां केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'सांस्कृतिक और सतत प्रबंधन के लिए रंगावती एक्लीलेंस सेंटर' का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक और सतत प्रबंधन के लिए रंगावती एक्लीलेंस सेंटर के बारे में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, यह सेंटर नृत्य, भावपूर्ण गीत, प्रकृति पूजा और समृद्ध खाद्य



संस्कृति सहित ओडिशा की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का केंद्र साबित होगा। इसका प्राथमिक ध्यान पश्चिमी ओडिशा की कला, साहित्य, संस्कृति और इतिहास पर शोध करना होगा, जिसमें वस्त्रों पर विशेष जोर दिया जाएगा। यूएन ग्लोबल कॉम्पैक्ट के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रत्नेश झा, एसएन त्रिपाठी, महानिदेशक, आईआईपीए, नई दिल्ली और रोमल शेट्टी, सीईओ, डेलॉइट ने उद्घाटन समारोह की गरिमा बढ़ाई।

### हैवेल्स ने इंडोर लाइटिंग से रोशन किया श्री राम मंदिर

**अयोध्या ।** हैवेल्स ने श्रीराम जन्मभूमि परिसर, अयोध्या, उत्तर प्रदेश में श्रीराम मंदिर के प्रकाश व्यवस्था के ऐतिहासिक प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह बेहद गर्व का का विषय है कि हैवेल्स ने अपने असाधारण लाइटिंग सॉल्युशन के माध्यम से श्रीराम मंदिर की भव्यता को और भी ज्यादा समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी की क्वालिटी और इनोवेशन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने न केवल मंदिर को रोशन किया है, बल्कि भक्तों और मेहमानों के लिए एक दिव्य वातावरण का भी निर्माण किया है। श्री राम मंदिर परियोजना के लिए हैवेल्स ने सावधानीपूर्वक ज़िम्मेदारी का निर्वाह किया, जिसमें इस पवित्र मंदिर के सुंदर और आध्यात्मिक वातावरण को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक लाइटिंग एलिमेंट की सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग और उनको चालू करना शामिल था। हैवेल्स इंडिया के प्रेसिडेंट, पराग भटनागर ने कहाकि श्री राम मंदिर को रोशन करने का उत्तरदायित्व को सौंपे जाने से हम सम्मानित और सौभाग्यशाली महसूस करते हैं, इस पवित्र स्थल की एतिहासिक विरासत में योगदान दे रहे हैं। मंदिर के कपाट जब श्रद्धालुओं और आगंतुकों के लिए खुलेंगे, हमें यह जानकर गर्व होगा कि हमारे लाइटिंग सॉल्युशन ने न केवल आसपास के वातावरण की भव्यता को बढ़ाया है।

## खूंटी के तोरपा स्थित एनएचपीसी ग्राउंड में

# मुख्यमंत्री ने किए 'अबुआ आवास योजना' के स्वीकृति पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रांची

अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम चरण में खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि 'झारखण्ड के आदिवासी मूलवासी और जरूरतमंद लोग बढ़ रहे हैं।

बिहार राज्य से अलग होने के बाद झारखण्ड का यह पहला कदम है, जब सरकार लोगों को मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन कर सकने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना का शुभारंभ यहां से हो रहा है।यहां आबुआ आवास योजना के तहत लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व में भी आपके बीच आकर आपको सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया। अलग अलग समय पर पदाधिकारियों ने आपके द्वार जाकर आपकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थी अब अबुआ आवास निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। खूंटी और सिमडेगा



में करीब 75 हजार अबुआ आवास का निर्माण विभिन्न चरणों में होगा। राज्य संपोषित है 'अबुआ आवास योजना'। मुख्यमंत्री ने कहा गरीबों को आवास देने की सूची राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को उपलब्ध कराया था। इसमें आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। इसकी सूची पोर्टल में भी अपलोड कर दिया गया। यह तीन कमरों और रसोईघर युक्त पक्का आवास होगा।

पूर्व में पीएम आवास योजना के तहत दो कमरों का आवास निर्माण किया जाता था, जिसके लिए एक लाख 30 हजार रुपए दिए जाते थे। आपकी सरकार अबुआ आवास निर्माण हेतु 02 लाख रुपए दे रही है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान करीब 30 लाख आवेदन प्राप्त हुए। सत्यापन के उपरांत 20 लाख जरूरतमंदों को विभिन्न चरण में आवास उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है।

सरकार आठ लाख से बढ़ाकर 20 लाख आवास का निर्माण करेगी। पहले की अपेक्षा बेहतर आवास सरकार देगी। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के कई अवसर उपलब्ध करा रही है। निजी क्षेत्र स्थानीय लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण तय कर दिया है। इसके तहत 50 हजार से अधिक हुनरमंद युवाओं को विभिन्न उद्योगों में रोजगार दिया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **युवराज** पुत्र गोपाल निवासी बिला खेड़ी, डाकघर ब्रागा, जिला गुना, म०प्र० प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1026/20 दिनांक 14.12.2020 धारा 390/457/411/34 भा.द.स. थाना ख्याला, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **युवराज** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **युवराज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1026/20 दिनांक 14.12.2020 धारा 390/457/411/34 भा.द.स. थाना ख्याला, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **युवराज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार: सुश्री शगुन
महानगर दण्डाधिकारी–04 (पश्चिम),
कमरा नं. 268, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/871/WD/24

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील कोलार**
**जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 2261/अ-6/23-24

-: **इश्तहार** :-

आवेदक श्री महेन्द्र पाराशर आ. श्री भगवानदास पाराशर म.नं. 218 सेक्टर 5 ग्राम राधापुरम समरधा कलियासोत स्थित खसरा क्रमांक 76/1/2/2, 76/1/3/2, 76/3, 77/2, 91/1, 72/2/1/1 का अंश भाग भूखण्ड क्रमांक 210 क्षेत्रफल 630.10 वर्ग फिट विक्रयपत्र से क्रय की है क्रय उपरांत उक्त संपत्ति का नामांतरण/बटान/दरूस्ती हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएवं एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि इस संबंध मे किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस आम सुचना के जारी होने के दिनांक 30/1/24 में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया

**तहसीलदार**
**तहसील कोलार**
**जिला भोपाल**

चिंतन

# सोलर ऊर्जा क्षेत्र में होगा नया 'सूर्योदय'

प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना बिजली बचत क्षेत्र में क्रांतिकारी साबित हो सकती है। घरेलू और सरकारी व निजी दफ्तर में अगर रोशनी के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग व्यापक स्तर पर होने लगे तो लाखों मेगावाट बिजली की बचत हो सकती है। भारत सरकार ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की सोमवार को शुरूआत की है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार देशभर में एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाएगी। भारत में लगभग 31 करोड़ परिवार हैं, शुरू में सरकार ने एक करोड़ आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर में सोलर सिस्टम लगाने का फैसला किया है। इस योजना को बहुत पहले शुरू किया जाना था। अभी केंद्र सरकार सोलर एनर्जी से जुड़ी योजना 'नेशनल रूफटॉप स्कीम' चला रही है। इस योजना के तहत अगर आप अपनी छत पर सोलर पैनल लगाना चाहते हैं तो 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने पर सरकार की ओर से 40 फीसदी सब्सिडी (प्रति किलोवाट 14,588 रुपये) दी जाती है। रूफटॉप सोलर योजना फेज-2 के तहत 30 नवंबर 2023 तक देश में रूफटॉप सोलर से 2,651 मेगावाट क्षमता को स्थापित किया जा चुका है। रूफटॉप योजना के सेकेंड फेज को 31 मार्च 2026 तक बढ़ाया गया है। केंद्रीय नवीनीकृत ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने हाल ही में बताया था कि रूफटॉप सोलर कार्यक्रम के दोनों फेज से अभी 10,407 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। अभी गुजरात, केरल व महाराष्ट्र रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने में आगे हैं। सोलर सिस्टम से प्रदूषण नहीं होता, ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी आती है व पर्यावरण का संरक्षण होता है। सरकार ने बिजली बल्ब बदल कर एलईडी बल्ब के प्रयोग को बढ़ावा देकर बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाया था। कोल व परमाणु से बिजली उत्पादन व वितरण खर्चीला है। बिजली की दर अभी शहरों में पांच से सात रुपये यूनिट है, जो मध्यवर्ग पर बड़ा बोझ है। अगर देश में घरेलू खपत के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा होने लगे तो बड़े पैमाने पर बिजली की बचत होगी। भारत ऐसा देश है, जहां सूर्य की सीधी रोशनी लगभग साल भर उपलब्ध रहती है, ऐसे में सोलर एनर्जी के लिए भारत का एकदम अनुकूल है। देश में सभी घरों पर जो करीब 31 करोड़ हैं, सभी सरकारी व निजी दफ्तरों, जो करोड़ों में हैं, पर अगर सोलर सिस्टम लग जाए तो बिजली बचत के मामले में क्रांति आ जाएगी। भारत जिस तेजी से वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ आगे बढ़ रहा है, उसमें सोलर एनर्जी की भूमिका अहम है। बेशक कांग्रेस ने भारत सरकार की सूर्योदय योजना को एक और जुमला कहा है, लेकिन सोलर एनर्जी योजना की पहली शुरूआत करने में कांग्रेस सरकार की अतीत में भूमिका रही है। वर्तमान की मोदी सरकार तेजी से सोलर एनर्जी पर काम कर रही है। भारत इंटरनेशनल सोलर एलांयस का भी संस्थापक सदस्य है। सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक एनर्जी व हरित हाइड्रोजन भविष्य के ऊर्जा स्रोत हैं। ये समूचे विश्व के एनर्जी स्पेक्ट्रम को बदलने वाले हैं। खास बात है कि भारत इन सभी अल्टरनेटिव एनर्जी स्रोत के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। भारतवासियों के घर की छत पर उनका अपना सोलर रूफटॉप सिस्टम होना ही चाहिए। छोटे छोटे कदम से बड़े बदलाव होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अपने ऐसे ही विजनरी कदमों से देश में बड़े-बड़े बदलाव की पटकथा लिख रहे हैं। डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, जनधन, डीबीटी, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान निधि, स्वच्छ भारत, हाई-वे, आई-वे, नए एयरपोर्ट, पोर्ट, एलईडी बल्ब, वंदे भारत जैसी हाईस्पीड ट्रेन, रेल ट्रैक आधुनिकीकरण आदि सैकड़ों ऐसी योजनाएं हैं, जिनसे देश परिवर्तन की राह पर है। प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से सोलर एनर्जी के घरेलू उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। इसमें बचतशास्त्र भी है और अर्थशास्त्र भी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली बिल तो कम होगा ही, भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा।



जयंती विशेष
नरेंद्र मोदी

# सच्चे जननायक थे कर्पूरी ठाकुर

**जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल न हो। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। आज भले ही कर्पूरी ठाकुर हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।**

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर। आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानी समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है! कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानी जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठे हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें, लेकिन कर्पूरी जी ने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया। सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था। अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया, क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने



बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए कई अहम कदम उठाए। डेमोक्रेसी, डिबेट और डिस्कशन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा थे। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए कर्पूरी ठाकुर ने एक ठोस कार्ययोजना बनाई थी। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देशभर में सकारात्मक बदलाव आया है।

कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। उनके विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जरूर गौरवान्वित होते। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी। पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेक लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

(लेखक प्रधानमंत्री, भारत सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।




नेशनल गर्ल चाइल्ड डे
डॉ. मोनिका शर्मा

# बालिकाओं को सशक्त बनाने की मुहिम

बेटियों की खिलखिलाहट हर आंगन की रौनक होती है। उनके बिना किसी भी परिवार में रीति-रिवाज, तीज-त्योहार का इन्द्रधनुष नहीं सजता। बावजूद इसके कितनी ही रीतियां, कुरीतियां बन लाडलियों के लिए बंधन बन गईं । जाने-अनजाने गैर-बराबरी और उपेक्षा का बर्ताव उनके हिस्से आ गए। अपनों ही नहीं परायों की भी मान-मनुहार का जिम्मा उठाने वाली बेटियों को हर मोर्चे पर जद्दोजहद भरे हालात ही मिले और मिल रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे सामाजिक माहौल में तो बेटियों के लिए जिंदगी का संघर्ष कोख से ही शुरू हो जाता है। लाडलियों के जीवन से जुड़ी बातों और हालात को लेकर जागरुकता लाने और बेटियों के जज्बातों को समझने की संवेदनशीलता को पोषित करने के लिए ही 'नेशनल गर्ल चाइल्ड डे' मनाया जाता है। ज्ञात हो कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के हिस्से के रूप में इसकी शुरुआत की गई थी। भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा से जुड़े उद्देश्यों से जुड़ी यह मुहिम वाकई कारगर सिद्ध हुई है। यह दिन बेटियों के सामने आने वाली चुनौतियों एवं अधिकारों के संरक्षण को लेकर चेतना लाने वाला है। व्यावहारिक और भावनात्मक पहलुओं पर सहयोग करने, बेटे-बेटी का भेदभाव मिटाने और लाडलियों को आगे बढ़ने के अवसर मुहैया करवाने का संदेश देता है। सुखद है कि अब जीवन से जुड़े इन पक्षों पर बदलाव देखने को मिल रहा है। परिवार ही नहीं समाज में बिटिया के सत्कार की सोच बढ़ी है। आमजन की बदलती मानसिकता ने कोख से लेकर कामकाजी क्षेत्र तक, बालिकाओं के लिए नया परिवेश बनाया है। बाल विवाह, कम उम्र में ही घरेलू जिम्मेदारियां, किशोर गर्भावस्था, पढ़ाई छूटने और स्वास्थ्य की संभाल जैसे अनगिनत मोर्चों पर बेटियों के हिस्से तकलीफदेह स्थितियां रही हैं। ऐसे में यह घर-परिवार के बदलते माहौल की ही बानगी है कि बेटियों के स्वागत-सत्कार का सहज भाव-चाव हमारे सामने है। बच्चियों को बचपन से ही समानता और अपनेपन का परिवेश मिल रहा है। सबसे बड़ा बदलाव तो बेटी को दुनिया में लाने की सोच को लेकर आया है। बेटी के जन्म पर नाखुशी जाहिर करने के बजाय उनके भविष्य के लिए भी सपने संजोये जाने लगे हैं। कभी लड़कियों के प्रति रूखा बर्ताव रखने वाले समाज में अब बिटिया को गोद लेने वाले परिवार बढ़ रहे हैं। धीरे धीरे ही सही पर अब सामाजिक परिवेश में में बेटे-बेटी के बीच भेदभाव खत्म हो रहा है। 'जेंडर बायस्ड' सोच की समाप्त होती जड़ता लाडलियों से भावनात्मक जुड़ाव को भी मजबूती दे रही है। सामाजिक माहौल में सामर्थ्य की स्वीकार्यता का भाव आया है। यही वजह है कि कर्तव्य पथ की कदमताल से लेकर तकनीक और अन्तरिक्ष की दुनिया तक बेटियों की प्रभावी उपस्थिति दिखने लगी है। बालिकाओं के सशक्तीकरण को संबोधित यह दिवस देश की आधी आबादी के भविष्य की बेहतर बुनियाद बनाने का उद्देश्य लिए है। हर व्यक्ति, हर परिवार और समग्र व्यवस्था को ऐसे समाज के निर्माण का आधार तैयार करने की ओर प्रवृत्त करता है, जिसमें बेटियों को समान अवसर, सम्मान, सुरक्षा और अपनी क्षमता के अनुसार भरपूर अवसर मिल सकें । समावेशी भविष्य की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने वाली यह मुहिम बेटियों के जीवन को हर पक्ष पर मजबूती देने वाली है । लाडलियों का मनोबल बढ़ाकर उन्हें शिक्षित, सफल और सजग व्यक्तित्व की धनी नागरिक बनने का परिवेश बनाती है ।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



श्री रामलला मंदिर
नरेंद्र सिंह तोमर

# आस्था का उत्कर्ष है श्रीराम मंदिर

**राम मंदिर का निर्माण पूरा करके और भगवान राम को वहां विराजमान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल राम मंदिर के स्वप्न को साकार करने का भगीरथी कार्य किया है, अपितु समदर्शी, सर्वस्पर्शी, लोककल्याणकारी शासन शैली के माध्यम से राम राज्य की पुनर्स्थापना का भी कार्य किया है। यह संयोग ही है कि स्वतंत्रता के अमृतकाल में हमें नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा सशक्त, संकल्पवान और संवेदनशील नेतृत्व मिला है, जिन्होंने एक दशक में राष्ट्र पुनर्रुत्थान के कई नए आयाम स्थापित किए हैं।**

राम हमारी आस्था के सर्वोच्च शिखर हैं, आराध्य हैं। हमारी जीवनशैली, सामाजिकता, संस्कृति, शासन व्यवस्था में ही नहीं हर भारतीय की रग-रग में भगवान राम समाए हुए हैं। भारतीय संविधान की मूल प्रति में भगवान श्री राम का चित्र अंकित है। संविधान में जहां नागरिकों के मौलिक अधिकारों का जिक्र है, वहां श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण के रावण वध के बाद लंका से अध्योध्या लौटने का चित्र है। यही चित्र हमारे संविधान में राम राज्य की भावना को उद्धृत करता है। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बने। यह हमारे लिए गौरव की बात है। साथ ही हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है। त्रेतायुग से लेकर अब तक सतत रूप से उत्कृष्ट एवं आदर्श शासन प्रणाली के लिए भारत में 'राम राज्य' की संकल्पना सबसे उपयुक्त एवं व्यावहारिक रही है। वही राम राज्य जिसका स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए चल रहे संघर्ष काल में हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी देखा था, किंतु अतीत में देखें तो पाते हैं कि स्वतंत्रता के पश्चात सात दशक तक दुर्भाग्य से राम राज्य की स्थापना को लेकर कोई भी प्रयास नहीं किया गया। लोक कल्याण और सुशासन जैसे शब्द सिर्फ शब्दकोष की शोभा बढ़ाते रहे, व्यवहार में उन्हें लाने में सरकारों ने कोई रुचि नहीं दिखाई। अब समय बदला है और सोच भी। विगत एक दशक भारत की पुनर्स्थापना के समय रहा है, वस्तुतः स्वतंत्रता के बाद यही वह समय है जब हम राम राज्य की अवधारणा को जमीन पर उतारने जा रहे हैं। अयोध्या में निर्मित प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर राम राज्य की अवधारणा के मूर्त होने का क्षण है। यह हमारी आस्था का उत्कर्ष तो है ही इसके साथ-साथ हमारी शासन व्यवस्था में भी सर्वोच्च होने का प्रतीक है। प्रभु श्री राम की जन्मभूमि पर उनका भव्य मंदिर बने इसके लिए पांच सौ से अधिक वर्षों का लंबा संघर्ष काल बीता है। हजारों कार सेवकों, साधु-संतों, सनातनियों ने अपना बलिदान दिया है। यह हमारी पीढ़ी का सौभाग्य है कि हमने भव्य राम मंदिर के स्वप्न को अपनी आंखों से साकार होते देखा।

छह दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा गिराए जाने के पहले और बाद की भी लंबी संघर्ष की कहानी है। यद्यपि नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद यह विवाद स्वतः समाप्त हो चुका है कि भगवान श्री राम का जन्म अयोध्या में उसी स्थान पर हुआ था जहां राम मंदिर था और बाद में उसे तोड़कर बाबरी ढांचा बना दिया गया, किंतु प्रासंगिकता को देखते हुए इसके एतिहासिक और पौराणिक साक्ष्यों पर एक दृष्टि नितांत आवश्यक है। सर्वोच्च न्यायालय ने राम मंदिर को लेकर दिए अपने 1045 पन्ने के ऐतिहासिक फ़ैसले में कई किताबों और दस्तावेजों का जिक्र किया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में वृहत धमोत्तर पुराण का जिक्र है, जिसके अनुसार अयोध्या सात पवित्र नगरियों में



से एक है, इसके अनुसार-अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांचि, अवन्तिका। पुरी, द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः। इसी तरह वाल्मीकि रामायण से लेकर स्कंद पुराण तक में अयोध्या नगरी और श्री राम के वहां जन्म होने का वर्णन है। अत्युत दुखद विषय यह है कि यहां राजनीतिक कु-इच्छओं और तुष्टिवाद के चलते राम जन्म भूमि पर भगवान राम के मंदिर की राह में कई वर्षों तक रोड़े अटकाए गए। 1853 में नवाब वाजिद अली शाह के शासन से रामलला की जन्मभूमि पर पूजा को रोकने का शुरू हुआ सिलसिला कई दशकों तक चला है। अंग्रेजों ने अपनी फूट डालो और राज करो नीति के तहत राम मंदिर विवाद को सबसे ज्यादा गहराया और मंदिर के भीतर रामलला की पूजा नहीं होने दी। 1950 में राम जन्मभूमि को लेकर शुरू हुई कानूनी लड़ाई 70 के दशक तक चली है। राम जन्म भूमि आंदोलन में भारतभूमि के महान संतों, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और लाखों कार सेवकों का संघर्ष और तप आज स्मरणीय हैं। इस आंदोलन की धुरी बने संत परमहंस रामचंद्र दास, विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे अशोक सिंघल एवं अन्य महापुरूषों का योगदान भी आज याद किया जाना चाहिए।

25 सितंबर 1990 को गुजरात के सोमनाथ से लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में शुरू हुई रथ यात्रा और राम जन्मभूमि आंदोलन राम लला के मंदिर निर्माण के युद्ध का एक शंखनाद था जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब भव्य राम मंदिर में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के रूप में पूर्ण हुआ। राम मंदिर का निर्माण भाजपा की हमेशा से ही प्राथमिकताओं में शामिल रहा है और यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ संकल्पशक्ति एवं नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय के बाद संपूर्ण देश एक मन-एक मत से प्रभु श्री राम मंदिर में विराजमान हुए। पीएम मोदी ने अपने अटल संकल्प और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है कि जो उन्होंने कहा था वह पूरा करके दिखाया है।

अयोध्या तो इस समय वैश्विक पटल पर छाया ही हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास भी विरासत भी' ध्येय वाक्य पर चलते हुए वाराणसी में 'काशी कॉरिडोर' उज्जैन में 'महाकाल पथ', पवित्र चारधाम केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री को हर मौसम में निर्बाध सड़क कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 900 किलोमीटर लंबी चारधाम सड़क परियोजना, सोमनाथ मंदिर पुनर्निमाण परियोजना, धार्मिक स्थलों के लिए बेहतर रेल एवं हवाई मार्ग की कनेक्टिविटी जैसे कई कार्यों ने एक नया परिदृश्य निर्मित किया है।

अयोध्या के राजा के रूप में प्रभु श्री राम ने जिस आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी थी, सदियों से हम उसे 'राम राज्य' के रूप में आत्मसात कर अनुकरण कर रहे हैं। राम मंदिर का निर्माण पूरा करके और भगवान राम को वहां विराजमान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने न केवल राम मंदिर के स्वप्न को साकार करने का भगीरथी कार्य किया है, अपितु समदर्शी, सर्वस्पर्शी, लोककल्याणकारी शासन शैली के माध्यम से राम राज्य की पुनर्स्थापना का भी कार्य किया है। यह संयोग ही है कि स्वतंत्रता के अमृतकाल में हमें नरेंद्र मोदी के रूप में एक ऐसा सशक्त, संकल्पवान और संवेदनशील नेतृत्व मिला है, जिन्होंने एक दशक में राष्ट्र पुनर्रुत्थान के कई नए आयाम स्थापित किए हैं। जो उल्लेखनीय ही नहीं बल्कि अनुकरणीय भी हैं। राम राज्य की कल्पना के साकार होने के इस ऐतिहासिक क्षण के हम सभी साक्षी बने, यह हमारे लिए गौरव और सौभाग्य की बात तो है ही साथ ही यह हम सभी के लिए एक ईश्वर प्रदत्त सौगात भी है।

(लेखक मप्र विधानसभा अध्यक्ष हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## अहंकार ही अज्ञान है




संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं।

*श्रीरामकृष्ण परमहंस*

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूँ। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूँ। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहाः तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोलाः दोस्त मैं कहाँ सुंदर हूँ। मैं जब तोते को देखता हूँ, तो यही सोचता हूँ कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोलाः तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोलाः खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूँ, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

हाउसिंग सोसाइटी के वैध मकानों को तोड़ने की तैयारी

# हाईकोर्ट स्टे के बाद फिर लगाए मकानों पर लाल निशान, जनसुनवाई में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार सिक्सलेन प्रोजेक्ट को लेकर आए दिन नए-नए विवाद खड़े हो रहे हैं। इस बार चूना भट्टी स्थित दीपक हाउसिंग सोसाइटी की दीपक कॉलोनी में राजस्व अमले ने लाल निशान लगा दिए हैं, जिसके बाद रहवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की जनसुनवाई में पहुंचकर मदद की गुहार लगाई। पीड़ितों ने बताया कि कॉलोनी में सभी तरह की परमिशन लेकर निर्माण किए गए हैं।

बावजूद इसके मकानों को तोड़ने के लिए लाल निशान लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ने मामले की जांच एसडीएम कोलार आशुतोष गोस्वामी को सौंपी है। मंगलवार को 67 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश किए। कोलार रोड सिक्स लेन निर्माण में चुना भट्टी दीपक हाउसिंग सोसाइटी के मकानों को तोड़ने के लिए लाल निशान लगाए गए थे। इसके बाद रहवासी बसंत कुमार, नरेंद्र कटारिया, मंजू जोशी, दीप्ती शर्मा, शाहिद हनफी, आशा जैन सहित अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसके बाद मई 2023 को हाईकोर्ट ने इस पर स्टे दे दिया। अब हाल ही में राजस्व अमले ने दोबारा से लाल निशान लगा दिए हैं।



### एक महीने की डेडलाइन, पांच महीने में नहीं हुआ सीमांकन

विवेक निगम निवासी जारटन पार्क गुलमोहन ने शिकायत दर्ज कराई है कि पटवारी ने पांच महीने में सीमांकन नहीं किया है। मेरी तहसील हुजूर के कलखेड़ा में जमीन है, जिसके सीमांकन के लिए अगस्त 2023 में आवेदन किया था। लोकसेवा केंद्र में आवेदन करने पर 30 सितंबर को सीमांकन की तारीख तय की गई थी, जबकि अब तक सीमांकन नहीं किया गया है।

### कोर्स बंद होने के बाद फीस नहीं की वापस

सुचि सिंह, नीलम तिवारी और ऋतु भारतीय ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने पीपुल्स कॉलेज में एमएससी नर्सिंग के फर्स्ट इयर में एडमिशन लिया था, जिसके लिए 50 हजार रुपए की फीस भी जमा कराई गई। कुछ समय बाद हम लोगों को पता चला कि यह कोर्स शासन ने बंद कर दिया है, जिसके बाद कॉलेज प्रबंधन से राशि वापस मांगी गई तो, 90 फीसदी राशि वापस करने की बात कही गई, लेकिन प्रबंधन राशि वापस नहीं कर रहा है। मामले की जांच रजिस्ट्रार नर्सिंग काउंसलिंग को सौंपी गई है।

नगर पालिका का चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू

# शिक्षा से ही समाज उन्नति कर सकता है: सांसद रमाकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

आज समाज में जो परिवर्तन आ रहा है, वह शिक्षा से ही संभव हो सका है। शिक्षा से ही समाज उन्नति कर सकता है। उपरोक्त बात विदिशा लोकसभा सांसद रमाकांत भार्गव ने मंगलवार को नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभांरभ पर कही। रमाकांत भार्गव ने कहा कि समाज में हर पालक को अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर जागरूक रहना चाहिए, जिससे बच्चों में भारतीय संस्कार आ सके।

नगर पालिका द्वारा शिक्षा के साथ खेल प्रतिभाओं को निखराने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मिनित किया। नगर पालिका द्वारा खेल महाकुंभ के बाद चार दिवसीय संस्कृतिक कार्यक्रम को आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में पहली नपा है, जो इतने बड़े स्तर पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह आयोजन कराती है। खेल मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्र छात्राओं ने धर्मिक व देश भक्ति के गीतों की प्रस्तुति दी। इसमें प्राथमिक स्तर के प्रतिभागियों ने देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में पूर्व नपा अध्यक्ष विपीन भार्गव, अशासकीय शिक्षण संस्थान के जिला अध्यक्ष जीवनसिंह पाल, विनोद जैन आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनाई जयंती

**मंडीदीप**। वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स अकादमी ने मंगलवार को खिलाड़ियों के बीच नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर अकादमी के संस्थापक जीवन सिंह पाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हमारे लिए मात्र एक जयंती नहीं है एक प्रेरणा है, जिससे हम शौर्य दिवस के रूप में मना रहे हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कहा था ये हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी स्वतंत्रता का मोल अपने खून से चुकाएं, हमें अपने बलिदान और परिश्रम से जो आजादी मिलेगी, हमारे अन्दर उसकी रक्षा करने की ताकत होनी चाहिए।

### नारी शक्ति ने शिव मंदिर में जलाए 2100 दीए

**औबेदुल्लागंज**। भोजपुर नारी शक्ति की आरती यादव, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, अनुराधा विजयवर्गीय, राजकुमारी मित्तल, मानसी मित्तल, सपना रैकवार, रेखा कपूर, मुन्नी साहू, पूजा लोधी आदि ने देर रात अर्जुन नगर शिव मंदिर पर 2100 दीए जलाकर खुशियां मनाईं।

### लोणारी कुनबी समाज का हल्दी कुमकुम कार्यक्रम



**मंडीदीप**। औद्योगिक नगर में क्षत्रिय लोणारी कुनबी संगठन के तत्वावधान में हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम किया जा गया, जिसमें सभी महिलाओं ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर शुभकामनाएं दी। समाज के आकाश बारास्कर ने बताया कि कार्यक्रम में समाज को संगठित कर एक दिशा में काम करने को कहा गया है। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिन्दुत्व की अलख जगाई। उन्होंने आगे कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने हमें महिलाओं का सम्मान करने की सीख दी।

### जनप्रतिनिधियों ने छठ घाट पर किया दीपदान



**मंडीदीप**। औद्योगिक नगर में नगर पालिका द्वारा छठ घाट कालिया सोत पर दीपदान कार्यक्रम रखा। नगर पालिका द्वारा खेल मैदान पर भजन संध्या का आयोजन सोमवार देर रात तक चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का आनंद लिया। नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि नगर में रात्रि को आतिशबाजी भी की गई। कलियासोत घाट में लोगों ने दीपदान कर उत्सव मनाया।

अशोका गार्डन स्थित कैलाश नगर सेमरा में हुई वारदात

# झगड़े में बीच-बचाव कर रहे युवक के गले में छुरी मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**श्री रामलला के पूजन के बाद डांस करते समय धक्का लगने को लेकर हुआ था विवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन स्थित कैलाश नगर सेमरा में सोमवार देर रात एक युवक की उसके ही दोस्त ने गले में चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के दौरान आरोपी का दूसरे युवक से डांस को लेकर विवाद होने लगा तो उसका दोस्त बीच-बचाव करने लगा था। इसी से नाराज होकर आरोपी ने उसके गले पर चाकू घोंप दिया। डॉस से पहले सभी लोग आरोपी के घर पर आयोजिक श्रीरामलला के पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। पुलिस ने मृतक के छोटे भाई की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक गुलशन श्रीवास्तव पुत्र राजेश श्रीवास्तव (22) एकतापुरी अशोका गार्डन में रहता था और मैकेनिक का काम करता था। कैलाश नगर सेमरा में रहने वाला राहुल रैकवार उसका दोस्त है। राहुल अपने पिता की हरमाल की दुकान पर हाथ बंटाता है। राहुल की बहन गुलशन और उसके छोटे भाई शुभम श्रीवास्तव को राखी बांधती है, इसलिए दोनों भाई राहुल को अपना भाई मानते हैं। सोमवार की रात को राहुल रैकवार के घर श्रीराम लला के पूजन का कार्यक्रम था, जहां गुलशन और उसका भाई शुभम पहुंचे थे। रात करीब साढ़े दस बजे पूजन कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी लोग बॉक्स लगाकर डांस करने लगे। इस कार्यक्रम में राहुल रैकवार के कई अन्य दोस्त भी शामिल हुए थे। रात करीब ग्यारह बजे डांस करने के बाद राहुल का उसके एक दोस्त से धक्का देने की बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर राहुल अपने दोस्त के साथ गाली-गलौज कर उसके साथ मारपीट करने लगा। वहां मौजूद गुलशन श्रीवास्वत ने राहुल को लड़ाई-झगड़ा करने से मना किया तो वह नाराज हो गया और घर से छुरी लाकर गुलशन के गले में घोंप दी, जिससे खून निकलने लगा और गुलशन वहीं जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया।

### अस्पताल पहुंचाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया



राहुल रैकवार, आरोपी

गुलशन के गले में छुरी घोंपने के बाद राहुल मौके से भाग निकला। घायल के छोटे भाई शुभम श्रीवास्तव ने राहुल को बाइक पर बिठाकर इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां कुछ समय तक चले इलाज के बाद गुलशन ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया और लाश परिजन को सौंप

### औद्योगिक इलाके से पकड़ाया आरोपी

मृतक के छोटे भाई शुभम श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर आरोपी राहुल रैकवार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था। आरोपी की तलाश में पुलिस की एक विशेष टीम लगाई गई थी। इसी बीच आरोपी के औद्योगिक क्षेत्र इलाके में छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस टीम इमली माता मंदिर सेमरा औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन पहुंची तो एक युवक बंद दुकान के पीछे छिपकर बैठा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना राहुल रैकवार बताया। पूछताछ करने पर उसने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड होना बताया गया है।

## 15 हजार रिश्वत लेते वनपाल को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**भोपाल**। उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने नामली निवासी सुरेश पाटीदार की शिकायत पर मंगलवार को रतलाम के दीनदयाल नगर थाना के पास सागोद रोड स्थित वन विभाग कार्यालय परिसर में वनपाल बृज बिहारी लाल पुष्कर को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उज्जैन लोकायुक्त के अनुसार 19 जनवरी को रतलाम जिले के नामली निवासी सुरेश पाटीदार ने लोकायुक्त कार्यालय उज्जैन पहुंचकर लोकायुक्त एसपी अनिल विश्वकर्मा के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह नामली में लकड़ी की टाल का संचालन करते है, जिसका लाइसेंस भी उनके पास है। उसके बावजूद क्षेत्र के वनपाल बृज बिहारी लाल पुष्कर द्वारा लकड़ी को काटकर बेचने का झूठा आरोप लगाते हुए 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। रुपए नहीं देने पर वनपाल पिछले दो महीने से झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। इसके बाद लोकायुक्त एसपी ने लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान और इंस्पेक्टर दीपक सेजवार के नेतृत्व में टीम गठित कर शिकायत की सत्यता की जांच करवाई। लोकायुक्त इंस्पेक्टर दीपक सेजवार ने फरियादी सुरेश पाटीदार को केमिकल लगे 500-500 के नोट देकर वन विभाग कार्यालय परिसर में वनपाल को बुलाकर रिश्वत देने की बात कही। फरियादी द्वारा 15 हजार रुपए वनपाल को वन विभाग परिसर में दिए गए। वनपाल पुष्कर ने रुपए अपनी जेब में रख लिए, लेकिन उसे नोटों पर केमिकल लगे होने की भनक लगी तो रुपए जेब से निकालकर एक तरफ रख दिए, लेकिन वहां पहले से मौजूद लोकायुक्त की टीम ने पुष्कर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पानी से हाथ धुलाते ही केमिकल ने कलर छोड़ दिया। इस पर टीम ने वनपाल पुष्कर को गिरफ्तार कर लिया।



प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए विशेष सत्र आयोजित

# समस्या से पहले समाधान आ जाता है: सिद्ध भाऊ

**संतनगर**। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में सिद्ध भाऊ की उपस्थिति में प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ, महाविद्यालय के निदेशक हीरो ज्ञानचंदानी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थीं।

सिद्ध भाऊ ने अपने आशीर्वचन में छात्राओं को जीवन उपयोगी नवीन कौशल सीखने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज बिटिया हर क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर हैं। उन्होंने चेतन और अवचेतन मन पर बात की। छात्राओं से उन्होंने कहा कि शिक्षित बिटिया का परिवार एवं समाज में सदैव सम्मान होता है। अवसाद प्रबंधन पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि आवेश व क्रोध में आकर कोई भी गलत कदम न उठाएं। समस्या से पूर्व समाधान आता है। कार्य वह करें जो आपके विवेक की दृष्टि से सही हो। छात्राएं सोशल मीडिया के आकर्षण से बचें एवं आवश्यक होने पर उसका सकारात्मक रूप में ही उपयोग करें। भाऊ द्वारा समस्त छात्राओं को आशीर्वाद स्वरूप ज्ञानवर्धक पुस्तकें एवं पेन प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन विभा खरे द्वारा किया गया।



ढोल-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाला

# व्यापार महासंघ ने किया कार सेवकों का सम्मान

**औबेदुल्लागंज**। व्यापार महासंघ के तत्वावधान में सोमवार रात कार सेवकों का सम्मान किया। इस दौरान भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर महाआरती कर भजन गए। नगर में सुबह 11 से 12:30 बजे तक ढोल-बजे बजते रहे, जैसे ही प्राण प्रतिष्ठा की खबर आई लोग खुशी से झूमते हुए खूब आतिशबाजी की। इस दौरान प्रभु श्री राम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक मित्तल, पंकज कोठारी, सुरजीत सिंह गिल, देवेंद्र सिंह राजू, अशोक सेठी, जगदीश चंदानी, रवि कमल, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, विवेक मित्तल, अशोक जायसवाल, श्याम मालवीय, नीरज चावला, गिरीश चावला, बल्लू अरोड़ा, अंकुर अग्रवाल, माधव यादव, दिनेश सेन, रमेश महेश्वरी, प्रदीप अरोरा, संजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राकेश तिवारी सहित अन्य व्यापारी संघ के सदस्य राम भक्ति में लीन होकर नाचते गाते हुए मुख्य चौराहे से ब्रिज तक शोभायात्रा निकाला कर प्रसाद वितरण किया।



# मंत्री प्रह्लाद जोशी पहुंचे भोजपुर पूजन कर लिया आशीर्वाद

**औबेदुल्लागंज**। केंद्रीय संसदीय कार्य व कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी मंगलवार को भोजपुर पहुंचे और वहां स्थित भगवान भोजेश्वर के दर्शन व पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा कलेक्टर, अरविंद दुबे, पंकज कोठारी, पवन गिरी गोस्वामी, जीतू नंदवंशी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विधायक सुरेंद्र पटवा को कहा कि आपका भोजपुर क्षेत्र बड़ा ही मार्मिक और धार्मिक है। विश्व स्तर के शिवलिंग के दर्शन करके मैं बहुत प्रसन्न हूं पुनः फिर आऊंगा।

विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में किया जाएगा पुरस्कृत

# गौरव दिवस पर खेल स्पर्धा आयोजित स्कूली छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

गणतंत्र दिवस एवं नगर गौरव दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दशहरा मैदान में हुआ। प्रथम दिवस बोरा दौड़ में वर्षा काशी, द्वितीय दिवस खो-खो व तृतीय दिवस नींबू चम्मच दौड़ और 100 मीटर दौड़ संपन्न हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद की अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, उपाध्यक्ष नमिता बागीस अग्रवाल, पार्षद सुनील सेरिया, भारती नरेश सेठी, हेमलता मनोज चौरसिया, राधा राजेन्द्र साहू, सना आमीर ममनून, प्रमोद सेन, शंकरलाल इरपाचे, सुजीत यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोनाली शर्मा, उपयंत्री मुकेश जैन ने हरी झंडी दिखाकर बोरा दौड, रस्सा कसी प्रतियोगिता का शुरू की। इस अवसर पर बीआरसी सतीश कुशवाहा, नोडल परबचन्द्र चौरे, हमीर सिंह मोहानिया, खेल शिक्षक जेनब खान, मीना पटेल, इकबाल खान, मनीषा मालवीय, नीरज, नरेन्द्र दुबे सहित शालाओ के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मनीष साहू, प्रमोद पांडेय, महेश मीना, सननी अग्रवाल, विनोद यादव, प्रशांत चौकसे, राजकुमार शर्मा, आशीष यादव सुशील चतुर्वेदी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। शालाओ के विजेता छात्र-छात्राओ को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।



**प्रधानमंत्री मोदी की इच्छाशक्ति से ही मंदिर में विराजमान हो सके भगवान श्रीराम: पटवा**

# सैकड़ों वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला विराजे, दिनभर घर-घर होते रहे धार्मिक आयोजन, भजन संध्या में पहुंचे विधायक पटवा, खूब झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर भोजपुर का चप्पा-चप्पा राम रंग में डूबा गया। घरों से लेकर मंदिरों तक साज-सज्जा, मंगलगीत, अखंड रामायण पाठ हुए। नगर में जगह-जगह भंडरों का आयोजन भी हुआ। पूरा वातावरण देख ऐसा लग रहा था मानों राम राज्य की परिकल्पना फलीभूत हो रही है। नगर के सीताराम चौराहे पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि आज सैकड़ों वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है और उसमें रामलला विराजे हैं। जिस धरा के दर्शन मात्र को ही पुण्य माना जाता है, उस नगरी में जब रघुनंदन की प्रतिमा स्थापना हुई, जिससे आज भारत भगवान राम के अनंत स्वरूप का दर्शन कर रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छा शक्ति का ही प्रभाव है कि रामलला को मंदिर में स्थापित किया जा सका है।

**खास बातें**

- घर-आंगन व मंदिरों को सजाया, किए अखंड रामायण पाठ
- भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर राममय हुआ सारा नगर, भजन-कीर्तन कर श्रद्धालुओं ने मनाई खुशिया



### भजन संध्या और हुए भंडारे

*शहर के कई सामाजिक-धार्मिक संगठनों द्वारा भजन संध्या एवं भण्डारे का आयोजन रखा था। इस अवसर पर जिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, कन्हैया नंदवंशी, पंकज कोठारी, मनोज चौरसिया, देवेंद्र डैनी, शांतनु पांडेय, नरेश सेठी, रविंद्र विजयवर्गीय, गिरीश चावला, अंकित अग्रवाल, पुरुषोत्तम शर्मा, माधव यादव, बजेश अग्रवाल, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुजीत यादव, नंदू शर्मा, पवनजोत सिंह आदि का सहयोग रहा।*

### पूरा नगर भगवामय होकर रामकाज में जुटा

नगर में हुए भव्य आयोजन के लिए आप सभी का बहुत-बहुत आभार, जिससे की हर किसी का तन-मन हिर्षत हो राममय हो रहा है। नगर में व्यापारी महासंघ ने कार्यक्रम को भव्य रूप दिया था, इस रामकाज में नगर के स्वयंसेवकों, स्वैच्छिक संगठनों ने अपनी पूरी ऊर्जा राम काज में लगा दी थी। महिलाओं ने ऐसा माहौल बना दिया था कि हर तरफ सिर्फ राम ही राम की धून सुनाई दे रही थी। स्कूलों के विद्यार्थी, युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर शहर को भगवामय बना दिया था।

# गणतंत्र दिवस : पहली बार दिखेगी तीनों सेनाओं की महिला टुकड़ी, 'नारी शक्ति' भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समूचा राष्ट्र इस वर्ष 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। यह गणतंत्र दिवस हमारे लिए कई मायनों में खास होने जा रहा है। इसमें झांकियों से लेकर परेड और थीम तक के केंद्र में महिलाएं हैं। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका' रखी गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर ध्वजारोहण करेंगी। पीएम नरेंद्र मोदी सुबह अमर जवान ज्योति पर श्रद्धांजलि देंगे। समारोह के मुख्य आकर्षण सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बताया कि कर्तव्य पथ पर परेड देखने के लिए 77 हजार सीटों की क्षमता है। इनमें से आम जनता के लिए 42 हजार सीट टिकटों के जरिए बुक की जाती हैं। ज्यादातर टिकट बेची जा चुकी हैं।



- 100 महिला कलाकारों द्वारा वाद्यों के साथ शुरुआत
- परेड में महिला फाइटर पायलटों की भी भागीदारी
- पहली बार तीनों सेनाओं की एक महिला टुकड़ी
- परेड में 48 महिला अग्निवीरों का करतब प्रदर्शन भी





### अब तक का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व दिखेगा

इस साल के गणतंत्र दिवस की थीम महिलाओं पर आधारित है तो परेड में महिलाओं का अब तक का सबसे अच्छा प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। इस बार देशभर की 100 महिला सांस्कृतिक कलाकार पारंपरिक वाद्यों के साथ परेड की शुरुआत करेंगी। एक केवल एक समूह ही सलामी मंच के सामने अपनी प्रस्तुति देगा और बाकी अन्य 11 समूह अलग-अलग अपनी प्रस्तुति देंगे। पहली बार तीनों सेनाओं की एक महिला टुकड़ी भी मार्च करेगी। केंद्रीय सशस्त्र बलों की टुकड़ियों में भी महिलाकर्मी शामिल होंगी।

### कैप्टन राव थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी

परेड में कैप्टन शरण्या राव थलसेना की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। फ्रांस के राष्ट्रीय दिवस में अतिथि के तौर पर पीएम मोदी के साथ शामिल रहीं स्क्वॉड्रन लीडर सुमिता यादव भी इस परेड में हिस्सा ले रही हैं। स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर भारतीय वायुसेना की मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। स्क्वाड्रन लीडर सुमिता यादव और स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलुवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल भी रहेंगी। फ्लाइट लेफ्टिनेंट सृष्टि वर्मा त्रि-सेवा दल के सुपर न्यूमैरेरी अफसर के तौर पर मार्चिंग करेंगी।

### फ्रांस का 33 सदस्यीय बैंड दल भी रहेगा

फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों समारोह के मुख्य अतिथि हैं। परेड में फ्रांस की 95 सदस्यीय मार्चिंग टीम और 33 सदस्यीय बैंड दल भी शिरकत करेगा। एक मल्टी रोल टैंकर ट्रांसपोर्ट विमान और फ्रांसीसी वायुसेना के दो राफेल लड़ाकू जेट भी फ्लाई-पास्ट में हिस्सा लेंगे। लगभग 13 हजार विशेष मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। पेटेंट हासिल करने वाले विशेषज्ञों, इसरो की महिला वैज्ञानिकों, स्वतंत्रता सेनानियों, किसानों और आदिवासी समुदाय के लोगों को भी निमंत्रण दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### शीर्ष कोर्ट ले जाऊंगा ज्ञानवापी,मथुरा का केस



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने एक्स पर मंगलवार को लिखा कि मैं अब ज्ञानवापी काशी विश्वनाथ मंदिर और कृष्ण जन्मभूमि मथुरा मंदिर को पुनर्स्थापित करने की अनुमति देने के लिए लंबित पूजा स्थलों की जनहित याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करूंगा। स्वामी के पार्टी के साथ संबंध मधुर नहीं हैं।

### वाईएसआर कांग्रेस के सांसद का इस्तीफा



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ युवजन श्रमिका रायथु कांग्रेस पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। लोकसभा सांसद एल. श्री कृष्ण देवरायलु ने मंगलवार को पार्टी और संसद से इस्तीफा दे दिया। वह आंध्र प्रदेश में नरसरावपेट निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए थे। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र को बदलने की पार्टी की योजना पर ड्रामा खत्म हुआ।

## गृहमंत्री शाह ने डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का किया उद्घाटन

# भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली 5 वर्षों में विश्व की सबसे आधुनिक होगी

*केंद्र सरकार ने पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में किए अहम बदलाव*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में एक सौ पचास वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में डिजिटल फोरेंसिक उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली आने वाले पांच वर्षों में विश्व की सबसे अधिक आधुनिक प्रणाली होगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि सरकार ने देश में एक सौ पचास वर्ष पुरानी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सरकार तीन नए कानून भी लेकर आई है। उन्होंने कहा, भारत में पहली बार बड़े साहस के साथ हमने निर्णय किया है कि सात साल और उससे बड़ी सजा के लिए हर क्राइम सीन पर फोरेंसिक साइंस ऑफिसर का विजिटर विजिट कंपल्सरी कर दिया है। मैं मानता हूं कि इससे इवेस्टीगेशन को भी सरलता मिलेगी।

### तेजी से बदल रही तकनीक

पुलिस को आधुनिक बनाने की पहल शुरू सरकार अपने बुनियादी ढांचे को बदले बिना तकनीक का इस्तेमाल कर पुलिस प्रणाली को आधुनिक बनाने की 'बड़ी चुनौती' पर काम कर रही है। तकनीक तेजी से बदल रही है। पुलिस को अपराधियों से दो पीढ़ी आगे रहने की जरूरत है।



**150** साल की आपराधिक न्याय प्रणाली **सुधरेगी**

### जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी होगी सरलता

न्याय का काम करने वाले जस्टिस सिस्टम के सभी न्यायाधीशों को भी सरलता होगी। प्रोसीक्यूशन एजेंसी को भी सरलता होगी और सजा का दर बढ़ाने में भी हमें बहुत बड़ी सफलता मिलेगी। इसके साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को हम आधुनिक बनाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

### इस सिस्टम में हमने फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा किया

इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा पांच साल के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली विश्व की सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम होगा। इससे अपराधों पर भी लगाम लग सकेगी। उल्लेखनीय है कि आपराधिक न्याय प्रणाली में फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मांग को पूरा करने के लिए नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है। 3 नए आपराधिक कानूनों के लागू हो जाने से अगले पांच वर्षों में देश की अपराध को लेकर न्याय प्रणाली दुनिया में सबसे उन्नत होगी।' वह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र कर रहे थे। जब तक हम न्यायिक प्रक्रिया के सभी हितधारकों को फोरेंसिक साइंस के साथ नहीं जोड़ते, तब तक हमें लाभ नहीं होगा। फोरेंसिक साइंस का इस्तेमाल जांच, अभियोजन और न्याय के लिए किया जाना चाहिए। अब वक्त आ गया है कि शिक्षा में फॉरेंसिक साइंस को अपनाकर कदम आगे बढ़ाया जाए।'

### हाईब्रिड और बहु-आयामी खतरे बने चुनौती

*उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) जैसी तकनीक से पैदा हाईब्रिड और बहु-आयामी खतरे हमारे सामने चुनौती पेश करते हैं। हमारी प्रणाली की सुरक्षा के लिए एक नेटवर्क बनाने की जरूरत है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने नौ हजार से ज्यादा वैज्ञानिक, अधिकारियों और फोरेंसिक अधिकारियों की जरूरत को पूरा करने के लिए कदम उठाए हैं। जिनकी देश में हर साल भर्ती की जरूरत होगी।*

## दिल्ली दवा घोटाला

# सीबीआई ने प्रारंभिक जांच दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

- *अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में घटिया दवाओं की सप्लाई*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में घटिया दवाओं के आरोपों की प्रारंभिक जांच दर्ज की है।

आसान भाषा में समझें तो एफआईआर दर्ज करने से पहले जांच एजेंसी द्वारा प्रारंभिक जांच कार्रवाई की जाती है। जांच गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय की एक रिपोर्ट को आगे बढ़ाने के बाद हुई है, जिसमें सीबीआई जांच की मांग की गई थी। दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने आरोप लगाया था कि दवाएं गुणवत्ता मानक परीक्षणों में विफल रहीं और दिल्ली सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में जीवन को खतरे में डालने की क्षमता थी। दिल्ली के एलजी सक्सेना ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। बताया गया कि एलजी ने यह कार्रवाई विजिलेंस विभाग की रिपोर्ट के आधार पर की है।


### परीक्षण के बाद कई नमूने विफल पाए गए

सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के आधार पर सीबीआई जांच की सिफारिश करते हुए दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना ने मुख्य सचिव को लिखे नोट में कहा था कि यह चिंताजनक है। सतर्कता विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकारी प्रयोगशालाओं में भेजे गए 43 नमूनों में से 3 नमूने फेल हो गए हैं। निजी प्रयोगशालाओं को भेजे गए अन्य 43 नमूनों में से 5 नमूने विफल रहे और 38 नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए। इस पर खूब आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए थे।

### 10 फीसदी से ज्यादा सैंपल फेल निकले

विजिलेंस विभाग ने सिफारिश की है कि चूंकि 10 फीसदी से ज्यादा सैंपल फेल हो चुके हैं, इसलिए विभाग को सैंपलिंग का दायरा बढ़ाना चाहिए। दवाएं सरकार की केंद्रीय खरीद एजेंसी द्वारा खरीदी गईं और सरकारी अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों को आपूर्ति की गईं।

## 100 फीट ऊंची 'रंगोली' का हवाई दृश्य




मुंबई। मुंबई के सायन में मंगलवार को भगवान राम और अयोध्या में राम मंदिर को दर्शाने वाली 100 फीट ऊंची 'रंगोली' का हवाई दृश्य।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

# शोभायात्रा पर पथराव किया अब घर पर चला बुलडोजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के मीरा रोड के नया नगर इलाके में बुलडोजर से अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया है और अतिक्रमण को हटाया गया है। यहीं राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले सनातन धर्म यात्रा पर पथराव की घटना सामने आई थी।

मुंबई से सटे भायंदर इलाके में सनातन धर्म यात्रा निकल रही थी। इसी दौरान कुछ अराजक तत्वों ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया था। उन्होंने यात्रा पर लाठी-डंडों, पत्थरों से हमला कर दिया था। धार्मिक



ध्वजों को फाड़ा गया था और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई थी। तनाव को बढ़ता देख पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया था। सनातन यात्रा निकाल रहे लोगों का कहना था कि वे शांतिपूर्वक यात्रा निकाल रहे थे। कुछ हमलावरों ने यात्रा पर हमला कर दिया।

## महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नदी में नाव पलटी

# 2 महिलाओं की मौत और 4 लापता, सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी ▶▶ गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में बड़ा हादसा हादसा हुआ है। यहां की वैनगंगा नदी में नाव पलटने से 6 महिलाएं डूब गई है। 2 महिलाओं के शव बरामद किए जा चुके हैं। 4 अन्य महिलाएं लापता हैं उनकी खोज की जा रही है।

मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए हैं। लापता महिलाओं को खोजने के लिए नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मचा हुआ है।



### वैनगंगा पार कर जा रहीं थीं मिर्ची तोड़ने

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली इलाके के गांव गनपुर निवासी 6 महिलाएं नाव के जरिए वैनगंगा नदी पार कर दूसरी तरफ खेत में मिर्ची तोड़ने के लिए जा रही थीं। उनकी नाव अचानक नदी में पलट गई और हादसा हो गया। नाव पलटने से सभी महिलाएं नदी में डूब गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने महिलाओं को बचाने की कोशिश की लेकिन नदी के पानी का प्रवाह तेज होने के कारण वह धारा के साथ बह गईं।

### गोताखोरों को बुलाया

हादसा मंगलवार की सुबह का है। हादसे की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई। महिलाओं को तलाशने के लिए गोताखोर भी बुला लिए गए। पुलिस ने बताया कि नदी में डूबी 6 महिलाओं में से 2 के शव बरामद किए जा चुके हैं। वहीं, अन्य 4 महिलाएं लापता है, जिनको ढूंढने का काम रेस्क्यू और सर्च टीम की मदद से किया जा रहा है, लेकिन अभी तक उनका पता नही चला है।

## केंद्र ने मतदाता सूची प्रकशित की

# जम्मू-कश्मीर में मतदाताओं की संख्या 86.93 लाख पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की मांग लगातार उठती रही है और अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि आखिर वहां मतदान कब होगा?

हालांकि इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। अधिकारियों के अनुसार इस वोटर लिस्ट में 2.31 लाख से ज्यादा नए मतदाताओं को शामिल किया गया है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 86.93 लाख तक पहुंच गई है।



### चुनाव का मार्ग प्रशस्त

जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पांडुरंग के. पोल ने मंगलवार को कहा कि अंतिम मतदाता सूची में कुल 86.93 लाख मतदाता हैं जिनमें 44.34 लाख पुरुष और 42.58 लाख महिलाएं हैं। मतदाता सूची जारी होने से केंद्र शासित प्रदेश में विभिन्न चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## 'राम' पर महाराष्ट्र की राजनीति में जुबानी जंग, बोले मुख्यमंत्री शिंदे

# जो भगवान राम का नहीं, वह किसी काम का नहीं

*शिवसेना (यूबीटी) के राउत ने कहा-पार्टी का राम से पुराना नाता*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम के साथ उनकी पार्टी का संबंध काफी पुराना और भावनात्मक है। उन्होंने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी अयोध्या में नहीं होती, तो मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संभव नहीं हो पाती। राज्यसभा सदस्य राउत पार्टी के एक सम्मेलन में बोल रहे थे।

> शिवसेना के राउत ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम के साथ उनकी पार्टी का संबंध काफी पुराना और भावनात्मक है



### शिवसेना का किया गुणगान- पार्टी नहीं होती तो...

उन्होंने कहा कि भगवान राम से हमारा बहुत पुराना नाता है। भगवान राम के साथ शिवसेना का भावनात्मक रूप से बहुत गहरा है। यह किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं है। अगर किसी का भगवान राम के साथ सबसे पुराना नाता है, तो वह शिवसेना है। राउत ने दावा किया कि अगर शिवसेना वहां नहीं होती तो भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा (अयोध्या में मूर्ति) नहीं होती। शिवसेना के बाघों ने साहस दिखाया। जिसकी वजह से प्रधानमंत्री भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कर सकी।

### श्रेय लेने की जैसे होड़ मची हो

प्रधानमंत्री की मौजूदगी में सोमवार को अयोध्या में रामलला की नई मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र भाजपा के बीच राम जन्मभूमि आंदोलन में योगदान को लेकर जुबानी जंग चल रही है। महाराष्ट्र भाजपा ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे, विधायक आदित्य ठाकरे और राउत पर आंदोलन में उनके योगदान को लेकर हमला बोला है। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) बाबरी मस्जिस को गिराने का श्रेय ले रही है।

### पीएम ने करोड़ों भक्तों के सपनों को पूरा किया: एकनाथ



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। जिन लोगों ने राम मंदिर का विरोध किया। उन्हें रामलला का नाम लेने का अधिकार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बालासाहेब ठाकरे और भगवान राम के करोड़ों भक्तों के सपनों को पूरा किया। सोमवार को एक ऐतिहासिक दिन था।

अयोध्या में करीब 500 साल बाद आखिरकार रामलला को अपना नया भवन मिल ही गया। टैंट से रामलला भव्य मंदिर में विराजित हो गए। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की दुनिया में गूंज रही। 22 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में अयोध्या के भव्य और दिव्य राम मंदिर में प्रभु रामलला प्रतिष्ठापित हुए। इस दौरान पूरी दुनिया ने लाइव कवरेज देखा। पड़ोसी देश नेपाल से लेकर इजराइल और कोरिया तक दुनिया के देशों में राम उत्सव को लेकर क्या प्रतिक्रिया आई है। हर जगह राम ही राम।

# दुनिया के कई देशों में राम-राम



## दक्षिण कोरिया ने दी बधाई

भारत स्थित दक्षिण कोरियाई दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है। 'अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के समारोह पर बधाई। यह ऐतिहासिक जगह 48 ई. से ही अयोध्या की रानी श्रीरत्ना 'हीओ ह्वांग ओके' और गया 'कोरिया' के राजा किम सुरो के बीच वैवाहिक संबंध के आधार पर भारत कोरिया संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक महत्व रखता है।



## नेपाल ने रामलला की तस्वीर शेयर की लिखा-जय श्रीराम

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामलला की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस पर दुनिया के कई देशों के साथ ही नेपाल से भी प्रतिक्रिया आई है। नेपाल प्रभु श्रीराम का ससुराल भी है। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखा 'जय श्रीराम' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा श्री राम मंदिर का उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का संपन्न होना सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के लिए गौरव का पल है।'

## दर्शन के लिए उत्सुक हूं इजराइल के राजदूत

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा 'राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर भारत के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। यह दुनियाभर के भक्तों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मैं अयोध्या में राममंदिर के जल्द दर्शन के लिए उत्सुक हूं।'



## न्यूजीलैंड ने की पीएम मोदी की तारीफ

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले न्यूजीलैंड के नियमन 'रेगुलेशन' मंत्री डेविड सेमोर ने बधाई देते हुए कहा 'मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भारत के सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूं। 500 वर्षों के बाद इस मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। मैं प्रधानमंत्री मोदी के साहस और ज्ञान की कामना करता हूं।

## खबर संक्षेप

### श्रीलंका ने नहीं घुसने दिया चीनी जहाज



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना समुद्री जहाजों के मूवमेंट पर लगातार नजर रख रही है। भारतीय नौसेना के एक अधिकारी ने कहा- चीन का खुफिया जहाज जियांग यांग होंग 03 इंडोनेशिया के सुंडा स्ट्रेट से होते हुए हिंद महासागर में घुसा और अब मालदीव की तरफ बढ़ रहा है। यह मालदीव इसलिए जा रहा है, क्योंकि श्रीलंका ने इसे अपने किसी भी बंदरगाह पर रुकने की इजाजत नहीं दी। चीनी जासूसी जहाज जियांग यांग होंग 03 इसके पहले 2019 और 2020 में मालदीव के माले में लंगर डाल चुका है।

### चीन के जासूसी जहाज रखेगा मालदीव



**माले।** श्रीलंका ने चीनी जहाजों को अपने देश के बंदरगाहों पर रुकने के लिए एक साल का प्रतिबंध लगा दिया था। ऐसे में अब चीन ने मालदीव के रूप में एक नया ठिकाना ढूंढ़ लिया है। सुबह को इसकी आखिरी लोकेशन इंडोनेशिया के सुंडा जल डमरू मध्य के समीप थी जहां से इसने हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश किया था। मालदीव की ओर जा रहा ये चीनी 'जासूसी' जहाज भारत और माले के बीच राजनयिक विवाद का एक नया कारण बन सकता है।

## नियमों में संशोधन का दिया सुझाव

# मस्क ने यूएनएससी में भारत की स्थाई सदस्यता की वकालत की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विश्व के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के नाते भारत को जगह मिलनी ही चाहिए। मस्क ने एक्स पर कहा है कि कुछ बिंदुओं पर विश्व की सबसे बड़ी संस्था संयुक्त राष्ट्र में बदलाव करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सबसे बड़ी आबादी वाला देश को जगह मिलनी ही चाहिए। ऐसा नहीं किया जाना बेतुका है। उन्होंने यूएन प्रमुख एंटोनियो गुटरेस के ट्वीट को साझा कर अपना मत रखा है। टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने कहा कि अफ्रीका के लिए भी सामूहिक रूप से एक सीट होनी चाहिए। दरअसल गुटरेस ने कहा था कि अफ्रीका का नेतृत्व करने के लिए यूएनएससी में कोई भी नहीं है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद क्या है?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के छह प्रमुख अंगों में से एक है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। इस पर अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने, महासभा में संयुक्त राष्ट्र के नए सदस्यों के प्रवेश की सिफारिश करने और संयुक्त राष्ट्र में किसी भी बदलाव को मंजूरी देने की जिम्मेदारी है। सुरक्षा परिषद की संरचना की बात करें तो इसमें पांच स्थाई सदस्य हैं- अमेरिका, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और रूस। यह सामूहिक रूप से पी5 के रूप में जाने जाते हैं। इनमें से कोई भी प्रस्ताव को वीटो कर सकता है। परिषद के दस निर्वाचित सदस्य भी होते हैं जिनका कार्यकाल सिर्फ दो साल का होता है। निर्वाचित सदस्यों को वीटो शक्ति नहीं दी जाती है।

### भारत क्यों बड़ा दावेदार है ?

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् का स्थायी सदस्य बनने के इच्छुक सभी उम्मीदवारों में भारत सबसे अधिक मुखर है। भारत आज एक प्रमुख वैश्विक शक्ति केंद्र बन चुका है। भारत की सदस्यता का दावा इन तथ्यों पर आधारित है कि यह संयुक्त राष्ट्र के संस्थापक सदस्यों में से एक है, सबसे बड़ा लोकतंत्र है, दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, और पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है।

## मिस्र में भारतीय विशेष बल की टुकड़ी का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू

# बंधकों को छुड़ाने के तरीके और दुश्मनों के खात्मे के दांव-पेंचों का आदान-प्रदान

*भारत और मिस्र के बीच संयुक्त विशेष बल युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' मंगलवार से शुरू हो गया है। अभ्यास के दूसरे संस्करण में भाग लेने के लिए 25 कर्मियों वाली भारतीय थल सेना की टुकड़ी मिस्र गई है। यह युद्ध अभ्यास 1 फरवरी तक अंशास, मिस्र में किया जाएगा। युद्धाभ्यास का पहला संस्करण पिछले साल भारत में किया गया था।*

**युद्धाभ्यास 1 फरवरी तक मिस्र में चलेगा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

युद्धाभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे हैं। 25 कर्मियों वाले मिस्र के दल का प्रतिनिधित्व मिस्र के कमांडो स्क्वाड्रन और मिस्र के एयरबोर्न प्लाटून कर रही है। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय सात के तहत रेगिस्तानी, अर्ध रेगिस्तानी इलाकों में विशेष अभियानों की पृष्ठभूमि में दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संचालन प्रक्रियाओं से परिचित कराना है।

**खास बातें**

- युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' के तहत सामरिक संबंध मजबूत बनाने का उद्देश्य
- मिस्र की टुकड़ी में 25 सैनिक शामिल
- भारत के पैराशूट रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं नेतृत्व



### अंतिम चरण में बचाव के तरीके

*अभ्यास के तीसरे और अंतिम चरण में लड़ाई और बंधक बचाव परिदृश्यों पर आधारित संयुक्त सामरिक युद्धाभ्यास शामिल होगा। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के सैन्य दलों को अपने संबंधों को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। यह साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के सैन्यदलों को अपने संबंधों को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। यह साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा*

### दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच मजबूत होंगे संबंध

*इस युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' को द्विपक्षीय सैन्य सहयोग विकसित करने और दोनों थल सेनाओं के बीच रिश्तों को मजबूत करने के लिए सामरिक सैन्य युद्धाभ्यासों के रिहर्सल और दोनों सेनाओं के बीच चर्चा के माध्यम से डिजाइन किया गया है। युद्धाभ्यास में उप-पारंपरिक क्षेत्र में विशेष अभियानों की योजना और उनका कार्यान्वयन शामिल होगा और इसे तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सैन्य प्रदर्शनियां और सामरिक बातचीत शामिल होगी। दूसरे चरण में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), काउंटर आईईडी और कॉम्बैट फर्स्ट एड पर प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।*

## दुनिया की इकलौती घुड़सवार सेना

# महीनों तक ट्रेनिंग व तोपों की आवाज का भी नहीं होता असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के पराक्रम के कई किस्से आपने सुने होंगे। सेना के जवानों ने अपनी बहादुरी से दुश्मन को कई बार मुंहतोड़ जवाब दिया है। आप हम आपको दुनिया की इकलौती घुड़सवार सेना के बारे में बताने जा रहे हैं।

61 कैवेलरी का नाम आपने शायद ही सुना होगा। गणतंत्र दिवस और कुछ खास मौकों पर जब भी आप भारत के राष्ट्रपति को कई जाते देखते होंगे तो उनके साथ एक घुड़सवार सेना भी चलती है। गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड में यह घुड़सवार दस्ता राष्ट्रपति की अगुवाई करता है। बता दें कि 61 कैवेलरी दुनिया की एकमात्र सक्रिय सेवारत हॉर्स कैवेलरी रेजिमेंट है। इसके सभी जवान न सिर्फ कुशल योद्धा होते हैं बल्कि इन्हें घुड़सवारी में महारत हासिल होती है।

## खास होगा मैक्रों का भारत दौरा

# ऐतिहासिक शहर में पीएम मोदी संग रोड शो करेंगे फ्रांस के राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में 26 जनवरी की तारीख को होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जोर-शोर से तैयारियां पूरी की जा रही हैं। सेना के विभिन्न अंगों के जवान कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड के लिए तैयारियां कर रहे हैं। पीएम मोदी भी 25 जनवरी को जयपुर के प्रस्तावित दौरे पर होंगे। पीएम मोदी और मैक्रों जयपुर में रोड शो करेंगे। ये रोड शो सांगानेरी गेट से शुरू होगा। रोड शो जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़ से गुजरते हुए त्रिपोलिया गेट पहुंचेगा। दोनों का रोड शो त्रिपोलिया से अंदर जंतर मंतर, सिटी पैलेस, हवामहल पहुंचेगा।



**मैक्रों ने पीएम को कहा था- शुक्रिया**

*पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति को आमंत्रित करते हुए लिखा था- "मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, हम 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हम भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास का भी जश्न मनाएंगे।"*

## पहले हमास ने और फिर इजराइल ने किया हमला

**जेरुशलम।** सोमवार को हमास के आतंकियों ने इजराइल की सेना पर हमला कर दिया। हमले इजराइल के 24 सैनिक मारे गए। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सबसे घातक हमले में 21 सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में नेतन्याहू ने कहा, 'युद्ध की शुरुआत के बाद से सोमवार का दिन सबसे कठिन दिनों में से एक था।' मंगलवार को इजराइली सेना ने हमला किया जिसमें हमास के 139 आतंकी मारे जाने की खबर है।

## लेंगपुई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा

# सैनिकों को एयरलिफ्ट करने आया म्यांमार सेना का विमान क्रैश हुआ



एजेंसी ▶▶ लेंगपुई

भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में मंगलवार को लेंगपुई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा हुआ। राजधानी आइजोल के पास स्थित लेंगपुई एयरपोर्ट पर म्यांमार सेना का विमान क्रैश हो गया। लेंगपुई एयरपोर्ट आइजोल के पास स्थित एक घरेलू एयरपोर्ट है। सूत्रों ने बताया है कि सैन्य विमान उन सैनिकों को एयरलिफ्ट करने के लिए म्यांमार से आया था, जो पिछले हफ्ते भारत-म्यांमार सीमा पार कर मिजोरम में दाखिल हुए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, मिजोरम डीजीपी ने कहा, 'म्यांमार सेना के विमान क्रैश होने की वजह से छह लोग घायल हुए हैं। विमान में पायलट समेत 14 लोग सवार थे। घायलों को लेंगपुई अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शुरुआती रिपोर्ट्स में बताया गया है कि म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच लड़ाई चल रही है।

### हथियार लेकर गांव में घुसे थे

मिली जानकारी के मुताबिक, म्यांमार एयरफोर्स के विमान लेंगपुई एयरपोर्ट पर आए और इसमें सवार होकर 184 सैनिक अपने देश के रखाइन प्रांत के सित्वे में चले गए। बचे हुए 92 सैनिकों को मंगलवार को म्यांमार भेजा जा रहा है। म्यांमार के सैनिक 17 जनवरी को हथियारों और गोला-बारूद के साथ दक्षिणी मिजोरम के लांग्टलाई जिले में भारत-म्यांमार-बांग्लादेश ट्राइजंक्शन पर स्थित बांडुकबंगा गांव में घुस गए और असम राइफल्स के पास पहुंचे।

## 29 लड़ाकू विमान, झांकियों में चंद्रयान-3 और भगवान राम की दिखेगी झलक

# गणतंत्र परेड में भारतीय एयरफोर्स के 51 स्वदेशी एयरक्राफ्ट शामिल होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस के फ्लाई-पास्ट में भारतीय एयरफोर्स के 51 एयरक्राफ्ट शामिल होंगे। इनमें 29 फाइटर प्लेन, 7 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, 9 हेलिकॉप्टर और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट शामिल होगा। इन्हें 6 अलग-अलग बेस से ऑपरेट किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान 16 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों और 9 मंत्रालयों और विभागों की 25 झांकियां शामिल होंगी। अनुसंधान केंद्र, निर्वाचन आयोग और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग मंत्रालय की झांकियां नजर आएंगी। इसरो की झांकी में चंद्रयान-3 सबसे प्रमुख हाई लाइट होगी। इस झांकी में चंद्रयान-3



की लॉन्चिंग, चंद्रमा के साउथ पोल पर उसकी सफल लैंडिंग और चंद्रयान-3 के लैंडिंग पॉइंट 'शिव शक्ति पॉइंट' को भी दिखाया जाएगा।

### पिनाका मल्टी-बैरल रॉकेट लॉन्चर्स

पिनाका रॉकेट सिस्टम के नए वर्जन की रेंज बढ़ाई गई है जो 45 किमी की दूरी तक टार्गेट नष्ट कर सकेगा। इस रॉकेट सिस्टम को पुणे की आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट इस्टैबलिश्मेंट और हाई इनर्जी मटैरियल रिसर्च लैबोरेटरी में संयुक्त रूप से बनाया गया है।

### हेलिकॉप्टर रुद्र

एएलएच ध्रुव चॉपर्स का वेपनाइज्ड वर्जन। वेपन सिस्टम में पिनाका और स्वाती रडार भी शामिल होगा। इन्हें भी डीआरडीओ ने विकसित किया है।

### वेपन सिस्टम

टी-90 टैंक, बीएमपी-2 इंफैंट्री कॉम्बैट व्हीकल, ड्रोन जैमर्स, एडवांस्ड सरवत्र ब्रिज, मीडियम रैंज सर्फेस टु एयर मिसाइल लॉन्चर और मल्टी फंक्शन रडार।

### नाग एंटी-टैंक मिसाइल

डीआरडीओ की बनाई हुईमिसाइल दिन और रात दोनों में दुश्मन के मजबूत से मजबूत टैंक को एंगेज कर सकता है।

### झांकी में शामिल होंगे, एयरक्राफ्ट और मिसाइल

प्रचंड चॉपरः हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का बनाया पहला स्वदेशी मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलिकॉप्टर।



# अब ओटीटी प्लेटफार्म पर धमाल मचाएगी सैम बहादुर

**मुंबई।** फिल्म सैम बहादुर अब ओटीटी पर आने के लिए तैयार है। सिनेमाघरों में सैम बहादुर 1 दिसंबर को रिलीज हुई थी। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर ओटीटी पर आएगी। फिल्म को जी पर देख सकेंगे। जी ने फिल्म के एक पोस्टर के साथ लिखा, एक दूरदर्शी लीडर, लीजेंड और एक सच्चा हीरो, सैम आपकी स्क्रीन पर राज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सैम बहादुर का प्रीमियर 26 जनवरी को जी5 पर होगा। सैम बहादुर की कहानी मेघना गुलजार और भवानी अय्यर ने लिखी है। फिल्म में विकी कौशल, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख और मोहम्मद जीशान अय्यूब हैं।

लाइफ Style

# अनन्या

## रैंप वॉक करते हुए ट्रोल हुईं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस अनन्या पांडे अक्सर ही चर्चा में बनी रहती हैं। अनन्या इन दिनों पेरिस में हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस पेरिस फैशन वीक का हिस्सा बनी। इस मेगा फैशन इवेंट से उनका वीडियो सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एक्ट्रेस को उनकी ड्रेस को लेकर ट्रोल किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर अनन्या पांडे की तुलना लोग उर्फी जावेद से करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस ने ब्लैक सीक्वेंस मिनी ड्रेस कैरी की है। इसके साथ ही उन्होंने हाथ में चलनी पकड़ रखी है, जो उनकी ड्रेस से ही जुड़ी हुई है। इसे पकड़े हुए वह रैंप वॉक करती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनका खूब मजाक उड़ा रहे हैं। एक्ट्रेस के वीडियो पर एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि ष्उर्फी जावेद भी इससे अच्छे कपड़े पहनती है। एक यूजर ने लिखा मच्छरदानी पहनकर कहा जा रही हो।

एक ने लिखा कि करवा चौथ का मॉडर्न वर्जन। वहीं अनन्या ने एक बातचीत में खुलासा किया कि जब उनकी तस्वीरें, जो पब्लिक में शेयर करने के लिए नहीं होती हैं वह सोशल मीडिया पर वायरल हो जाती हैं तो इससे उन पर कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कह सकती कि ये मुझे परेशान करता है। एक्टर के रूप में हमने खुद इसके लिए साइन अप किया है। यह होने जा रहा है और लोग इसके लिए उत्सुक होंगे। अनन्या के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह पिछले साल फिल्म ड्रीम गर्ल 2 में नजर आई थीं। इसके बाद वो खो गए हम कहां में नजर आईं।



हॉलीवुड मसाला



# बढ़े वजन का पोस्ट वायरल...

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकन सिंगर सेलेना गोमेज अपने गानों की वजह से चर्चा में रहती हैं लेकिन उनकी पर्सनल लाइफ भी खूब हाइलाइट रहती है। फिर चाहे वो नए बॉयफ्रेंड को पब्लिकली लिप किस करना हो या फिर अब अपने बढ़े वजन को पॉजिटिव तरीके से हैंडल करना हो। सेलेना ने हाल ही में सोशल मीडिया का सहारा लेकर अपने बढ़े वजन को लेकर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने जितनी खूबसूरती से अपनी बॉडी में आए बदलाव को एक्सेप्ट किया है, उसकी फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं।



# टॉप पर टेलर, दर्ज हुए 69 रिकॉर्ड...

**लॉस एंजेलिस।** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक लिस्ट जारी की है। इस सूची में गिनीज बुक ने हॉलीवुड की महिला गायकों के रिकॉर्ड की जानकारी साझा की है। बता दें कि इस लिस्ट में टेलर स्विफ्ट शीर्ष पर हैं। टेलर के नाम कुल 69 रिकॉर्ड दर्ज हैं। दूसरे नंबर पर एडेल हैं। उनके नाम कुल 44 रिकॉर्ड दर्ज हैं। इस लिस्ट में कोलंबियाई गायिका शकीरा तीसरे नंबर पर हैं। शकीरा के नाम 21 गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। बेयॉन्से 20 रिकॉर्ड के साथ चौथे स्थान पर हैं। मैडोना इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर हैं। मैडोना के नाम 16 रिकॉर्ड हैं। पोस्ट को कैप्शन देते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने लिखा, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताबों के प्रभावशाली संग्रह के साथ संगीत की रानियों का अनावरण!




# 14 जून को रिलीज होगी इमरजेंसी

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनौत इन दिनों अपनी अपकिंग फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म में कंगना रनौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। ये फिल्म भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे विवादास्पद घटना इमरजेंसी पर बेस्ड है, जो इंदिरा गांधी के इर्दगिर्द घूमती नजर आएगी। वहीं अब कंगना ने फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म इमरजेंसी की रिलीज की घोषणा कर दी है। इसी पोस्ट में अखबार के पन्नों पर जहां इमरजेंसी की खबरें दिख रही हैं। पोस्टर शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा कि भारत के अंधेरे काल के पीछे की कहानी खुलने जा रही है। इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होने जा रही है। कंगना ने आगे लिखा कि इमरजेंसी मेरा सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है।



# सैफ हुए अस्पताल से डिस्चार्ज...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को लेकर बीते दिन हैरान कर देने वाली खबर सामने आई थी। उन्हें अपनी लेटेस्ट फिल्म की शूटिंग के दौरान चोट लग गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक पुरानी चोट की ट्राइसेप सर्जरी के लिए एक्टर को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि अब एक्टर को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। एक्टर ने अब खुद मीडिया से बात करते हुए अपनी हेल्थ अपडेट के बारे में बताया। एक्टर ने कहा कि फिल्म देवारा के लिए एक एक्शन सीक्वेंस शूट करते हुए मैं बुरी तरह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दौरान तो मुझे ज्यादा पता नहीं चला। मुझे लगा सब ठीक है काम हो जाएगा। एक बार मैं वर्कआउट कर रहा था तो दर्द बढ़ गया। इसके बाद दर्द बढ़ता ही चला गया।

# थ्रिलर शो शैतानी रस्में में शेफाली ने खुद किए खतरनाक स्टंट...

**मुंबई।** हाल ही में लॉन्च हुए वेडिंग फैंटेसी थ्रिलर शो शैतानी रस्में में कपालिका के किरदार के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री शेफाली जरीवाला, हर दिन अपने बेहतरीन प्रदर्शन से



दर्शकों का दिल जीतने में कोई कमी नहीं छोड़ रही हैं। एक ओर जहां किसी सीन को और बेहतरीन बनाने के लिए इसमें बॉडी डबल और स्टंट कलाकारों की मदद ली जाती है वहीं शेफाली जरीवाला ने इस शो में अपने स्टंट खुद किए हैं। शेफाली ने शैतानी रस्में शो में अपने किरदार और इस शो से जुड़ी कई बातों को उजागर करते हुए शूटिंग के अनुभवों को साझा किया। शेफाली ने कहा, इस शो के सेट पर हर दिन मुझे बहुत रोमांचक महसूस होता है। यह हमारे लिए एक सामान्य शूटिंग नहीं होती है। इस दौरान मैं कई अनोखे स्टंट करने में व्यस्त होती हूं, जहां कभी मैं पेड़ पर चढ़ती हूं तो कभी किसी दीवार पर और यह मेरे लिए बहुत मजेदार अनुभव होता है। मैं अपने स्टंट खुद करना पसंद करती हूं क्योंकि यह मेरे जज़्बे को बढ़ाने में मेरी मदद करता है और यह भरोसा देता है कि मैंने उस सीन को सही तरीके से निभाया है। ऐसा करने से मुझे किरदार की परतों को खोलने और इसे सीखने में और मदद मिलती है।

# 'रब से है दुआ' को अलविदा कहेंगी

**मुंबई।** अदिति शर्मा आज टीवी की दुनिया में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। अदिति शर्मा बीते काफी समय से टीवी के पॉपुलर शो रब से है दुआ में नजर आ रही थीं लेकिन अब वह जल्द ही इस शो को अलविदा कहने जा रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में शो छोड़ने के बारे में खुलकर बात की है। अदिति ने बताया कि अब वह जल्द ही सीरियल रब से है दुआ को अलविदा कहने वाली हैं।एक्ट्रेस ने



बताया कि सीरियल में एक लंबा लीप आने वाला है, जिसके बाद वह शो का हिस्सा नहीं रहेंगी। अदिति के मुताबिक मेकर्स ने उन्हें शो में डबल रोल निभाने का ऑफर किया था लेकिन उन्होंने उस ऑफर को ठुकरा दिया। अदिति कहती हैं, मुझे लगा हफ्ते के सात दिन काम करना बहुत मुश्किल होगा। बिना किसी ब्रेक के सात दिन शूट करना मेरे लिए मुमकिन नहीं था। उसके साथ ही मेकर्स के दिमाग में शो को लेकर अलग तरह के प्लान हैं। इन सब वजहों को ध्यान में रखते हुए मैंने शो छोड़ने का फैसला किया।

# फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का नया पोस्टर आउट ...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्म बड़े मियां छोटे मियां के नए पोस्टर में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ एक्शन से भरपूर बैकग्राउंड के बीच मशीन गन से फायर करते हुए दिख रहे हैं। पोस्टर में टाइगर और अक्षय अपनी मसल्स दिखा रहे हैं और एक सिक्के के दो पहलू की तरह खड़े हैं और गोलियां चला रहे हैं। बैकग्राउंड में मिसाइलें और हेलीकॉप्टर देखे जा सकते हैं। अक्षय ने पोस्टर को कैप्शन दिया, जब



दुनिया को बचाने की बात आती है, तेरे पीछे तेरा यार खड़ा है। टाइगर ने वही पोस्टर और कैप्शन साझा किया। फिल्म का टीजर 24 जनवरी को सुबह 10 बजे रिलीज होगा। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है और यह अप्रैल में ईद पर रिलीज होगी। बता देंए अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग भारत के अलावा स्कॉटलैंड, लंदन और यूएई में हुई है।

## डीपफेक का शिकार हुईं कैट वीडियो वायरल, दिखीं तुर्की बोलते



*मुंबई। एक्ट्रेस कैटरीना कैफ का डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में वो एकदम सहजता के साथ तुर्की भाषा बोलती दिख रही हैं। दरअसल यह वीडियो साल 2014 का है। जब कैटरीना और ऋतिक रोशन की फिल्म बैंग बैंग रिलीज हुई थी। यह वीडियो इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान का है। एक्टर के फैन ने इस 10 साल पुराने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, अगर आप तुर्की भाषा बोलते तो ऐसा होता।*

## सामने आया सुष्मिता की आर्या का ट्रेलर, शेरनी बनी नजर आईं अभिनेत्री



**मुंबई।** सुष्मिता सेन की चर्चित वेब सीरीज आर्या का अंतिम सीजन रिलीज के लिए तैयार है। आर्या 3 अंतिम वार का ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें सुष्मिता सेन शेरनी जैसे तेवर दिखाती नजर आई हैं। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर फरवरी में रिलीज होगी। तीसरा सीजन काफी धमाकेदार होने वाला है। इसमें दर्शकों को भरपूर एक्शन देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में आर्या कहती नजर आती है। मेरी कहानी का हर पन्ना खून से लिखा था, पर सोचा नहीं था कि उसका अंत मेरे ही खून से होगा।

## रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया का टीजर रिलीज, वकील के किरदार में आएंगी नजर ...



*मुंबई। कोड एम में मेजर की भूमिका निभाने के बाद प्रतिभाशाली अभिनेत्री जेनिफर विंगेट एक वकील की भूमिका में नजर आएंगी। एक वकील जो अपनी पहचान बनाने के लिए अपने ही पिता के खिलाफ जाएगी। वह अपनी शर्तों पर केस लड़ती नजर आएंगी। कोर्ट ड्रामा रायसिंघानिया वर्सेस रायसिंघानिया, सोनी लिव पर टेलीकास्ट होने वाला है। अब इस वेबसीरीज का टीजर रिलीज हुआ है। सीरीज में जेनिफर को केस का नेतृत्व करने का मौका नहीं मिलता है।*

# महिला आईपीएल शेड्यूल जारी : पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस व दिल्ली कैपिटल के बीच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग के दूसरे संस्करण के लिए पूरे शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। पहला मैच पिछले सीजन की चैंपियन रही मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच 23 फरवरी को बेंगलुरु केएम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। साल 2024 के संस्करण में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 17 मार्च को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। 24 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में एक भी डबल हेडर नहीं है। हर दिन 1 ही मैच होगा। इस सीजन टूर्नामेंट के सभी मुकाबले शाम 7:30 बजे शुरू होंगे। गौरतलब है कि पिछले साल महिला आईपीएल में मेग लैनिंग ने सबसे ज्यादा 345 रन बनाए थे। हेले मैथ्यूज ने 10 मैच में 16 विकेट लिए थे।

### फरवरी माह में कहां-कहां होंगे मैच

23 फरवरी- मुंबई बनाम दिल्ली
24 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम यूपी वॉरियर्स
25 फरवरी- गुजरात जायंट्स बनाम मुंबई,
26 फरवरी- यूपी वॉरियर्स बनाम दिल्ली
27 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम गुजरात जायंट्स
28 फरवरी- मुंबई बनाम यूपी वॉरियर्स
29 फरवरी- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम दिल्ली



### मार्च माह में होने वाले मैचों का शेड्यूल

*शेड्यूल के अनुसार 1 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम गुजरात जायंट्स, 2 मार्च- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर बनाम मुंबई, 3 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम दिल्ली, 4 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 5 मार्च- दिल्ली बनाम मुंबई, 6 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 7 मार्च- यूपी वॉरियर्स बनाम मुंबई, 8 मार्च- दिल्ली बनाम यूपी वॉरियर्स, 9 मार्च- मुंबई बनाम गुजरात जायंट्स, 10 मार्च- दिल्ली बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर , 11 मार्च- गुजरात जायंट्स बनाम यूपी वॉरियर्स, 12 मार्च- मुंबई इंडियंस बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, 13 मार्च- दिल्ली बनाम गुजरात जायंट्स, 15 मार्च- एलिमिनेटर, 17 मार्च- फाइनल दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में।*

### इस फॉर्मेट में खेला जाएगा टूर्नामेंट

टूर्नामेंट के शुरुआती 11 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। इसके बाद सभी टीमें दिल्ली जाएंगी, जहां और सभी मैच खेले जाएंगे। ग्रुप स्टेज में 20 मुकाबले खेले जाएंगे। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल में खेलेगी। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा।

## क्रिकेट : इंडिया व इंग्लैंड के बीच कल से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज

# टीम इंडिया का 11 साल से जलवा बरकरार 46 मुकाबलों में 36 जीत, सात मैच रहे ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच कल 25 जनवरी से टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इंग्लैंड जीत के इरादे से एक मजबूत टीम लेकर भारत आई है जिसके कप्तान बेन स्टोक्स हैं।

अपने घर में टीम इंडिया का एक ऐसा धांसू रिकॉर्ड है, जिसे देखकर इंग्लैंड के होश उड़ जाएंगे। पिछले 11 साल के आंकड़े बताते हैं कि भारत को घर में हराना विरोधी टीमों के लिए एक सपने की तरह है, क्योंकि भारतीय पिचों पर टीम इंडिया के खिलाड़ियों का कोई तोड़ नहीं है। 2012 के बाद जो भी टीम भारत दौरे पर आई है, उसे टीम इंडिया ने बुरी तरह से हराया है।

### पिछले 11 सालों में 16 टेस्ट सीरीज जीती

भारत ने अपने घर में आखिरी टेस्ट सीरीज दिसंबर 2012 में इंग्लैंड के खिलाफ हारी थी। इसके बाद से उसने 16 टेस्ट सीरीज खेलीं। सभी में जीत हासिल की। इस दौरान टीम इंडिया ने 46 टेस्ट खेले, जिनमें से सिर्फ 3 गंवाए, 36 जीते, जबकि 7 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे हैं। खास बात ये है कि अपने घर में लगातार सबसे ज्यादा टेस्ट सीरीज जीतने के मामले में टीम इंडिया टॉप पर काबिज है। भारत के अलावा कोई भी टीम अपने घर पर लगातार 10 से ज्यादा टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है।



### पहले 2 टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल , केएस भरत (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), आवेश खान।

### इंग्लैंड की टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, शोएब बशीर, डेन लॉरेंस, जैक क्रॉली, बेन डकेट, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिन्सन, जो रूट और मार्क वुड।

### टेस्ट में भारत-इंग्लैंड के हेड टू हेड आंकड़े

*अगर भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट इतिहास की बात करें तो अभी तक 131 टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस दौरान इंग्लैंड को 50 मैचों में जीत मिली है, जबकि भारत ने 31 मैचों में इंग्लैंड को हराया है। 50 टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। भारतीय सरजमीं पर यह दोनों टीमें 64 बार आमने-सामने हुई हैं, जिनमें से टीम इंडिया ने 22 जबकि इंग्लैंड ने 14 मैच जीते हैं, 28 मुकाबले ड्रा रहे।*

शीर्ष बल्लेबाज

### टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

पहला टेस्ट- 25-29 जनवरी, हैदराबाद
दूसरा टेस्ट- 2-6 फरवरी, विशाखापट्टनम
तीसरा टेस्ट- 15-19 फरवरी, राजकोट
चौथा टेस्ट- 23-27 फरवरी, रांची
5वां टेस्ट- 7-11 मार्च, धर्मशाला

## रोहित शर्मा चुने गए कप्तान

# 'वनडे टीम ऑफ द ईयर' में छह भारतीय शामिल

एजेंसी ▶▶ दुबई

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की 'वनडे टीम ऑफ द ईयर' चुनी है। दिलचस्प रूप से इस टीम में सर्वाधिक 6 भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली भी शामिल हैं। इस टीम का कप्तान रोहित को ही बनाया गया है। बता दें कि रोहित के नेतृत्व में बीते साल में भारत ने वनडे विश्व कप 2023 में कमाल किया था और टीम उपविजेता रही थी।



## शुभमन बने साल के 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर'

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने शुभमन गिल को 2022-23 के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर' चुना है। इसके लिए उन्हें 'पॉली उमरीगर' सम्मान दिया गया है। बता दें कि गिल साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने 48 मैच की 52 पारियों में 46.82 की औसत से 2,154 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 7 शतक और 10 अर्धशतक निकले थे।



### ऐसी है आईसीसी वनडे टीम

आईसीसी ने भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को बीते साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में चुना है। विशेष रूप से इस टीम में चयनित हुए ज्यादातर खिलाड़ी वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में खेलते हुए नजर आए थे। वनडे टीम ऑफ द ईयरः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ट्रेविस हेड, विराट कोहली, डेरिल मिचेल, हेनरिक क्लासेन, मार्को येन्सन, एडम जैम्पा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी।


## कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-रायसेन (म.प्र.)

कलेक्ट्रेट कम्पोजिट भवन, सांची रोड़ रायसेन राजसात वाहन के निवर्तन आमंत्रण सूचना

**//विज्ञप्ति//**

रायसेन दिनांक 18.01.24

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि रायसेन जिले में मदिरा के अवैध परिवहन में जप्तशुदा राजसात किये गये वाहनों के निवर्तन के लिये दिनांक 24.01.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक सीलबंद टेण्डर सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय जिला रायसेन में आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्ते एवं निविदा फार्म तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निर्धारित दिनांक 24.01.2024 दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला-रायसेन से प्राप्त की जा सकती है।

टेण्डर दिनांक 24.01.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला-रायसेन में जमा किये जा सकते है, जो उसी दिन दोपहर 3:00 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा उनके वैध प्रतिनिधि के समक्ष खोले जावेगे। विलम्ब से प्राप्त टेण्डर स्वीकार नहीं किये जावेगें। वाहनों का प्रकार एवं उनका ऑफसेट प्राईज निम्नानुसार हैं :-

| क्र. | वाहन | वहन का प्रकार/रजि. क्रमांक | आफसेट प्राईज | 30 प्रतिशत धरोहर राशि | स्थान जहाँ वाहन उपलब्ध है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 84/अन्य विविध/कले/2022 | टाटा सफारी वाहन क्रमांक MP-38CA-0430 | 150000/- | 45000/- | थाना औबेदुल्लागंज |
| 2. | 111/अन्य विविध/अपर. कले/2022 | कावासाकी मोटर साईकिल डिस्कवर क्रमांक MP-40 B-8249 | 3000/- | 900/- | आबकारी वृत रायसेन |
| 3. | 110/अन्य विविध/अपर. कले/2022 | तीन पहिया आटो क्रमांक MP-40 R-0973 | 30000/- | 9000/- | आबकारी वृत रायसेन |
| 4. | 69/अन्य विविध/अपर. कले/2022 | वाहन मारूति वेन क्रमांक MP-04 CB-0934 | 35000/- | 10500/- | चौकी चिकलोद थाना औबेदुल्लागंज |
| 5. | 003/अन्य विविध/अपर. कले/2023 | रिनोल्ट ट्रीवर कार क्रमांक MP-04 CZ-9374 | 300000/- | 90000/- | आबकारी वृत रायसेन |
| 6. | 129/अन्य विविध/अपर. कले/2023 | टी.व्ही.एस सुजूकी क्रमांक MP-38 -2377 | 3000/- | 900/- | आबकारी वृत रायसेन |
| 7. | 0012/अन्य विविध/अपर. कले/2023 | वाहन मारूती 800 क्रमांक MP-04 HA-5992 | 40000/- | 12000/- | आबकारी वृत रायसेन |
| 8. | 0013/अन्य विविध/अपर. कले/2023 | वाहन सुजुकी मैस 100 क्रमांक MP-20-KB-836 | 2500/- | 750/- | आबकारी वृत रायसेन |
| 9. | 0010/अन्य विविध/अपर. कले/2023 | मो.सा.कावासाकी क्रमांक MP-04 NG-4208 | 2500/- | 750/- | आबकारी वृत रायसेन |
| 10. | 717/29.09.2021 | अल्टो कार क्रमांक MP-04 HA-9227 | 20000/- | 6000/- | थाना रायसेन |
| 11. | 762/22.10.2021 | मोटर साईकिल डिस्कवर क्रमांक MP-40 MB-6555 | 8000/- | 2400/- | थाना रायसेन |
| 12. | 448/29.11.2021 | TVS Apache मोटर साईकिल डिस्कवर क्रमांक MP-40 Mj-4018 | 9000/- | 2700/- | थाना रायसेन |
| 13. | 28.12.2016 | महिन्द्रा बोलेरो 8 STR BS III/white क्रमांक MP-15 CA-6592 | 270000/- | 81000/- | थाना सुल्तानगंज |

1. प्रत्येक टेण्डरदाता को नियमानुसार शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा।
2. वाहन जिस हालत में खड़ा है, उसी हालत में सौपा जावेगा।
3. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् निविदा मान्य नहीं होगी। प्रत्येक वाहन के लिये निविदा फार्म रुपए 500/- प्रोसेसिंग शुल्क सहायक आयुक्त आबकारी जिला रायसेन में शीर्ष 0039-800-0761 अन्य प्राप्तिया में ऑनलाइन सायवर ट्रैजरी के माध्यम से जमा पश्चात् प्राप्त किये जा सकते है।
4. निविदादाता को निविदा के साथ धरोहर राशि ऑफसेट प्राईज के 30 प्रतिशत के बराबर की राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की स्थानीय शाखा का बैंक ड्राफ्ट सहायक आयुक्त आबकारी, जिला रायसेन के नाम से पृथक-पृथक से लिफाफे में रखकर प्रस्तुत करना होगा। बैंक ड्राफ्ट के अभाव में प्रस्तुत किये जाने वाली निविदा मान्य नहीं होगी।
5. निविदा दिनांक 24.01.2024 को कार्यालयीन समय 2:00 बजे तक जमा किये जावेगें, उसी दिन दोपहर 3:00 बजे से टेण्डर खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी एवं निविदाकारों की अनुपस्थिति निविदा खोलने की प्रकिया में बाधक नहीं होगी।
6. सीलबंद लिफाफे के ऊपर वाहन क्रय संबंधी निविदा एवं वाहन का क्रमांक अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
7. असफल निविदाकारों की धरोहर राशि वापस कर दी जावेगी।
8. सफल निविदाकारों की धरोहर राशि का समायोजन स्वीकृत टेण्डर राशि के विरूद्ध किया जावेगा।
9. निविदाकारों को उनकी निविदा स्वीकृत होने के 07 दिवस के भीतर स्वीकृति अनुसार समस्त राशि का भुगतान आबकारी विभाग के पक्ष में करना होगा। यह कलेक्टर रायसेन के स्वविवेक पर निर्भर रहेगा कि वह राशि जमा कराये जाने की समयावधि बढ़ाये अथवा नहीं। इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। समयावधि में राशि जमा नहीं करने की स्थिति में निविदाकार की धरोहर राशि राजसात की जावेगी।
10. निविदा के किसी भी बिन्दु पर अंतिम निर्णय लेने का अधिकार कलेक्टर रायसेन को होगा।
11. उपरोक्त वाहनों के रजिस्ट्रेशन संबंधी कोई कागजात उपलब्ध नहीं है और ना ही कागजात उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी विभाग की होगी।
12. वाहन पर किसी संस्थान/बैंक/निजी / व्यक्ति के फायनेस बावत् कोई जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी।
13. सफल निविदादाता द्वारा वाहन के नामान्तरण/ टैक्स जमा करना आदि समस्त कार्यवाही व्यय टेण्डरदाता को स्वयं ही वहन करना होगी। वाहन का नामान्तरण करवाने की कोई जिम्मेदारी विभाग की नहीं होगी।
14. निविदा से संबंधित शर्त एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निर्धारित दिनांक 18.01.2024 को दोपहर 1:00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला रायसेन से प्राप्त की जा सकती है।
15. निविदाकार उल्लेखित वाहनों का अवलोकन कार्यालयीन समय में ऊपर दशार्ये स्थानों पर कर सकेंगें।
16. उपरोक्त प्रक्रिया के दिनांक समय एवं स्थगन संबधी आदेश बिना पूर्व सूचना के कलेक्टर रायसेन द्वारा जारी किये जा सकेगे। जिसमें किसी भी तरह का वाद/परिवाद टेण्डरदाता द्वारा दायर नहीं किया जा सकेगा।

(कलेक्टर) महोदय द्वारा अनुमोदित

(वंदना पाण्डेय)
सहायक आयुक्त आबकारी
जिला रायसेन (म.प्र.)

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

जी-23311/23


# सात्विक-चिराग पहुंचे नंबर-1 रैंकिंग पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरूष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए।

एशियाई खेलों की चैम्पियन यह जोड़ी मलेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैम्पियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए ने हराया। अन्य भारतीयों में एच एस प्रणय आठवें नंबर पर पहुंच गए जबकि लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमशः 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर बने हुए हैं।



# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : कोस्तयुक को हराकर कोको गॉफ सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मंगलवार को यहां मार्ता कोस्तयुक को तीन सेट चले कड़े मुकाबले में 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीय कोको गॉफ ने पहले सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए दो सेट प्वाइंट बचाए और फिर सेट जीत लिया। उन्होंने दूसरे सेट गंवाया लेकिन फिर तीसरा और निर्णायक सेट जीतकर तीन घंटे और आठ मिनट में जीत दर्ज की।



### कोको ने मुकाबले में कीं 51 गलतियां

*कोको गॉफ ने मुकाबले के दौरान 51 सहज गलतियां की जिसमें नौ डबल फॉल्ट भी शामिल हैं। वह सिर्फ 17 विनर ही लगा पाईं। सेमीफाइनल में कोको गॉफ भी भिड़ंत गत चैंपियन एरिना सबालेंका और नौवीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतने वाली कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 12 मैच जीत चुकी हैं।*

## ऑस्ट्रेलिया के 5 और भारत के 2 खिलाड़ियों को टीम में मिली जगह


# 'टेस्ट टीम ऑफ द ईयर' के पैट कमिंस चुने गए कप्तान

एजेंसी ▶▶ दुबई

**दुबई।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने 2023 की 'टेस्ट टीम ऑफ द ईयर' चुनी है। इस टीम में ऑस्ट्रेलिया के 5 खिलाड़ियों को जगह मिली है, जिसमें पैट कमिंस को टीम का कप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम के 2 खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन इस टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके स्टुअर्ट ब्रॉड को भी टीम में मौका दिया गया है।

### ऐसी है पूरी टीम

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था। टीम के कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन साल 2023 में कमाल का रहा था। आईसीसी की टीम में कंगारू टीम का प्रभुत्व साफ नजर आ रहा है। टेस्ट टीम ऑफ द ईयरः उस्मान ख्वाजा (ऑस्ट्रेलिया)



दिमुथ करुणारत्ने (श्रीलंका), केन विलियमसन (श्रीलंका), जो रूट (इंग्लैंड), ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), रविंद्र जडेजा (भारत), एलेक्स कैरी (विकेटकीपर, ऑस्ट्रेलिया), पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया, कप्तान), रविचंद्रन अश्विन (भारत), मिचेल स्टार्क (ऑस्ट्रेलिया) और स्टुअर्ट ब्रॉड (इंग्लैंड)।

### शीर्षक्रम में इन खिलाड़ियों का हुआ चयन

ऑस्ट्रेलिया के ख्वाजा ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए 13 टेस्ट मैच खेले थे। इसकी 24 पारियों में उन्होंने 1,210 रन बनाए थे। वह पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। करुणारत्ने ने पिछले साल 6 टेस्ट मैच खेले थे और इसकी 10 पारियों में 608 रन बनाए थे। विलियमसन ने साल 2023 में 7 टेस्ट मैच खेले थे और 695 रन बनाए थे।

### इन बल्लेबाजों को भी मिला मौका

रूट ने बीते साल इंग्लैंड के लिए 8 टेस्ट मैच खेले थे। इसकी 14 पारियों में उन्होंने 787 रन बनाए थे। हेड ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलिया के लिए 12 टेस्ट खेले और इसकी 23 पारियों में 919 रन बनाए। विकेटकीपर कैरी ने पिछले साल 13 मैच में 461 रन बनाए थे। ऑलराउंडर जडेजा ने साल 2023 में 7 टेस्ट खेले थे और 281 रन बनाए थे।

### इन गेंदबाजों को मिला मौका

कमिंस ने पिछले साल 11 टेस्ट खेले थे और 42 विकेट लिए थे। अश्विन ने पिछले साल 7 टेस्ट की 13 पारियों में 41 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाज स्टार्क ने 9 टेस्ट खेले थे और 38 विकेट लेने में कामयाब रहे थे। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके ब्रॉड ने साल 2023 में 8 मुकाबले खेले थे और 38 विकेट लिए थे।






## भोपाल आए मशहूर कव्वाल व गायक अल्ताफ राजा ने बताए अपने अनुभव

# कोई व्यक्ति जब हिट होता है, तभी लोग उसे कलाकार की नजर से देखते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत में कितने ही कलाकार हैं, जो किसी न किसी मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं, पर वे गुमनाम हैं। कोई भी व्यक्ति जब हिट होता है, तभी उसे लोग एक कलाकार की नजर से देखते हैं। मीडिया भी एक आर्टिस्ट की कला को उसकी प्रसिद्धि के पैमाने पर ही तौलती है, लेकिन प्रसिद्धि के आधार पर किसी के कौशल को नहीं मापा जा सकता है, क्योंकि हर किसी का समय होता है। यह कहना है अल्ताफ राजा का, तुम तो ठहरे परदेसी... से 90 के दशक में अल्ताफ ने कव्वाली को एक बार फिर संगीत जगत में जीवंत किया था। मंगलवार को वे टीटी नगर दशहरा मैदान में चल रहे भोपाल उत्सव मेले में प्रस्तुति देने पहुंचे थे। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अंशों को साझा किया।







### रचनात्मकता एक कलाकार को जीवित रखती है

उन्होंने कहा लोग पूछते हैं क्या नया कर रहे हो, मेरे विचार में हर गीत नया है। उसका संगीत नया है, बोल अलग हैं तो क्या वो नया नहीं हुआ। हर गाने के अंदर मेरी तलाश होती है कि ऐसे शब्द चुनूं और उन्हें ऐसा बुनूं कि वो विचार कभी लोगों के दिमाग तक नहीं पहुंचा हो। 'वो बर्फ पे चलते, हम आग पे चलते ऐसे गीत पहले नहीं सुनाई देते थे। यही रचनात्मकता एक कलाकार को जीवित रखती है

**मिली है संगीत की विरासत:** मेरे पिताजी कव्वाल थे। मेरे लिए बोनस और गिफ्ट मिला। मुझे अपने पैरेंट्स की गाइडेंस मिलती रही। जो बिना किसी बैकग्राउंड के आते हैं उनके लिए स्पेशल रिस्पेक्ट होती है।

### मेरे गाए 90 के दशक के गाने आज भी मेरी पहचान

उन्होंने कहा मेरे गाने 90 के दशक में लोगों की जुबान पर हुआ करते थे, वहीं आज भी मेरी पहचान है। क्योंकि कला हर दौर में कलाकार को जिंदा रखती है।

### इंस्टाग्राम पर नुसरत मेंहदी की कव्वालियों पर रील्स बन रही हैं

कव्वाली का दौर आज भी चल रहा है। इंस्टाग्राम पर नुसरत मेहदी की कव्वालियों पर रील्स बन रही हैं, लोग उनके अर्थ को आज भी समझ रहे हैं। कई कव्वालियों को रीक्रिएट किया जा रहा है। कई कलाकार अपनी नई रचनाएं भी प्रस्तुत कर रहे हैं।

## भोपाल आए एक्टर और मिस्टर इंडिया परमवीर सिंह चीमा ने बताया

# बाबा जी ने कहा- मिस्टर पंजाब नहीं बना तो क्या, तू मिस्टर इंडिया बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब मिस्टर पंजाब नहीं बन पाया तब गुरुद्वारा गया तब संत जी ने मुझे आशीर्वाद दिया कि मिस्टर पंजाब नहीं तो क्या मिस्टर इंडिया बनेगा। उसके कुछ ही महीना बाद फाइनली में मिस्टर इंडिया बना तो मुझे लगता है कि मेरे जीवन में लक और बाबा जी के आशीर्वाद का बहुत बड़ा योगदान है। यह कहना है एक्टर परमवीर सिंह चीमा का जो अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए भोपाल आए और हरिभूमि से अपने अनुभवों को साझा किया।




### टीवी पर आपकी सोशल लाइफ खत्म हो जाती है

मुझे सबसे पहले जी टीवी के शो 'कलीरे' में काम करने का मौका मिला, लेकिन मुझे टीवी पर काम करने में कोई भी दिलचस्पी नहीं थी, क्योंकि टीवी पर आपकी सोशल लाइफ खत्म हो जाती है। सुबह से देर रात शूट करने में आप किसी को भी वक्त नहीं दे पाते। फिर मैंने कास्टिंग ज्वाइन कर ली। करीब डेढ़ साल तक मैंने कास्टिंग डायरेक्टर कवीश सिन्हा के साथ काम किया। इस दौरान मैंने 'रॉकेट बॉयज', 'सत्यमेव जयते 2', 'मुंबई डायरीज' आदिकास्टिंग की।

### पहचान से ऐसे ही रोल मिलेंगे, जिससे दर्शक आप को नहीं पहचानेंगे

उन्होंने कहा कि मुझे तो ऐसा नहीं लगता कि कास्टिंग डायरेक्टर बनने के बाद एक्टर बनने की राह आसान हो जाती है। यह अलग बात की है कि कास्टिंग के दौरान आपकी पहचान निर्माता-निर्देशकों से हो जाती है, लेकिन पहचान से सिर्फ आपको ऐसे ही रोल मिलेंगे, जिससे दर्शक आप को नहीं पहचानेंगे। अच्छे किरदार के लिए आपको भी कास्टिंग प्रक्रिया से गुजरना ही पड़ता है।

### कास्टिंग के दौरान सीखी अभिनय की बारीकियां

कास्टिंग डायरेक्टर से एक्टर बने अभिनेता परमवीर सिंह चीमा का मानना है कि कास्टिंग के दौरान मैंने अभिनय की बारीकियां सीखी। इसलिए मैंने कास्टिंग एजेंसी ज्वाइन की और डेढ़ साल तक 12 घंटे काम किया, फिर परमवीर सिंह चीमा को पहली बार वेब सीरीज 'चमक' में लीड भूमिका निभाने का मौका मिला है।

## भगवान श्रीराम ने वन यात्रा में की निषादराज से भेंट

# श्रीलीला समारोह के समापन दिवस पर निषादराज लीला-नाट्य का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीराम मंदिर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा श्रीलीला समारोह के तीसरे और समापन दिवस पर रविशंकर जोशी, इंदौर के निर्देशन में निषादराज गुह्य लीला-नाट्य प्रस्तुति दी गई।

लीला-नाट्य निषादराज गुह्य में बताया गया कि भगवान श्रीराम ने वन यात्रा में निषादराज से भेंट की। भगवान श्रीराम से निषाद अपने राज्य जाने के लिए कहते हैं, लेकिन भगवान श्रीराम वनवास में 14 वर्ष बिताने की बात कहकर राज्य जाने से मना कर देते हैं।



### श्रीराम केवट से गंगा पार पहुंचाने का आग्रह करते हैं

*आगे के दृश्य में दिखाया कि गंगा तट पर भगवान श्रीराम केवट से गंगा पार पहुंचाने का आग्रह करते हैं, लेकिन केवट बिना पांव पखारे उन्हें नाव पर बैठाने से इंकार कर देता है। केवट की प्रेम वाणी सुन, आज्ञा पाकर गंगाजल से केवट पांव पखारते हैं। नदी पार उतारने पर केवट श्रीराम से उतराई लेने से इंकार कर देते हैं। कहते हैं कि हे प्रभु हम एक जात के हैं मैं गंगा पार कराता हूं और आप भवसागर से पार कराते हैं इसलिए उतरवाई नहीं लूंगा। लीला के अगले दृश्यों में भगवान श्रीराम चित्रकूट होते हुए पंचवटी पहुंचते हैं। सूत्रधार के माध्यम से कथा आगे बढ़ती है। रावण वध के बाद श्रीराम अयोध्या लौटते हैं और उनका राज्याभिषेक होता है। इस लीला नाट्य के माध्यम से श्रीराम और वनवासियों के परस्पर सम्बन्ध को उजागर किया गया।*

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में कॉर्मल कांवेंट और जवाहर

**भोपाल।** आंचलिक विज्ञान केंद्र एवं केनरा बैंक के सहयोग से 'इंटर स्कूल वार्षिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2023-24' का आयोजन साइंस सेंटर में किया गया। जिसमें छात्रों की तर्कसंगत रूप से विचार करने की क्षमता को विकसित करने के साथ नवाचारों, आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न विकासों पर उनके ज्ञान का आंकलन किया गया। इससे छात्रों की तार्किक सोच को बढ़ावा भी मिला। कार्यक्रम के जूनियर वर्ग में कुल 34 स्कूलों और सीनियर वर्ग में कुल 32 स्कूलों ने भाग

## सिंगर इशिता विश्वकर्मा से हरिभूमि की खास बातचीत

# पिछले साल मेरे कॅरियर को जैसे उड़ान मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




पिछला साल मेरे कॅरियर को जैसे उड़ान मिली, क्योंकि मुझे बॉलीवुड के जाने-माने सिंगर अरिजीत सिंह के साथ गाने का मौका मिला। मन जोगिया गीत को यूट्यूब पर करोड़ों व्यूज मिले। यह कहना था, जबलपुर की रहने वाले इशिता विश्वकर्मा का जो इन दिनों बॉलीवुड में अपनी आवाज दे रही हैं।

### रिएलिटी शो से मुझे मुंबई तक पहुंचने का अवसर मिला

इंडियाज गॉट टैलेंट में फर्स्ट रनर-अप रहीं ईशिता कहती हैं, मैंने जबलपुर में रहते हुए ही संगीत सीखा। माता-पिता को सुनते हुए बड़ी हुई तो संगीत ही मेरा कॅरियर बनना तय था। सिंगिंग रिएलिटी शो से मुझे मुंबई तक पहुंचने का अवसर मिला। मुझे लगता है मुंबई कलाकारों के लिए अवसरों का समंदर है और मप्र के कलाकारों को एक बार वहां अपनी किस्मत जरूर आजमाना चाहिए।

### सोशल मीडिया में मिली सराहना

उन्होंने कहा कि कौन सोच सकता है कि बॉलीवुड में पहला डेब्यू सॉन्ग अरिजीत सिंह के साथ होगा, लेकिन यह हुआ क्योंकि मैंने मेहनत की और मुंबई में प्रयास किया। सोशल मीडिया से संगीत को बहुत सराहना मिल रही हैं।

### पिता का कोट पहनकर गाया था गाना...

मेरे गीत स्पॉटीफाय, विंक और जियो सावन जैसे बहुत सारे प्लेटफॉर्म पर हैं तो मैं चाहती हूं कि सभी सुने। मैंने हाल में वर्ल्ड टूर भी किया है, जिसमें मुझे दुनिया के कई देशों में गाने का मौका मिला। मेरा आत्मविश्वास और भी बढ़ाया। इशिता ने बताया कि कई बार लोग पूछते हैं कि रिएलिटी शो के दौरान एक खास कोट क्यों पहना था।

# आरजीपीवी के 'इनफिनिटी रेसर्स' अपनी बनी कार के साथ शामिल होंगे फार्मूला 4 कार प्रेजेंटेशन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फॉर्मूर्ला भारत 2024 एक विश्व स्तर की प्रतिस्पर्धा है, जिसमे दुनियाभर से इंजीनियरिंग के छात्र छात्राएं रेसिंग स्टाइल गाड़ियां बनाकर मुकाबला करने -आती हैं और अपनी इंजीनियरिंग स्किल्स का प्रदर्शन करती हैं। इस प्रतियोगिता के लिए राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की टीम 'इनफिनिटी रेसर्स' भी अपनी बनी फॉर्मूला कार के साथ तैयार है। यह मुकाबला कोयंबटूर में होने जा रहा है, जिसमें आरजीपीवी के स्टूडेंट अपने द्वारा बनी कार को प्रजेंट करेंगे।



सेंट्रल इंडिया से भाग लेने वाली दो टीमों से एक 'इनफिनिटी रेसर्स'

### कोयंबटूर में अपने विश्वविद्यालय और शहर का करेंगे नाम रोशन

'इनफिनिटी रेसर्स' की टीम ने अक्टूबर में गोकार्ट मुकाबले में अपना परचम लहराया था और अब वो इस बार होने वाले फॉर्मूर्ला 4 लेवल रेस एवं इंजीनियरिंग इवेंट में अपनी उम्मीदें लगाए बैठे हैं। टीम ने इस बार के इवेंट के लिए एक नई स्तर पर पहुंचने का मन बना रखा है। टीम इंफिनिटी रेसर्स इस इवेंट में सेंट्रल इंडिया से भाग लेने वाली केवल दो टीम में से एक है और कोयंबटूर में अपने विश्वविद्यालय और शहर का नाम रोशन करने पहुंच चुकी है।

## निफ्ट काका स्थापना दिवस मनाया

# भरतनाट्यम, कथक से लेकर ओड़िसी, मणिपुरी नृत्य शैलियों में दिखा भारत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) स्टाइल और ग्रेस के साथ अपने 40वें वर्ष में कदम रख रहा है, और फैशन उद्योग के भविष्य को आकार देने के उल्लेखनीय 39 वर्षों का जश्न मना रहा है। 1986 में स्थापित, निफ्ट रचनात्मकता, नवाचार और कौशल विकास का प्रतीक रहा है, जो भारत के फैशन परिदृश्य के विकास में योगदान दे रहा है। उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, निफ्ट ने प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पोषित करने की भूमिका निभाया है।

## आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी

**भोपाल।** शहर में आधा दर्जन से अधिक स्थानों से चोर दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक हबीबगंज स्थित अरेरा कालोनी से गणेश चाकरे, सी- सेक्टर शक्ति नगर गोविंदपुरा से अभिषेक सिंह, एम्स अस्पताल के सामने बागसेवनिया से प्रदीप राजपूत और सुंदरवन गार्डन लालघाटी कोहेफिजा से गौतम सोनवने की मोटर साइकिल चोरी चली गई।









# स्टूडेंट्स ने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में मनाया पराक्रम दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नेता जी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर एनसीईआरटी के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल में पराक्रम दिवस के रुप में मनाया गया।

व्यावसायिक शिक्षा परिसर के निनाद प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में एनसीईआरटी के पूर्व निदेशकों ने एक विशेषज्ञ संवाद में संस्थान के छात्र-छात्राओं से नेता जी सुभाषचंद्र बोस के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। एक छात्रा द्वारा नवीन शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में दिए प्रश्न के उत्तर में पूर्व निदेशक सेनापति ने कहा कि बेहतरीन कार्ययोजना व नेताजी की तरह दृढ़संकल्प लेकर हम नवीन शैक्षिक पाठ्यचर्या को अपने शिक्षण-अधिगम में का अंग बना सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर जयदीप मंडल व संचालन शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बी.रमेश बाबू ने की।

## राज्य स्तरीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित

### प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ मध्य प्रदेश तैयार

# सात समितियों के माध्यम से प्रदेश में योग को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रांतीय योग प्रशिक्षित शिक्षक अध्यापक संघ मध्य प्रदेश की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी बैठक सरस्वती शिशु मंदिर शिवाजी नगर भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि छत्रवीर सिंह राठौड़ अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर शिवाजी नगर एवं उपाध्यक्ष महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान रहे। प्रांतीय महामंत्री हृषीकेश वशिष्ठ ने संगठन का लक्ष्य एवं वर्तमान स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि आगामी वर्ष में लक्ष्य 5000 आजीवन सदस्य बनाने का है। सात समितियों से हम प्रदेश में योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930